सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:37
अधिकतम तापमान : 14.0
न्यूनतम : 7.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-221 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 20 जनवरी 2024
08 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### पीएम मोदी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स का किया उद्घाटन

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत की दिख रही झलक: मोदी

**मेजबानी**

- पीएम मोदी ने एथलीटों को दी शुभकामनाएं

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में 2029 यूथ ओलिंपिक और 2036 ओलिंपिक खेलों की मेजबानी प्राप्त करने का प्रयास कर रही है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, भारतीय खेलों के लिए यूथ गेम्स वर्ष 2024 की शुरुआत करने का शानदार तरीका है। मैं देश भर से चेन्नई आए सभी एथलीटों और खेल प्रेमियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। वे सभी एकसाथ मिलकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना को प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने खेलों की शुरुआत से पहले पारंपरिक मशाल को प्रज्ज्वलित किया। इस दौरान उनके साथ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी उपस्थित रहे। मोदी ने कहा कि तमिलनाडु की मेजबानी आपका दिल जीत लेगी। खेलो इंडिया गेम्स निश्चित रूप से खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का अवसर प्रदान करेगा



# रामलला की नजर आई पूरी छवि

## 4.5 फीट की प्रतिमा, इस पर विष्णु के 10 अवतार, स्वास्तिक, शंख-चक्र भी मौजूद

**अनावरण**

- माथे पर तिलक और मधुर मुस्कान
- प्राण प्रतिष्ठा पीएम मोदी करेंगे
- 22 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे प्राण-प्रतिष्ठा का है मुहूर्त



**अयोध्या।** 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले राम लला की मूर्ति के चेहरे का अनावरण किया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। राम लला की मूर्ति में ओम, गणेश, चक्र, शंख, गदा, स्वस्तिक और कमला नयन सहित विभिन्न धार्मिक प्रतीक हैं। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में पांच साल के भगवान राम को हाथ में सुनहरा धनुष-बाण लिए खड़े देखा जा सकता है। तस्वीरें उस वर्कशॉप की हैं जहां यह मूर्ति मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई थी। 22 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे प्राण-प्रतिष्ठा के मुहूर्त पर ही मूर्ति की आंखें खोली जाएंगी। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी शरद शर्मा ने कहा कि काले पत्थर से बनी इस प्रतिमा की आंखें पीले कपड़े से ढकी हुई हैं और गुलाब के फूलों की माला से सजी हुई हैं। वीएचपी की ओर से जारी तस्वीर में रामलला खड़ी मुद्रा में हैं। गुरुवार दोपहर को, प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले, भगवान राम की नई मूर्ति को राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में रखा गया। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने रामलला के खुले चेहरे की फोटो शेयर करते हुए लिखा, भगवान श्री राम की खूबसूरत फोटो दिल को खुशी से भर देती है। एक सप्ताह पहले 16 जनवरी को शुरू हुआ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह शुक्रवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया।

### मूर्ति का शुद्धीकरण हुआ

रामजन्मभूमि परिसर में संचालित प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के क्रम में शुक्रवार से अचल विग्रह यानि मूर्ति की देह का शुद्धीकरण कर उनमें मंत्रों से प्राण डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शुभ मुहूर्त में ठीक नौ बजे अरणि मंथन से तीसरे दिन के कर्मकांड शुरू हुए। पूजन के क्रम में नवग्रहों का पूजन, व मंदिर की वास्तु पूजा की गई।

### पांच लेयर्स में होगी पीएम की सिक्योरिटी

प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रधानमंत्री का सुरक्षा घेरा पांच स्तरीय होगा। इसके लिए एटीएस के 550 कमांडो व एसपीजी के 35 जवान यहां डेरा डाल चुके हैं। अलग-अलग स्तर में सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले अन्य जवान भी रामनगरी में चप्पे-चप्पे की छानबीन में जुटे हैं। शुक्रवार को एटीएस के कमांडो ने उदया चौराहा से लेकर नयाघाट रिहर्सल भी किया है। आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम वीवीआईपी का आगमन होगा। इसके लिए सुरक्षा का मजबूत खाका तैयार किया गया है। सिविल पुलिस समेत अलग-अलग एजेंसियों के लगभग 30,000 से अधिक जवान पहुंच चुके हैं। इनमें प्रधानमंत्री की सुरक्षा पर सर्वाधिक फोकस है।

# 22 को महाराष्ट्र, चंडीगढ़ व पुडुचेरी में पूरे दिन का अवकाश

**आदेश**



**मुंबई।** अयोध्या के राम मंदिर में सोमवार को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर महाराष्ट्र तथा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और पुडुचेरी ने 22 जनवरी को पूरे दिन का सरकारी अवकाश घोषित किया है जबकि गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा और हरियाणा में सोमवार को कार्यालय एवं संस्थान आधे दिन बंद रहेंगे। महाराष्ट्र सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि 22 जनवरी को राज्य में सरकारी छुट्टी घोषित करने का फैसला किया गया है।

वहीं, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने शुक्रवार को घोषणा की कि 22 जनवरी को केंद्र शासित प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने कहा कि सोमवार को राज्य सरकार के सभी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान और उपक्रम बंद रहेंगे। यहां केंद्र प्रशासित जेआईपीएमईआर ने भी अयोध्या के राम मंदिर में अभिषेक के समारोह के मद्देनज़र 22 जनवरी को दोपहर ढाई बजे तक आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की और मरीजों को इस अवधि के दौरान बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में आने से बचने की सलाह दी। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासन ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अपने कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित किया है।

# आज का किसान खुशहाल है: योगी

**संवाद**

- सीएम योगी ने गन्ना किसानों से की वार्ता
- प्राण प्रतिष्ठा से पहले एसएपी में बढ़ोत्तरी का दिया उपहार



**लखनऊ।** यूपी के 86 लाख किसानों का कर्ज माफ किया गया है जबकि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। वह कर्ज में डूब हुए थे। खेती के लिए बिजली, खाद और सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं थी।

पिछली सरकारों की अनदेखी से चीनी मील बंद हो रही थीं। हमारी सरकार सत्ता में आई तो मुश्किल से 110 चीनी मिलें चल रहीं थी। उन पर भी वर्ष 2010 से 2017 के बीच गन्ना मूल्य का बकाया था। हमने सबसे पहले गन्ना किसानों के बकाया का भुगतान किया और 120 चीनी मिलें को संचालन कराया। इतना ही नहीं कोरोना के दौरान जब देश के अन्य राज्यों में चीनी मीलें बंद हो रहीं थीं तो प्रदेश मजबूती के साथ चीनों मिलों को चला रहा था। पिछले साढ़े छह वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने लगभग 7 लाख करोड़ की राशि सीधे अन्नदाता के खाते में भेजी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गन्ना किसान संवाद कार्यक्रम में कही। इस दौरान गन्ना किसानों ने योगी सरकार का गन्ने के एसएपी पर 20 रुपये प्रति कुंतल बढ़ोतरी पर खुशी जाहिर करते हुए उनका आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हमारी सरकार आई तो गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 315 रुपये प्रति कुंतल दिया जाता था, लेकिन वह पैसा भी उनको नहीं मिल पाता था। इस पर हमने काम शुरू किया और आज 120 चीनी मिलों में 105 चीनी मिलें 10 दिन के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रहीं हैं। वहीं इसे शत प्रतिशत करने पर युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। आज गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 370 रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले गन्ना किसानों को एसएपी में बढ़ोतरी का उपहार दिया है।

### किसानों का बढ़ाया मान

“ प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए गन्ना किसानों से मुख्यमंत्री योगी से संवाद भी किया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने सीएम योगी का गन्ना मूल्य के एसएपी के 20 रुपये प्रति कुंतल में बढ़ोत्तरी पर खुशी जाहिर की। कहा कि योगी सरकार का गन्ना मूल्य में बढ़ोत्तरी का फैसला ऐतिहासिक है। जब देश-दुनिया रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अति उत्साहित है तो इस दौरान योगी सरकार ने प्रदेश के गन्ना किसानों को गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की सौगात देकर यह साबित कर दिया है कि वह सरकार किसान हितों को लेकर हमारे साथ खड़ी है।

# ठिठुरा उत्तर प्रदेश



**तापमान**

- कानपुर में 2.4 डिग्री पहुंचा पारा
- 140 नॉट से चल रही हवा बढ़ा रही गलन

**लखनऊ।** हवाओं का रुख और रफ्तार बदलने के साथ ही प्रदेश के इलाके जबरदस्त ठंड की चपेट में आ गए हैं। बीच में एक दिन की राहत तो मिली, लेकिन शुक्रवार को गलन भरी ठंड का प्रकोप ज्यादातर जगहों पर रहा। इस बीच कानपुर में न्यूनतम तापमान में 4.7 डिग्री की गिरावट आई और पारा बृहस्पतिवार के 7.1 डिग्री की अपेक्षा 2.4 डिग्री दर्ज हुआ। प्रदेश में सर्वाधिक ठंडा रहा कानपुर। लखनऊ में न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री की गिरावट आई और पारा 9 डिग्री से लुढ़कर 6.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिन के पारे में भी गिरावट आई और अधिकतम तापमान 15.4 की अपेक्षा 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने 18 इलाकों को अत्यधिक गलन से प्रभावित बताते हुए यहां पर कोल्ड डे घोषित कर दिया था।

# 22 जनवरी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सीजेआई समेत पांच जज आमंत्रित

**अनुष्ठान**

- अयोध्या मामले में सुनाया था अहम फैसला
- 22 जनवरी को होगी प्राण प्रतिष्ठा



**नई दिल्ली।** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान शुरू हो चुका है। रामलला की प्रतिमा पहली बार सामने आई है। इसी बीच एक और बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को भी आमंत्रित किया गया है। सीजेआई समेत सुप्रीम कोर्ट के समेत पांच जजों को आमंत्रित किया गया है। साल 2019 में पांच जजों की पीठ में इन जजों ने बहुचर्चित और 100 साल से भी अधिक पुराने टाइटल सूट / मुकदमे (श्रीराम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद भूमि विवाद) पर सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था। गौरतलब है कि नवंबर, 2019 में अयोध्या भूमि विवाद पर फैसला सुनाने वाली पीठ में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस अशोक भूषण, न्यायमूर्ति एसए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल थे। सभी पांच जजों के फैसले के बाद अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ हुआ था। शीर्ष अदालत ने मालिकाना हक को लेकर कहा, एक ट्रस्ट का गठन कर विवादित भूमि पर राम मंदिर निर्माण होगा, जबकि मस्जिद के लिए सरकार वैकल्पिक जगह की पहचान कर पांच एकड़ जमीन आवंटित करेगी। अदालत के इस ऐतिहासिक फैसले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए पांच अगस्त, 2020 को भूमि पूजन किया था।

# राबड़ी आवास पहुंची ईडी की टीम

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम राबड़ी आवास पहुंची। एक अधिकारी की ओर समन के कागजात दिया गया। इसे डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की ओर से रिसीव किया है। इससे पहले भी ईडी की टीम ने लालू यादव और तेजस्वी यादव दोनों पूछताछ के लिए समन भेजा था। उन्हें रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। तेजस्वी यादव को 22 दिसंबर और लालू को 27 दिसंबर को एजेंसी के सामने पेश होन को कहा गया है। इस दौरान दोनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। इधर, राबड़ी आवास पर ईडी की टीम को देख सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मीडिया और राजद कार्यकर्ता राबड़ी आवास के बाहर पहुंचे लेकिन तब तक ईडी की टीम लौट भी चुकी थी। बताया जा रहा है कि ईडी टीम के राबड़ी आवास के अंदर गई।

# राहुल गांधी की सांसदी बहाली के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**सदस्यता**



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका खारिज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल याचिका में 7 अगस्त 2023 को लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी किए गए उस नोटिफिकेशन को खारिज करने की मांग की थी, जिसके जरिए राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल की गई थी। याचिका में मांग की गई थी कि सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाई। राहुल गांधी को अभी तक आरोपों से बरी नहीं किया गया है। ऐसे में उनकी संसद सदस्यता बहाल करने वाले नोटिफिकेशन को खारिज किया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि ऐसी याचिका दायर होने से ना सिर्फ अदालत बल्कि रजिस्ट्री विभाग का भी कीमती समय बर्बाद होता है। इसके बाद अदालत ने याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। दरअसल मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के चलते राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया गया था।

**राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम जनपद-गोरखपुर**

पत्रांक : NTEP/PRESS/ADVERTISEMENT/2023-24 दिनांक : 16.01.2024

**गुरू गोरक्षनाथ खिचड़ी मेला 13.01.2024 से 30.01.2024 तक स्टॉल लगा है। जिसमें टी.बी. की जॉच एवं परामर्श नि:शुल्क है।**

क्षय रोग उन्मूलन हेतु जनपद में प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्ध सुविधायें



टी0बी0 रोग के लक्षण
2 सप्ताह या उससे अधिक खाँसी
बुखार
रात में पसीना आना
खाने की इच्छा न होना।
अचानक से वजन कम होना।
बलगम में खून,
सीने में दर्द, सांस फूलना

टी0बी0 रोग के लक्षण हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जायें

जाँच करायें।

THE END TB STRATEGY

टी0बी0 की जाँच एवं दवायें सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर नि:शल्क उपलब्ध है।

नि:क्षय मित्र बने – क्षय रोगी को गोद लें।
टी0बी0 मुक्त समाज हेतु अपना सहयोग दें।

इलाज के दौरान
नि:क्षय पोषण योजना
के अर्न्तगत
रू0 500.00 प्रति माह
देय होता है।

TB DOTS Center

टी0बी0 का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या डाट्स सेन्टर से नि:शुल्क प्राप्त करें।



डा. गणेश यादव
जिला क्षय रोग अधिकारी
गोरखपुर।



डा. आशुतोष कुमार दुबे
मुख्य चिकित्साधिकारी
गोरखपुर।



कृष्णा करूणेश (IAS)
जिलाधिकारी
गोरखपुर।

बिलकिस बानो

### बिलकिस बानो — सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका

# सभी दोषियों को करना पड़ेगा सरेंडर

**रियायत**

- तीन दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दाखिल कर समर्पण की अवधि बढ़ाने की मांग की थी
- कोर्ट ने दो सप्ताह में समर्पण करने को कहा था

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिलकिस बानो केस के तीन दोषियों की तरफ से सरेंडर के टाइम में रियायत मांगने वाली याचिका ठुकरा दी। इस केस के 11 में से तीन दोषियों ने सरेंडर की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया था।

8 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने 11 दोषियों की रिहाई से जुड़ा गुजरात सरकार का फैसला रद्द किया था। कोर्ट ने सभी को 2 सप्ताह में समर्पण करने को कहा था। इस हिसाब से उन्हें 21 जनवरी को सरेंडर कर वापस जेल जाना है। इन दोषियों में से तीन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए 4 से 6 सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने ठुकरा दिया. उनकी याचिकाओं को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि दोषियों ने आत्मसमर्पण की तारीख टालने के लिए जिन कारणों का हवाला दिया है, उनमें कोई दम नहीं है। दरअसल, गुजरात के चर्चित बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी 2024 को अहम फैसला सुनाया था. जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने बिलकिस बानो केस में 11 दोषियों को बरी करने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था. इतना ही नहीं स्ट ने अपने फैसले में दोषियों को दो हफ्ते में सरेंडर करने के लिए कहा था. इसी को लेकर 11 दोषियों में से तीन ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दाखिल कर समर्पण की अवधि बढ़ाने की मांग की थी. कोर्ट से गोविंद नाई ने 4 सप्ताह, जबकि मितेश भट्ट और रमेश चांदना ने 6 सप्ताह की मोहलत मांगी थी. इन दोषियों ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया था



# पन्द्रहवॉ वित्त और राज्य वित्त धनराशि खर्च न करने में फिसड्डी प्रधान-सचिवों को डीएम ने लगाई फटकार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड में प्रदर्शित बिन्दु पन्द्रहवॉ वित्त/पंचम वित्त आयोग के तहत उपलब्ध धनराशि को व्यय न करने वाली सबसे खराब 20 ग्राम पंचायतों की समीक्षा की बैठक का संचालन डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया उक्त ग्रामों की समीक्षा के दौरान पाया कि नरेन्द्र यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत सर्वा, तेन्दुआ ब्लॉक फूलबेहड व ग्राम प्रधान बडागॉव ब्लॉक पलिया, ग्राम प्रधान लुधौरी ब्लॉक निघासन एवं ग्राम प्रधान सिंगाही खुर्द ब्लॉक निघासन अनुपस्थित पाए गए, जिसपर डीएम ने सम्बन्धित से स्पष्टीकरण लिए जाने के निर्देश दिए।डीएम ने कहा कि केंद्र एवं राज्य वित्त में उपलब्ध धनराशि को ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास में उपयोग न करने वाली पंचायतो का आगामी बैठक में उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। ऐसे ग्राम प्रधानों के विरुद्ध उप्र पंचायती राज अधिनियम की धारा 95-1-छ के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। वही संबंधित सचिवों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।डीएम ने उपस्थित सचिवों से ग्रामवार समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए कि पन्द्रहवॉ वित्त/ पंचम वित्त आयोग की उपलब्ध धनराशि को शीघ्र ही युद्ध स्तर पर कार्ययोजना में सम्मिलित कार्य यथा मिशन कायाकल्प एवं अन्य विकास कार्य को कराकर समस्त वित्तीय नियमों का पालन करते हुए नियमानुसार उपलब्ध धनराशि को व्यय करना सुनिश्चित करें। ताकि जनपद की रैकिंग में अपेक्षित सुधार हो सके। आगामी बैठक में उक्त के सम्बन्ध में समस्त सचिवों की सचिववार समीक्षा की जायेगी।उक्त के अतिरिक्त समीक्षा के दौरान यह भी पाया कि पन्द्रहवॉं वित्त आयोग के अन्तर्गत ब्लॉक फूलबेहड़, बेहजम, ईसानगर, पलिया एवं रमियाबेहड़ तथा पंचम वित्त आयोग के अन्तर्गत ब्लॉक फूलबेहड, पलिया, नकहा, पसगवॉं एवं लखीमपुर की प्रगति जनपद में सबसे खराब पायी गई। उपस्थित एडीओ (पं0) को निर्देशित किया कि प्रतिदिन ग्राम पंचायत वार समीक्षा कर उपलब्ध धनराशि से कार्ययोजना के अनुरूप नियमानुसार विकास कार्यो को कराने, उपलब्ध धनराशि को व्यय कराना सुनिश्चित करें।समीक्षा के दौरान डीपीआरओ, एडीपीआरओ, एडीओ पं0, डीसी स्वच्छ भारत मिशन ग्रा0, जिला परियोजना प्रबन्धक तथा जिले में पन्द्रहवॉं वित्त आयोग एवं पंचम वित्त आयोग के अन्तर्गत सबसे खराब प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान तथा सचिव उपस्थित रहें।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेशों व निर्देशों के बारे में आवश्यक दिये गए दिशा-निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** अयोध्याधाम में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन खीरी परिसर में अयोध्याधाम में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस अधिकारीगण/कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर उच्चाधिकारियों द्वारा निर्धारित आदेशों/निर्देशों के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

## एक अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा सैदापुर बाजार तिराहा बहद् ग्राम सैदापुर थाना फूलबेहड़ से 01 नफर वाछिंत अभियुक्त को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार मु0अ0सं0 23/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## राजस्व विभाग व पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर करायी मंदिर की जमीन की पैमाइश

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर सदर तहसील ग्राम पंचायत कटिया के मझरा झसियापुरवा में मंदिर की जमीन को लेकर चल रहे विवाद में आज राजस्व विभाग व पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच कर मंदिर की जमीन की पैमाइश।

# रवि की दोनों बेटियों को मिलेगा स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** गोला तहसील, ब्लॉक बिजुआ के ग्राम सहसपुर निवासी रवि वर्मा जिलाधिकारी जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर मदद की गुहार लगाई। इस पर डीएम ने कहा कि बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी। अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दिया है तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाले के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली।डीएम के समक्ष उपस्थित होकर फरियादी रवि ने कहा कि साहब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर आप द्वारा पोस्ट की स्पॉन्सरशिप योजना के लाभ के बारे में आपसे हुई वार्ता के क्रम में आज मिलने आया हूं। हुजूर, हमारी पत्नी का माह जनवरी, वर्ष 2023 में निधन हो गया था। हमारे दो पुत्री वर्तिका 07 वर्ष और अनिका 04 वर्ष है। डीएम ने फॉरेन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम को बुलाकर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्पॉन्सरशिप योजना के लाभ दिए जाने के लिए निर्देशित किया।फरियादी रवि ने कहा कि उसकी पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम सचिव के यहां लंबित है। इस पर डीएम ने बीडीओ बिजुआ को तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया। महज चंद घंटे के अंदर फरियादी को उसका प्रमाण पत्र मिल गया। योजनाओ का लाभ के लिए आय प्रमाण पत्र जरूरी हैं, इसलिए डीएम ने एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्रा से तत्काल फोन पर निर्देशित किया कि फरियादी का आय प्रमाण पत्र यथाशीघ्र जारी कर अवगत कराए। डीएम ने फरियादी की पुत्री कक्षा एक में अध्यनरत होने पर डीपीओ को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिए जाने हेतु निर्देशित किया। फरियादी ने बातचीत के दौरान बताया कि उसका श्रमिक कार्ड 04 वर्ष पूर्व बना था, जिसका नवीनीकरण नहीं करा पाया। डीएम ने फौरन श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी को बुलाकर नवीनीकरण करवाया।

## दिव्यांग राजेश को महज एक दिन में मिल गया आय प्रमाण पत्र

गुरुवार को जनता दर्शन में डीएम के समक्ष सदर तहसील, ब्लॉक फूलबेहड के ग्राम तेंदुआ निवासी दो हाथों और एक पैर से दिव्यांग राजेश कुमार को योजनाओं का लाभ देने के लिए जरूरी प्रपत्र आय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह को निर्देशित किया। उसी दिन तहसीलदार ने न केवल उसका आवेदन कराया बल्कि शाम तक दिव्यांग को आय प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया। कृत कार्यवाही से डीएम को भी अवगत कराया।

## डीसी रोड पर अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के डीसी रोड पर अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर दुकानदारों ने बिना सूचना दिए दुकान गिराने का लगाया आरोप।

## गलन और सर्द हवाओं से जनजीवन अस्त व्यस्त

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दिनभर कोहरा छाया रहा शीतलहर से लोगों की कंपकंपा छूटती रही। पूरे दिन गलन और ठंड से राहत नहीं मिल सकी। हाल यह रहा कि दोपहर 12 बजे तक कोहरा बरसता रहा। लोगों को सूरज के दर्शन नहीं हुए। बृहस्पतिवार के मुकाबले शुक्रवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई जिले में सर्दी का सितम बरकरार है अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। गलन और सर्द हवा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ठंड से बचाव के लिए नगर पालिका के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। गलन बढ़ने की वजह से लोग घरों में दुबके नजर आए वहीं सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस वहीं न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया हाल यह हुआ कि दोपहर 12 बजे तक कोहरा गिरता रहा वहीं ग्रामीण इलाकों का हाल काफी बुरा रहा। कई ग्रामीण इलाकों में पूरे दिन कोहरा पड़ता रहा। हालांकि बृहस्पतिवार को हल्की धूप खिलने पर लोगों को सर्दी से कुछ राहत मिली थी ठंड से बचने के लिए नगर पालिका ने रैन बसेरे के अलावा शहर के मुख्य चौराहों पर अलाव जलाने का दावा कर रही है। नगर पालिका के कर्मचारी अलाव तो जलवाते हैं, लेकिन यह अलाव 12 बजने से पहले ही ठंडे होने लगते हैं। ऐसे में लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। वहीं रैनबसेरे में पर्याप्त जगह न होने की वजह से लोग इधर से उधर भटकते हैं।

# नशा मुक्ति व स्वच्छता के लिए स्वयं सेवको ने किया आमजन को जागरूक





*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति हेतु शपथ लेते हुए जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाया और आमजन को साफ-सफाई रखने का संदेश दिया।

आज सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज जनधेडा समसपुर में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय व ग्राम जनधेडा में स्वच्छता अभियान चलाया गया । नशा मुक्ति अभियान हेतु शपथ राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी मनोज पंवार ने शपथ दिलाई।साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों व स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति तथा स्वच्छता अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बृजेश शर्मा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पुरस्कृत शिक्षक ने भी, स्वयं सेवक को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व विस्तार से बताया तथा स्वच्छता व नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी व इसका महत्व बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों के अलावा विद्यालय के शिक्षक राजेंद्र कुमार, मनोज पंवार, प्रवीण कुमार ,सतीश कुमार, सुषमा देवी, शेमुषी शर्मा, नरेंद्र कुमार, देवेंद्र पवार, कृष्ण पाल, वीरेंद्र सिंह, लक्ष्मण, संजीव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# विश्व पटल पर हमारी संस्कृति अभिन्नः बृजेश सिंह

## सरकार स्थानीय कलाकारों को खोजकर पहचान दिलाकर, बना रही आत्मनिर्भरः जसवंत सैनी

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** शासन के निर्देशों के क्रम में लोक संस्कृति की विभिन्न विधाओं के संरक्षण एवं स्थानीय लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए ''हमारी संस्कृति हमारी पहचान'' संस्कृति उत्सव एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन कर सभी पर अपनी अमिट छाप छोड़ी जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद, जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र, अपर आयुक्त प्रशासन एवं अध्यक्ष मण्डल स्तरीय समिति सुरेन्द्र राम ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बृजेश सिंह ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज भी हमारे देश प्रदेश में संस्कृति जिंदा है उसी का उदाहरण हम यहां देख रहे हैं। हमारी संस्कृति के बारे मे बच्चों को जागरूक करना आवश्यक है। आज जो भी बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं उनके पीछे उनके परिवार एवं उनके शिक्षकों की कड़ी मेहनत है। यह हर्ष का विषय है कि इसी संस्कृति की वजह से देश विदेश में भारत का एक अभिन्न स्थान है। यही संस्कृति है जो हमें विश्व में अलग पहचान दिलाती है इसका जिंदा रहना अति आवश्यक है। सरकार द्वारा लोक संस्कृति एवं लोक कलाकारों को जिंदा रखने के लिए संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सफल प्रतियोगियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि असफल प्रतियोगी मायूस न हो निरंतर प्रयास करते रहे आप अवश्य सफल होंगे। प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करना ही नहीं प्रतिभाग करना भी महत्वपूर्ण होता है। हमारी संस्कृति की विशेषता ये भी है की यहां नृत्य के द्वारा भी भगवान की साधना होती है। जसवंत सैनी ने कहा कि सरकार चाहती है कि स्थानीय कलाकारों को खोज कर उनको पहचान दिलाई जाए, ताकि वह अपनी योग्यता के अनुसार आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कार्यक्रम में देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भावपूर्ण प्रस्तुति की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को बहुत अच्छे ढ़ंग से आयोजित कराना बहुत ही प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। उन्होने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की पहचान विविधता में एकता की है जो आज के कार्यक्रम में दिखाई दे रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायबरेली।** जिला के जगतपुर अंतर्गत थाना क्षेत्र के अंतर्गत झरहा गांव निवासी एक युवक रेलवे में फोर्थक्लास कर्मचारी था। आज अपने घर वापस लौटते समय ट्रेन से उतरते समय उसके दोनों पैर कट गए जिसे फौरन 108 एंबुलेंस की सहायता से जगतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बृहस्पतिवार को लगभग 8.55 बजे लक्ष्मणपुर रेलवे स्टेशन पर अभय सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी झरहा उम्र 38 वर्ष यह रेलवे विभाग में फोर्थ क्लास के कर्मचारी हैं। जो की गंगा गोमती ट्रेन से अपने घर वापस आ रहे थे।तभी लक्ष्मणपुर रेलवे स्टेशन पर उतरते समय यह ट्रेन के नीचे चले गए और उनके दोनों पैर कट गए वही स्थानी लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई तभी एंबुलेंस की मदद से घायल को जगतपुर सीएचसी ले जाया गया जहां पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

## मतदाता दिवस को यादगार बनाया जायेगाः डा.दिनेश चन्द्र, जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर। (अहमद रज़ा)** जिले के सभी स्कूल संचालकों व प्रधानाचार्यों की बैठक में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बड़े उल्लास के साथ सहयोग करने की अपील करते हुए विधान सभा वार 7 किलोमीटर लम्बी मतदाता जागरूकता पेंटिंग की तैयारियों की समीक्षा भी की और इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी स्कूल संचालकों व प्रधानाचार्यों को मतदाता शपथ भी दिलाई। स्थानीय जनमंच सभागार में आयोजित बैठक बैठक का शुभारम्भ जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एडीएमई डॉ.अर्चना द्विवेदी, एडीएमएफ रजनीश मिश्र, नगर मैजिस्ट्रट गजेंद्र कुमार, एसडीएम सदर युवराज सिंह, एसडीएम रामपुर मनिहारान श्वेता पांडेय, एसडीएम नकुड़ अजय कुमार अम्बष्ट, एसडीएम देवबंद अंकुर वर्मा, एसडीएम बेहट दीपक कुमार, एसडीएम न्यायिक संगीता राघव, उपजिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान व महासचिव सुधीर जोशी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने कहा कि किसी भी लोकतंत्र की मजबूती का आधार वहां के मतदाताओं की जागरूकता व अपने मताधिकार के प्रयोग पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि जनपद सहारनपुर पूर्व में भी मतदान प्रतिशत के मामले में प्रथम स्थान पर रहकर रिकार्ड कायम कर चुका है इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को जनपद के नागरिकों व स्कूली बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक कर हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल संचालक व प्रधानाचार्य इस लक्ष्य को हासिल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा. अर्चना द्विवेदी ने कहा कि बिना जनसहयोग के किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता होनी चाहिए।

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत कौशल विकास दिवस कार्यक्रम मनाया गया



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज रायबरेली।** विकास खंड अमावा नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी गोपेश पांडे नमामि गंगे परियोजना अधिकारी संजय कुमार जी के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत कौशल विकास दिवस कार्यक्रम मनाया गया जिसकी अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी सहकारिता राजन सिंह एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंजू यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। राजन सिंह द्वारा बताया गया कि युवाओं को कौशल के तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए साथ ही खुद का उद्यम तैयार कर युवाओं को वह खुद नौकरी दे ना की नौकरी की तरफ भागे अंजू यादव द्वारा बताया गया कि युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रम के समुचित विकास के लिए तथा आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहा है जिससे युवा प्रत्येक क्षेत्र में विज्ञान तकनीकी खेल आदि के मार्ग पर अग्रसर रह सके। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आशीष कुमार द्वारा बताया गया कि युवाओं को संगठित करके उनके कौशल को निखर कर उनकी योग्यता अनुसार रोजगार देना है। इस अवसर पर शुभ्रांशु बाजपेई अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी संगीता दीक्षित खंड प्रेरक भवरेश साहू भानु प्रताप सिंह आज समस्त लोग उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने गौशालाओं में बेहतर व्यवस्था को लेकर की बैठक



**महराजगंज रायबरेली। (अवधनामा संवाददाता)** एसडीएम ने की गौशालाओं में बेहतर व्यवस्था को लेकर एक बैठक। जिला अधिकारी के निर्देश पर इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है वही महराजगंज ब्लॉक सभागार में उप जिला अधिकारी राजितराम गुप्ता की अध्यक्षता में महराजगंज तहसील में ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत मे गौशालाएं संचालित हैं उनकी बैठक की गई ।महाराजगंज तहसील के अंतर्गत आने वाली सभी गौशालाओं को लेकर एक बैठक आहूत हुई जिसमें ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी और नगर पंचायत के कर्मचारी सम्मिलित हुए वहीं उप जिला अधिकारी ने कहा कि ठंड को देखते हुए गौशालाओं में अलाव की व्यवस्था की जाए एवं मवेशियों को भूसा दिया जाए साथ-साथ पौष्टिक आहार दिया जाए और दान भी दिया जाए गौशालाओं को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जाए कोताही बरतने वाली गौशालाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी अगर किसी भी प्रकार की शिथिलता पाई गई तो संबंधित कर्मचारी और अधिकारी को बक्शा नहीं जाएगा। कुछ गौशालाओं में बिजली न होने की शिकायत गौशाला संचालकों द्वारा की गई जिसको ध्यान में रखते हुए एसडीएम ने कहा कि जिला अधिकारी से बात की जाएगी और जल्द ही विद्युत जिन गौशालाओं में नहीं पहुंची वहां पहुंचाने का कार्य किया जाएगा ।बैठक में महराजगंज शिवगढ़ एवं बछरावां में संचालित जितनी भी गौशालाएं थी वहां के कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि गौशालाओं में लापरवाही बिल्कुल भी बरती नहीं जाएगी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह महराजगंज शिवगढ़ बछरावां के कर्मचारी एडीओ सतीश चतुर्वेदी नगर पंचायत महराजगंज के कर्मचारी ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर ट्रक में धमाके के साथ लग गई आग

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** गैस सिलेंडर लेकर गोण्डा आ रही ट्रक में शुक्रवार सुबह धमाके के साथ आग लग गई। ट्रक चालक ने भागकर जान बचाई। हादसा इतना भीषण रहा कि



एक किलोमीटर तक गैस सिलेंडर उछलकर दगते रहे। सूचना पाकर करनैलगंज और जरवल रोड थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान घटनास्थल ढाई किलोमीटर पहले ही आवागमन रोक दिया गया।

लखनऊ से गैस सिलेंडर लेकर गोंडा आ रही ट्रक बहराइच-गोण्डा की सीमा पर जनपद के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार आग के गोले में तब्दील हो गई। सुबह आठ बजे हुई घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सिलेंडर एक-एक कर दगते रहे। लगभग एक किलोमीटर दूर तक गैस सिलेंडर उछलकर जा गिरे और दगते रहे। ट्रक तथा सभी गैस सिलेंडर पूरी तरह कबाड़ और राख में तब्दील हो गए। सूचना पाकर जरवल रोड थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहीं करनैलगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भी मयफोर्स मौके पर पहुंचे।दोनों तरफ से आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरी ओर गैस सिलेंडर लदे ट्रक में आग लगने से गोण्डा-लखनऊ मार्ग पर जाम लग गया। वाहनों की कतार लगने से पूरी तरह आवागमन बंद हो गया। करनैलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव ने बताया कि घटनास्थल से एक किलोमीटर पहले ही लोगों को रोक दिया गया और वाहनों को ढाई किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाया जा सका।

# अफसरों को लेकर गांव के द्वारा पहुंची डीएम नेहा शर्मा, ग्राम चौपाल से ग्रामीणों के चेहरे खिले

*अवधनामा संवाददाता*





**गोण्डा।** डीएम नेहा शर्मा ने जिले में एक नई सोच को अपनाया है जिसको लेकर ग्रामीण काफी खुश हैं। जिले के लोकप्रिय कार्यक्रम ग्रामीण चौपाल से लोगों की समस्याओं का निराकरण त्वरित हो रहा है और महिलाएं बेधड़क अपनी बात डीएम से डायरेक्ट रूबरू होकर कहती हैं। डीएम उस पर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित करती हैं। गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत डीएम की पूरी कार्य योजना का अब सकारात्मक असर जिले में देखने को मिल रहा है।

शुक्रवार को जनपद के बभनजोत ब्लॉक अंतर्गत भानपुर, कोल्हई गरीब सहित कई ग्राम पंचायत में डीएम नेहा शर्मा ने मतदाता जागरूकता जन संवाद कार्यक्रम स्थापित किया। साथ ही ग्राम चौपाल लगाकर लोगों की शिकायत को भी सुना द्य जिले में सबसे कम वोटिंग के लिए चिन्हित ग्रामों में डीएम नेहा शर्मा ग्राम जन संवाद कार्यक्रम स्थापित कर रही हैं जिससे कि कम वोटिंग वाले ग्राम पंचायत में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाया जा सके द्य इसी दौरान डीएम नेहा शर्मा ग्रामीण से जुड़ी समस्याओं को भी सुनकर तुरंत निस्तारण का आश्वासन दे रही है। जिसका असर भी ग्रामों में देखने को मिल रहा है जिससे ग्रामीणों के चेहरे खिल रहे हैं। ग्राम पंचायत भानपुर में कई शिकायत मिली जिसमें इंदिरा आवास, सड़क, नाली, विद्युत ट्रांसफार्मर, सहित कई समस्याओं के लिए मातहतो को निर्देशित किया। ग्राम पंचायत कोल्हई गरीब में जन संवाद कार्यक्रम में डीएम नेहा शर्मा ने 2024 में होने वाले आम चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का आह्वान किया और सबसे हाथ उठाकर वादा लिया है। इस जनसंवाद कार्यक्रम में डीएम नेहा शर्मा के साथ जिले के सभी आला अधिकारी एवं ब्लाक के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चो में भ्रम की स्थिति

**तरबगंज (गोंडा)।** जिले मे नवोदय की प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र में केंद्र का नाम गलत प्रिंट हो जाने से परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चो में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। मिली जानकारी अनुसार नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए तरबगंज के बेलसर का एम डी बी सिंह इंटर कालेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहा पर शनिवार को तरबगंज ब्लॉक के 150 बेलसर ब्लॉक 141 बच्चे परीक्षा देंगे । लेकिन इन बच्चो के प्रवेश पत्र पर एम डी बी सिंह इंटर कॉलेज बेलसर के स्थान पर एम बी डी सिंह इंटर कालेज बेलसर छप गया है। पिन कोड भीं गलत प्रिंट है बेलसर का पिन कोड 271401 जबकि प्रवेश पत्र में पिन कोड 271402 प्रिंट है। त्रुटि अंकन होने से सैकड़ों छात्र छात्राओं को परेशानी हो रही है। इसके बाबत जब खंड शिक्षा अधिकारी राम खेलावन सिंह ने शिक्षको के ग्रुप पर मैसेज भेज कर कहा है की परीक्षा केंद्र बेलसर का महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कालेज ही है बच्चो को नाम को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है।

## लालगंज में भारतीय जीवन बीमा निगम की तरफ से गोष्ठी का आयोजन किया गया

**रायबरेली। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली ने लालगंज के एक होटल में यूनिट मीटिंग गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया गोष्ठी एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि लालगंज शाखा प्रबंधक चंदन सिंह रहे चंदन सिंह ने निगम के कई उत्पादों जीवन लाभ ,बीमा ज्योति ,यूलिप प्लान सीप निवेश प्लस ,जीवन उत्सव समेत पॉलिसी के बाबत जानकारी दी एवं प्रत्येक अभिकर्ता को अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक बीमा कर लोगों की बचत के साथ-साथ सुरक्षा भी दिलाए मुख्य जीवनबीमा सलाहकार ने अभिकर्ताओं से कहा एल आई सी ही एक ऐसी संस्था है जिस पर लोगों का भरोसा कायम है अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गयाअभिकर्ताओं में खुशी देखने को मिली अभिकर्ताओं को प्रबंधक और मनोज कुमार द्वारा मेडल और बैज देकर सम्मानित किया गया इस समारोह में मनोज कुमार मुख्य जीवन बीमा सलाहकार कुशवाहा पूनम शतक वीर अभिकर्ता, गया प्रसाद अर्धशतक वीर अभिकर्ता, रामानंद, पुष्पराज आनंद, सन्नो देवी, मनीष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे!

# सीडीओ की अध्यक्षता में अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 28 को

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** उप कृषि निदेशक एन.के. त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान पी.एम. कुसुम में उ.प्र. सरकार द्वारा अतिरिक्त अनुदान प्रदान कर सिचाई हेतु सोलर पम्प स्थापित कराये जा रहे है, जिससे कृषको को सिचाई में विशेष लाभ हो रहा है, इस योजना से बडी संख्या में सोलर पम्पो की स्थापना की जा रही है, जिसके अनुरक्षण एंव मरम्मत हेतु कुशल एवं दक्ष मैकेनिक पर्याप्त संख्या में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नही हो पा रहे है, जिससे लाभार्थी कृषको को उनके संचालन में कठिनाईयों का समाना करना पड रहा है, उक्त के दृष्टिगत राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान रहमान खेडा के अधीन राज्य स्तरीय फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त ) उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत सोलर पम्प की स्थापना, अनुरक्षण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत सोलर पम्प मैकेनिको का प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है, इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को सोलर पम्प माड्यूल, सरफेस पम्प सबमर्सिबल पम्प (ए.सी., डी.सी.) के व्यवहारिक संचालन का प्रशिक्षण देकर तकनीकी दक्षता व कार्य कुशलता में बृद्धि करते हुए प्रत्येक तहसील स्तर पर एक कुशल एवं दक्ष सोलर मैकेनिक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, योजनान्तर्गत प्रत्येक बैच में 27 प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण होगा जिन्हे 07 घन्टा प्रतिदिन प्रशिक्षित किया जायेगा, यह प्रशिक्षण 40 कार्य दिवस को होगा, इसमें योग्यता-इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक, फिटर टेउ्ड में 02 वर्षीय आई.टी.आई. अथवा इंजीनिरिंग में 03 वर्षीय डिप्लोमा, आयु 18 से 45 वर्ष, आवेदन की अन्तिम तिथि 28 जनवरी, आवदेन भेजने का पता कार्यालय उप कृषि निदेशक मैनपुरी ट्रान्सपोर्टनगर पर, उक्त प्रशिक्षणार्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा।

# आल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम ने चिकित्सालय में लगाया रक्तदान शिविर

**अवधनामा संवाददाता**




**गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों की मदद के लिए नदवतुल उलेमा लखनऊ के 150 छात्रों ने किया रक्तदान**

**लखनऊ।** गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों की मदद के लिए आल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम द्वारा आज बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नदवतुल उलेमा लखनऊ के 150 छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और और रक्तदान किया। इस अवसर पर बलरामपुर चिकित्सालय के निदेशक डा. अविनाश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

उन्होंने आल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इंसानियत के कामों में ये संस्था हमेशा आगे रहती है।जो एक महान कार्य है।ऑल इण्डिया पयामे इंसानियत फोरम के संयोजक मौलाना इस्तेफाउल हसन ने अपने विचार रखे तथा कहा कि इसी तरह के कार्यों से हम आपस में भाईचारा स्थापित करके एक अच्छा समाज बना सकते हैं,उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लागों को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन फोरम के माध्यम से हमेशा समाज की सेवा करने वाले श्री शफीक चौधरी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हजरत मौलाना अबुल हसन अली नदवी (अली मिया) द्वारा स्थापित ऑल इण्डिया पयामे इंसानियत फोरम जो कि एक गैर राजनीतिक समाज सेवी संस्था है जो शुद्ध मानवीय तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित बिना किसी जाति,पंथ या धार्मिक भेदभाव के प्रेम,आपसी भाईचारा,मानवता का संदेश फैलाने की भावना से सेवा कर रही है। जिसका उद्देश्य मानव को मानव से और हृदय को हृदय से जोड़ना है।

ये फोरम देश के विभिन्न शहरों में समाज सेवा के कार्य जैसे मेडिकल कैम्प, रक्तदान शिदिर, बाढ़ राहत शिविर,अस्पतालों में जाकर मरीज़ों की सेवा, वृद्धाश्रम में सेवा, आदि का आयोजन करता रहता है।इस मौके पर फोरम के प्रबन्धक डा. रियाज अहमद भी मौजूद थे।

# जनपद के प्रभारी मंत्री अनूप प्रधान ने तहसील सदर भोगांव का औचक निरीक्षण कर दिये दिशा-निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** राजस्व राज्यमंत्री, जनपद के प्रभारी मंत्री अनूप प्रधान ने तहसील सदर, भोगांव का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान दायरा के अनुसार निर्णित वादों की समीक्षा करने पर पाया कि तहसील सदर में धारा-67 के 400 वादों के सापेक्ष माह दिसंबर तक 316 वाद निर्णित कर 36.30 हेक्टेयर भूमि को खाली कराने का आदेश पारित कर रू. 03 करोड़ 94 लाख का जुर्माना लगाया गया, जिसमें से अब तक 31.14 हेक्टेयर भूमि को खाली कराकर रू. 02 करोड़ 80 लाख का जुर्माना भी वसूला जा चुका है, शेष पर कार्यवाही संचालित है, सार्वजनिक उपयोग की भूमि यथा तालाब, चारागाह, श्मशान आदि से अनाधिकृत कब्जे के संबंध में उ.प्र. ज. वि. अ. की धारा-122 बी, 67 के अंतर्गत पारित आदेश के अनुपालन में रतिभानपुर में शिवदयाल द्वारा चारागाह की 02 हे. भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को जुतबाकर मुक्त कराया गया जबकि ग्राम पंचायत रठेरा में जागेश्वर सिंह द्वारा बजंर की भूमि एवं सत्य प्रकाश द्वारा मरघट की भूमि तथा ग्राम पंचायत घुसलेण्डा में नरेश द्वारा युवक मंगल दल की भूमि पर पर किए गए अनाधिकृत कब्जे को हटवाकर भूमि खाली कराई गई, जिस पर उन्होंने तहसील सदर में धारा-67 के अंतर्गत की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया लेकिन अमल दरामद, दाखिल खारिज पत्रावलियों के निस्तारण में किए जा रहे विलंब पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि दाखिल खारिज की कई पत्रावलियां साक्ष्य उपलब्ध न होने का कारण दर्शाकर निरस्त की गई है, विवादित विरासत के प्रकरण में भी प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सदर से कहा कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य करें, साक्ष्यों के आभाव में दाखिल खारिज की पत्रावलियां निरस्त न की जाए बल्कि संबंधित को नोटिस जारी कर साक्ष्य प्राप्त किए जाएं, 45 दिन में दाखिल खारिज एवं 13 दिन में अविवादित विरासत प्रत्येक दशा में दर्ज हो। उन्होंने उप जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार न्यायालय में वादों की प्रगति की समीक्षा करने पर पाया कि वादों का निराकरण दायरा के अनुसार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदारों को आदेशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से न्यायालय में बैठकर वादों का निराकरण करें, पुराने वादों पर जल्दी-जल्दी तिथि देकर निस्तारित किया जाए। उन्होंने दाखिल खारिज हेतु पत्रावली संख्या-670 उद्दैतपुर अभई सकटू बनाम रूपलाल, पत्रावली संख्या-671 कूकामई अंकित बनाम बैजंतीमाला, पत्रावली संख्या-672 खरपरी बृजेश सिंह बनाम कमल सिंह, पत्रावली संख्या-673 गांगसी रविंद्र कुमार बनाम स्नेहलता के बेनामों के दाखिल खारिज में साक्ष्य के अभाव में निरस्त किए गए है।

## कानपुर विकास प्राधिकरण लोक निर्माण विभाग , रेलवे एवं सेतु निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया

**कानपुर नगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी विशाख जी एवं अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अंकिता शर्मा द्वारा आज संयुक्त रूप से टाटमिल चौराहे पर सुगम यातायात सुनिश्चित किए जाने हेतु कानपुर विकास प्राधिकरण लोक निर्माण विभाग, रेलवे एवं सेतु निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। बाबू पुरवा से टाट मील चौराहे को जोड़ने वाले आरओबी से झकरकटी को जाने वाले फ्री लेफ्ट लेन का चौड़ीकरण तथा सीधे घण्टाघर की ओर आने वाली लेन का चौड़ीकरण करने हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गए अपर पुलिस उपायुक्त यातायात को निर्देशित किया गया कि टाटमिल पुल का इंजीनियरिंग प्वाइंट से सर्वे कराते हुए सुगम यातायात सुनिश्चित किये जाने हेतु वांछित चौड़ीकरण के कार्य हेतु प्रस्ताव बनाते हुए सेतु निगम तथा रेलवे को प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। रेलवे के उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फ्री लेफ्ट लेन का चौड़ीकरण हेतु रेवले की अप्रयुक्त जमीन का प्रयोग किये जाने हेतु वांछित अनापत्ति यथाशीघ्र निर्गत किया जाए।अधीक्षण अभियंता कानपुर विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि टाटमिल पुल के फ्री लेफ्ट लेन का चौड़ीकरण कार्य मे आने वाले विद्युत आपूर्ति पोलो आदि की यूटिलिटी सिफ्टिंग एवं सड़क निर्माण हेतु स्टीमेट बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।महाप्रबंधक, सेतु निगम को निर्देश दिए गए कि वर्तमान उपयुक्त जमीन को सम्मिलित करते हुए बाबू पुरवा से सीधे घंटाघर को जाने वाले लेन का चौड़ीकरण किए जाने एवं रीटेंनिंग वाल बनाए जाने हेतु स्टीमेट तैयार कर यथशीघ्र प्रस्तुत किया जाए।




भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 19.01.2024 को लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबन्धक शरद स चांडक ने दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या को चार गोल्फ कार्ट भेंट की। इस कार्यक्रम में श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय, मंदिर निर्माण समिति, दिल्ली के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## दीवार लेखन में कमल का फूल बनाते हुए एक बार फिर से मोदी सरकार के स्लोगन लिखे गए



**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे दीवार लेखन अभियान के तहत शुक्रवार को भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह व जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने काकोरी मंडल के बूथ संख्या 337 व 340 में कई दीवारों पर दीवार लेखन का कार्य किया। दीवार लेखन में कमल का फूल बनाते हुए एक बार फिर से मोदी सरकार के स्लोगन लिखे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार व उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में चल रही सरकारों ने देश व प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है मोदी जी ने जन कल्याणकारी कई योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को बढ़ाने के साथ विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण काम किया है, उन्होंने भारत का नाम देश दुनिया में गौरांवित किया है। जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की पुनः सरकार बनेगी इसमें कोई संदेह नहीं है उन्होंने कहा कि भाजपा व उसके सहयोगी दलों के सांसद 400 पार चुनकर आएंगे और प्रचंड बहुमत के साथ पुनः मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इस अवसर पर उनके साथ जिला महामंत्री विजय मौर्य, जिला आई टी प्रमुख विवेक सिंह, मंडल अध्यक्ष काकोरी रविराज लोधी, चेयरमैन काकोरी रोहित साहू, मनीष गुप्ता, शिव हरि द्विवेदी, विनय निगम, जितेंद्र निगम, कौशिक राजपूत, कामता प्रसाद, केके अवस्थी,कमल सैनी, नवनीत निगम, संजेश सिंह, विपिन राजपूत, ओम प्रकाश कश्यप, कामता रावत, हरिओम बाजपेई, शिव मोहन शर्मा, चित्रसेन गौतम सहित कई कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नेहरू इंटर कॉलेज कोरोकुइयां प्रबंध समिति द्वारा कराए जा रहे निर्वाचन को रोकने के लिए डीआईओएस को पीड़ित ने सौंपा ज्ञापन




**शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता।** यूपी के शाहजहांपुर में नेहरू इंटर कॉलेज कोरोकुइयां प्रबंध समिति द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निर्वाचन कराए जाने का आरोप लगाते हुए विद्यालय समिति द्वारा कराया जा रहे निर्वाचन को पीड़ित धीर सिंह पुत्र कप्तान सिंह निवासी ग्राम सिसैया विकासखंड सिधौली द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देकर रोक लगाई जाने की मांग की है। जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए गए पत्र में पीड़ित धीर सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि नेहरू इंटर कॉलेज कोरोकुइयां जिसका कोड संख्या 1054 है उसमें एक वर्ग विशेष द्वारा विद्यालय प्रबंधन पर फर्जी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर करके विपक्ष के अध्यक्ष एजाज हुसैन खान एवं युवरात अली खान द्वारा चुनाव प्रक्रिया पूर्ण दर्शाई गई है, जबकि यह चुनाव पूर्ण रूप से फर्जी है। पीड़ित ने उपरोक्त फर्जी प्रबंध कमेटी को अनुमोदित न किए जाने की मांग करते हुए बताया कि उक्त कमेटी का डीजे कोर्ट शाहजहांपुर एवं माननीय सिविल जज के न्यायालय में बाद चल रहा है जिसमें संलग्न सूची 40 सदस्यों की है। जिसमें 17 सदस्यों की माननीय न्यायालय शाहजहांपुर ने दिनांक 17/1/2014 को सदस्यता समाप्त कर दी है उपरोक्त कमेटी भंग करके पुनः चुनाव कराने की संस्तुति प्रदान की जाए।

## 30 विद्यालयों के प्रधानाध्यापको को मिले टैबलेट

**नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिएकायमगंज विधायक सुरभि गंगवार ने शुक्रवार को विकास खंड के बीआरसी ऑफिस में 30 प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को टैबलेट बांटे गए, जबकि 284 टैबलेट विकास खंड को प्राप्त हुए हैं प्रत्येक विद्यालय को दो-दो टैबलेट दिए जाएंगे। दिनांक 19 जनवरी 2024 को कायमगंज विधायक सुरभि गंगवार एवं खंड बेसिक उप बेसिक शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के द्वारा टैबलेट का वितरण किया गया शेष बचे हुए टैबलेट अति शीघ्र वितरण किए जाएंगे यादव कर रहे थे। इस दौरान क्षेत्र के समस्त प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन कार्यशाला का कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) विभाग द्वारा जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक अर्धदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अर्धदिवसीय कार्यशाला में रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर के परियोजना वैज्ञानिकों डा जय कुमार मिश्रा एवंअंकित श्रीवास्तव द्वारा रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर में एनआरआईएस परियोजना में रिमोट सेन्सिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग करके जनपदवार तैयार किये गये डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं उक्त के बारे में जानकारी दी।

अतिरिक्त परियोजना वैज्ञानिकों द्वारा रिमोट सेन्सिंग, जीआईएस एवं जीपीएस तकनीक के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई, यह भी बताया गया कि इस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, भू संचय, जल संचय, प्राकृतिक आपदा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, जल निगम, नलकूप, सड़क, वन आदि में किया जाता है एवं भुवन पोर्टल पर भी जाकर इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उक्त के अतिरिक्त लिडार तकनीक के बारे में भी जानकारी दी गयी।

## अदालती नोटिस

अदालत श्रीमान सिविल जज जूनियर डिविजन नगर, सहारनपुर , प्र.वाद स0 14 सन-2015 1- श्रीमति हीना कौसर पत्नि श्री मुम्ताज अहमद निवासी मौहल्ला पीर वाली गली नं0 8, कमेला कालौनी, सहारनपुर। 2- श्रीमति लाडो पनि श्री बिलाल अहमद निवासी पीर वाली गली, कमेला कालौनी, सहारनपुर। 3ऱ श्रीमति राशदा बेगम पत्नि श्री इकरामुद्दीन निवासी मुफती मुजफ्फर हुसैन कालौनी, सहारनपुर। वादीगण बनाम 1ऱ मोहम्मद आदिल आदि । 2/1- आसिफ 2/2- मौ.काशिफ 2/3आरिफ़ 2/4 मो. साकिब पुत्रगण आदिल, समस्त निवासी निकट पार्क वाली मस्जिद, सम्राट विक्रम कालौनी, सहारनपुर..प्रतिवादीगण हरगाह श्रीमति हीना कौसर आदि ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02 माह 02 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुताल्लिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वोही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे के तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को जिनकी शहादत पर नाजतमाम दस्तावेज जिनकों आप अपनी जवाबदेही के ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें, आपको इत्तला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। आज बतारीख 18 माह 1 सन 2025 ईको जारी किया गया।

**आज्ञा से न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन नगर सहारनपुर**

## अदालती नोटिस

न्याया.श्रीमान सिविल जज,सी.डि./FTC सहारनपुर वाद सं. 317 सन् 2019 सैय्यद शराफत अली पुत्र सैय्यद करामत अली निवासी ग्राम व पोस्ट चौसाना परगना बिडोली तहसील ऊन जिला शामलीं वादी (बनाम) 1- श्रीमति पुष्पा देवी पत्नि ब्रजनन्दन गोयल 2-अंकुर गोयल 3-नीरज गोयल । पुत्रगण ब्रजनन्दन गोयल निवासीगण मौहल्ला छत्ता परगना गंगोह कस्बा गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर। प्रतिवादी। हरगाह वादी सैय्यद शराफत अली ने आपके नाम एक नालिश बाबत मन्सूखी हिबेनामा व स्थायी निषेधाज्ञा हेतू दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25 माह 01 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारिख जो आपके इजकारो के लिये मुकर्रर है वारते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहो तमाम दस्तावेज जो आप अपनी जवाबदेही के ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज 11.1.24 को जारी किया गया

**आज्ञा से मुंसरिम**

## अदालती नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर रिटेल कैमिस्ट एण्ड डर्गिसट एसोसिएशन गली नं0 13. शिवनगर, ज़ि.मुजफ्फरनगर के पंजी. कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त मुजफ्फरनगर रिटेल कैमिस्ट एण्ड डर्गिसट एसोसिएशन समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है-1. दिलशाद अध्यक्ष 2. विनोद कुमार उपाध्यक्ष 3. सानुज कुमार मन्त्री 4. खालिद अंसारी उप मन्त्री 5. अनिल कुमार कोषाध्यक्ष 6. इरफान सदस्य 7. जगपाल सदस्य 8. यशपाल गाबा सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत एसोसिएशन के पंजीकरण के विरूद्ध कोई भी आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनाक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर एसोसिएशन के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की गई है।

**आज्ञा से (विजय शुक्ला) सहायक रजिस्ट्रार, फम्स, सोसा. चिट्स, सहारनपुर।**

## अदालती नोटिस

न्याय. श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संख्या 08 सन 2024 अजहर हसन पुत्र मजहर हसन निवासी गन 2500 आतिशबाजान अव्वल साहारनपुर आवेदक बनाम 1 अथर 2- नजर पुत्र अजहर हसन 3-रूषदा पुत्री अजहर हसन 4- आयशा पुत्री अजहर हसन 5. साजिद पुत्र अजहर हसन निवासी मकान नं0 2500, आतिश बाजान अव्वल, सहारनपुर। 6- शाहगुल पुत्री अजहर हसन पत्नि हामिद निवासी 62 फुटा रोड सहारनपुर। 7- तबस्सुम पुत्री अजहर हसन पत्नि वाजिद अली निवासी मकान न. 2000 आतिश बाजार, अववल, सहारनपुर। 8- आम जनता (विपक्षी) दरख्वास्त मुसम्मा अजहर हसन ने वास्ते हुसूल सर्टिफिकेट वसूल तर 200000/- रूपये, किफायत द्वारा दरख्वास्त मुसम्मा उक्त ने मुतावफ्फा शबनम अपने वासूजिव एक्ट 7 सन 1889 60 बजेद 38.296/- रूपये मुसम्मा उक्त ने वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख 16 माह 2 सन 24 वास्ते समात दरख्यास्त के मुकर्रर हुई है लिहाजा यह इंशतहार नस्बत दरख्यास्त जारी किया जाता है कि कोई उजर हो तो असालतन या वकालतन अदालत में 10 बजे सुबह पेश होकर उजर अपना पेश करे। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उजर किसी का सुना न जायेगा। हाजिर हुकम निस्ब् दर्खास्त मजकूर से सादिर होगा। लअमरकूम 19 माह 1 सन 2024

**आज्ञा से पुष्पा रानी मुंसरिम**

## अदालती नोटिस

सूचना बाबत कार्यवाही / सुनवाई सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश सहारनपुर वाद स. 258 सन 2023 जन कल्याण परिषद, अनन्त बिल्डिंग, स्टेशन रोड़, सहारनपुर द्वार मंत्री श्री राकेश कुमार पुत्र स्व. मदन लाल नि. समर्पण, चंद्र नगर, रेलवे क्वाटर लेन सहारनपुर। बनाम। 1.. श्री परितोष कुमार पुत्र स्व. मदन लाल नि.7 चंद्र विला, दामोदर पुरी सदस्य परिषद मजकूर 2. आम जनता विपक्षी। इक्तिला दी जाती है कि दर्खास्त बा गरज इजाजत निम्न वर्णित जायदाद सायल मजकूर ने गुजारी है। लिहाजा यह इत्तालनामा बमुराद उजर दारान और दर पेशी मुकदमा 31. 01. 2024 जारी किया जाता है कि अगर किसी को निस्ब दर्खास्त के उजर हो 10 बजे सुबह मेरे न्यायालय में उपस्थित हो दरसूरत इन्तजार मियाद मजकूर फिर उजर आपका किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा। तफ्सील संपत्ति भूमि खसरा नं0 253/2 मि0 रकबई 0.410 है0 जिसमें वादी संस्था की मिलकियती सम्पत्ति 1 बीघा खाम यानि 0.72 है0 है, वाके ग्राम छजपुरा प्र.हरोडा तह. व जिला सहारनपुर। आज दि.18.माह 1 सन 2024 को मेरे हस्त. वा मोहर अदालत से जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी जिला जज, सहारनपुर**

## अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायधीश सहारनपुर मूलवाद सं. 569/2023 समीर गुप्ता पुत्र स्व. मूलचन्द गुप्ता निवासी ग्राम फतेहपुर मादो (देहरादून रोड) डा. छुटमलपर प्र. मुजफफराबाद, तह. बेहट जिला सहारनपुर वादी (बनाम) 1. सुशील गुप्ता पुत्र स्व. श्री मूलचन्द गुप्ता निवासी शालीमार गार्डन कालोनी निकट बेहट बस स्टेण्ड सहारनपुर। 2. सारिका पुत्री श्री मूलचन्द केयर आफ सुशील गुप्ता पुत्र स्व. श्री मूलचन्द गुप्ता निदानी शालीमार गार्डन कालोनी निकट बेहट बस स्टैण्ड, सहारनपुर प्रति. हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध एक नालिश बाबत निषेधाज्ञया के दायर की है तारीख 23/1/24 वास्ते समात मुकर्रर है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप उक्त तारीख पर न्यायालय में हाजिर हो कर जवाब दही दावा करें अगर आप उक्त तारीख पर न्यायालय में पेश न 5होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके सामात और फैसला होगा आज दि. 17.1.24 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रबंधक लघुवाद न्यायाधीश सहारनपुर।**

## अदालती नोटिस

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) सहारनपुर प्रर्कीण वाद सं0 219 सन 2023 ई0 कमल उम्र 31 वर्ष पुत्र स्व. लखमी चन्द निवासी मकान नं0 361 ग्राम सीकरी कला, डा0 चिलकाना परगना सुलतानपुर तहसील व जिला सहारनपुर आवेदक। बनाम 1-श्रीमति काकी पत्नी श्री मैनपाल पुत्री स्व0 लखमीचन्द 2-श्रीमति सोनिया पत्नी श्री ब्रजपाल सिंह पुत्री स्व0 लखमीचन्द। निवासीगण ग्राम खुशालिपुर परगना मुजफ्फराबाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर। उत्तर प्रदेश। 3-कु0 स्वाती पुत्री स्व0 लखमीचन्द 4-कु0 अंजलि पुत्री स्व0 लखमीचन्द । निवासीगण ग्राम सीकरी कला डा0 चिलकाना परगना सुलतानपुर तहसील व जिला सहारनपुर। उत्तर प्रदेश। 5-आम जनता विपक्षीगण। दरख्वास्त मुसम्मा कमल उम्र 31 वर्ष पुत्र स्व0 लखमी चन्द निवासी मकान नं0 361 ग्राम सीकरी कला, डा0 चिलकाना परगना सुलतानपुर तहसील व जिला सहारनपुर। उत्तर प्रदेश। ने वास्ते हुसूल सर्टी-फिकेट बसूल जर 47,640/- रूपये किफायत द्वारा दरख्वास्त मुससम्मा कमल मुतवफ्फा स्व0 लखमीचन्द पुत्र स्व. श्री भूल्लू निवासी ग्राम सीकरी कला, डा चिलकाना परगना सुलतानपुर तहसील व जिला सहारनपुर। उत्तर प्रदेश। अपने वसूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 बकेंद 47.640/- रूपये हरगाह मुसम्मा कमल ने दरख्वास्त हुसूल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारिख 30 माह 1 सन 2024 ई0 वास्ते समाअत दरखास्त मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी की नस्वत दरखास्त के वज हो या असालवून या वृकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि0) मुकाम सहारनपुर मुकरैर हाजिर होकर उज अपना पेश करे। दरसूरत इनकजाय तारिख मजकूर के फिर उज किसी का सुना न जायेगा हाजिर हुक्म मुनासिब निम्न दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा। लअमरकूम 21 माह 12 सन 1013 ई0

**आज्ञा से श्रीमति पुष्पा रानी मुन्सरिम।**

## अदालती नोटिस

न्याय. श्रीमान सिविल जज जू. डि.(हवाली) वाद संख्या 82 सन् 2023 1- श्रीमति सविता पत्नि देवी सिंह 2- रोहित पुत्र श्री देवी सिंह 3- कुशलाल सिंह पुत्र श्री जयसिंह समस्त निवासीगण ग्राम ना परगना तहसील नासु जिला सहारनपुर आवेदक! बनाम सोहन लाल पुत्र श्री रामदास निवासी 45वी दशमेश नगर खर मुहाली (पंजाब)। हरगाह मुदवालेह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि. 20.2.2024 को वक्त 10.30 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारी के लिए मुकर्रर है यास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को जिनकी शहादत पर नाज तमाम दस्तावेज को जिन पर आप अपनी जवाबदेही के ताहिए इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज दि.2 माह 01 सन 2024 को जारी किया गया।

**आज्ञा से मुन्सरिम सिविल जज (जू. डि.) हवाली, सहारनपुर।**

## अदालती नोटिस

मेरी मुवक्किल पल्लवी पत्नि हर्ष कुमार 15.1.24 को अपने दो असल बैनाम क्रमशः(1) विक्रेता प्रतीक गुप्ता क्रेता श्रीमति ऊषा, बही.1 जिल्द.1918 पेज 197-214 द.न.1351 दि. 20.4.2010 दूसरा बैनामा विक्रेता- ऊषा, क्रेता रमा, बही न.। जिल्द.3406 पेज 205-230 द.न.4082 दि. 18.6.2011 सब रजिस्ट्रार द्वितीय सहारनपुर में दर्ज हैं अपने वकील को दिखाने लिए गई थी कहीं गिर गये काफी तलाश किये नहीं मिले किसी को कोई जानकारी मिले या कोई क्लेम करना हो 7 दिन के भीतर संपर्क करे बाद में क्लेम स्वीकार न होगा, दि 17.1.24 रामशरण शर्मा एड,170, सिविल कोर्ट सहारनपुर, मो. 9411673105।

अवधनामा



## पूर्व विधायक ने लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किया

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत पूर्व विधायक खब्बू तिवारी ने गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्रामपंचायत



रामपुर मया में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई तथा भाजपा सरकार के विभिन्न लाभकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर सभी नागरिकों को भाजपा के डबल इंजन सरकार की उप्लब्धियों और योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बतलाया गया तथा अन्नप्राशन संस्कार, गोदभराई, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, नैनो यूरिया किट वितरण सहित विभिन्न योजनाओं के स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किया। उपस्थित सभी नागरिकों को राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण एवं कृतज्ञता के भाव से आदर्श नागरिक के दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया गया।आज भारत प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है। हमारे प्रमुख स्तंभ %युवा, महिला, किसान और गरीब% को सशक्तिकरण और स्वावलंबन प्रदान करने को समर्पित यह संकल्प यात्रा जन-जन के नवजागरण का संदेश बनी है। मंडल अध्यक्ष घनश्याम पांडेय , वरिष्ठ भाजपा नेता सियाराम वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह गुड्डू , श्याम जी दुबे, ऋतु पाठक, विनोद पांडेय वरिष्ठ भाजपा नेता ध्रुव गुप्ता , युवा भाजपा नेता नवीन सिंह , भाजपा कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न मोदनवालभाजपा नेता अखंड प्रताप सिंह उर्फ डिंपल सिंह, केपी सिंह, जयप्रकाश तिवारी, कैप्टन सिंह , राजीव सिंह बंटी , मनोज सिंह , वीरेंद्र तिवारी , प्रधान सुभाष शुक्ला , चंद्रभूषण सिंह , राम सागर गुप्ता , कृष्ण देव मिश्रा , संदीप तिवारी , शसंतोष सिंह , ऋषि पांडे , राजू तिवारी , राज मंगल सिंह , बबलू सिंह , सुजीत मिश्रा , राम प्रकाश तिवारी , भाजपा कार्यकर्ता व सम्मानित जनता सहित जिला व ब्लॉक के समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी अयोध्या में रखी नए अध्याय की नींव

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना वास्तविकता की शक्ल ले चुका है। इसमें शुक्रवार को एक और अध्याय जुड़ गया। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने के साथ ही उसे आधुनिकता और विरासत के समावेश से विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत %नव्य अयोध्या% परियोजना बेहद सफल हो रही है। इसी परियोजना के अंतर्गत सरयू नदी को सौर व स्वच्छ ऊर्जा नौका परिवहन तथा इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से रोल मॉडल के तौर पर स्थापित करने की दिशा में सीएम योगी ने नए अध्याय की नींव रखी। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए हैं। इस क्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का



उद्घाटन कर देश में पहली बार इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाले इलेक्ट्रिक सोलर टेक्नोलॉजी बेस्ड बोस सर्विस का शुभारंभ किया। उन्होंने इस बोट के परिचालन को लेकर तमाम तकनीकी पहलुओं के निरीक्षण के साथ ही इनलैंड वॉटरवेज के विकास के लिहाज से अयोध्या में हो रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बटन दबाकर बोट संचालन की शुरुआत की तथा सरयू नदी में बोट पर सवार होकर नदी किनारे बने फ्लोटिंग जेटी व फ्लोटिंग बोट चार्जिंग स्टेशन का भी जायजा लिया। सीएम ने सरयू में बोटिंग कर लिया नौकायन परिवहन की तैयारियों का जायजा सीएम योगी ने अयोध्या में सरयू घाट पर शुक्रवार को सोलर बोट के संचालन का शुभारंभ करते हुए फीता काटकर व बोट के नेवीगेशन बटन को दबाकर आगाज किया। इस दौरान उन्होंने सरयू नदी में इस बोट के जरिए नौकायन भी किया तथा सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं तथा इनलैंड वॉटरवेज के हिसाब से विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए उनके बारे में जानकारियां प्राप्त कीं। बोट पर राइड के दौरान उन्होंने घाटों पर भारी तादाद में जुटे श्रद्धालुओं का हाथ हिलाकर अभिवादन किया तथा बोट के संचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी ली। इस दौरान, सेलिंग जेटी के तौर पर कार्यरत ई-बोट चार्जिंग स्टेशन बनाए गए गंगा-6 को भी देखा तथा इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि यह सेलिंग जेटी 15 दिसंबर से अयोध्या में डेरा डाले हुए है तथा यह 20 बोट्स के बर्थिंग का माध्यम बन सकता है। सेलिंग जेटी पर इलेक्ट्रिक पावर चार्जिंग प्लग प्वॉइंट्स को भी विकसित किया गया है, जिसके जरिए सरयू नदी में चलने वाली ई-बोट्स की चार्जिंग व बर्थिंग प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकेगा।

## गोसाईंगंज बाजार में 22 को निकाली जाएगी भव्य रामराज्य रथ यात्रा

**गोसाईंगंज -अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूरे नगर पंचायत में आस्था और उत्साह का वातावरण है। नगर में श्रीराम राज्य स्थापना महोत्सव को लेकर महादेवा घाट मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं व साथ वार्ड नंबर 4 के नगर पंचायत सभासद रविंद्र यादव ने बताया कि एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की प्रस्तावना रखते हुए राम महोत्सव को मनाने के लिये मार्गदर्शन लिया था। रविंदर यादव ने बताया कि डीजे की धुन में राम राज्य रथ यात्रा निकाला जाएगा । गोसाईंगंज में मनेगी 2 दिन दीपावली श्रीराम राज्य स्थापना महोत्सव के दौरान गोसाईंगंज राममय होगी। हर घर द्वार आंगन सजाया जायेगा। 21 से 22 जनवरी तक हर घर में विद्युत सज्जा, लिपाई-पुताई, दीप मालाओं की सजावट के साथ ही हर दिन रांगोली और मांडने भी बनाये जायेंगे।

## गर्भगृह में विराजमान रामलला की पहली तस्वीर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या में 16 जनवरी से शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुक्रवार 19 जनवरी को चौथा दिन है। आज शाम से अस्थाई मंदिर में रामलला के दर्शन बंद हो जाएंगे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद नए मंदिर में 23 जनवरी से श्रद्धालुओं को दर्शन मिलेंगे। इससे पहले गुरुवार को रामलला की मूर्ति को गर्भगृह में बने आसन पर रख दिया गया था। कारीगरों ने मूर्ति को आसन पर खड़ा किया। इस प्रोसेस में 4 घंटे लगे। बताया गया है कि अब मूर्ति को गंध वास के लिए सुगंधित जल में रखा जाएगा। फिर अनाज, फल और घी में भी रखा जाएगा। आज श्रीरामलला का वैदिक मंत्रों के साथ औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास कराया गया। फिर आरणी मंथन से कुंड में अग्नि प्रकट की गई। श्रीरामलला 20 जनवरी को वास्तु शांति के बाद सिंहासन पर विराजेंगे। इस बीच, जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि गर्भगृह में नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा में कोई दिक्कत नहीं है। ऐसा लोगों के दर्शन के लिए किया गया है। आज शाम 7 बजे से अस्थाई राम मंदिर में दर्शन बंद हो जाएंगे।

## सीएम योगी ने किए रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन

## 11 दिन में मुख्यमंत्री ने रामनगरी का किया तीसरा दौरा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले



हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन, आरती व परिक्रमा की। महज तीन बाद रामलला अपने भव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे। ऐसे में सीएम ने यहां की सभी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। शुक्रवार सुबह रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। 11 दिन के भीतर (9 जनवरी, 14 जनवरी और 19 जनवरी) सीएम का रामनगरी का यह तीसरा दौरा है। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी तैयारियों के संदर्भ में भी जानकारी ली। रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। यहां उन्होंने संतों-महंतों से भी हालचाल जाना। यहां ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़ी जानकारी दी। दर्शन-पूजन के दौरान काबीना व प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ. अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## सीएम योगी ने प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियों का लिया जायजा

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दर्शन-पूजन के उपरांत शुक्रवार को राम मंदिर भी पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद शुक्रवार को पूजन में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां दिव्य-भव्य मंदिर का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। यहां विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश से व्यवस्था से जुड़ी जानकारी ली। फिर विहिप, ट्रस्ट के साथ ही स्थानीय प्रशासन-पुलिस के अफसरों को चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था रखने का निर्देश दिया।

## स्वच्छता बने एक जनआंदोलनः सुनील बंसल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महानगर के विभिन्न स्थलों पर भाजपा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री ने लता चौक से अभियान की शुरूवात की थी।शुक्रवार को राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रामकोट वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया । इस दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह मौजूद थे। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार हम सभी अयोध्या को सुन्दर व स्वच्छ बना रहे है। देवस्थानों पर स्वच्छता अभियान जनसहभागिता से चलाया जाए। स्वच्छता एक जनआंदोलन बनें। सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों देवस्थान की साफ-सफाई के उपरान्त दिन में भजन-कीर्तन, पूजन व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखें। उन्होनें ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रतिष्ठानों व घरों को रामज्योति व झालरों से प्रकाशित साज-सज्जा करने की अपील किया।प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने देवकाली वार्ड में, सांसद लल्लू सिंह ने हनुमान कुंड वार्ड में, क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने अटल नगर वार्ड में, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अशोक सिंघल वार्ड में, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने देवकाली वार्ड, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने ऋंगी ऋषि आश्रम महबूबगंज, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने अभिराम दास वार्ड, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने सीताकुण्ड वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया है। वार्डो के पार्षदों ने भी अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया।

## डीएम एसपी ने अयोध्या हाईवे पर परखी सुरक्षा व्यवस्था

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अयोध्या में आगामी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस




अधीक्षक ने अयोध्या राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अयोध्या में आगामी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा बाराबंकी-अयोध्या राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अयोध्या राजमार्ग पर पड़ने वाले होटल/ढ़ाबा का निरीक्षण कर साफ-सफाई व वाहनों की पार्किंग हेतु समुचित व्यवस्था करने तथा सीसीटीवी कैमरों के सुचारु रूप से संचालन हेतु निर्देशित किया गया। लखनऊ बाराबंकी सीमा पर स्थित मोहम्मदपुर पुलिस चौकी, थाना कोतवाली नगर का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को पेट्रोलिंग कर महत्वपूर्ण कट्स, तिराहा, चौराहों आदि पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए सीएम योगी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तुलसी पीठाधीश्वर जगदुरु श्रीरामभद्राचार्य से भी मुलाकात की। पद्म पुरस्कार से सम्मानित श्रीरामभद्राचार्य के 75वें जन्मदिवस पर अयोध्या के काशीराम कॉलोनी के पास अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 14 जनवरी से शुरू हुआ है, जो 22 जनवरी तक निरंतर चलेगा। आयोजन के छठवें दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां पहुंचे। आयोजन स्थल पर चल रही 1008 कुंडीय हनुमन महायज्ञ में शामिल हुए। योगी आदित्यनाथ ने आहुति देकर सुखी स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे पहले जगदगुरु श्रीरामभद्राचार्य के पास पहुंचे। अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। यहां सीएम ने श्रीरामभद्राचार्य का हालचाल भी जाना। आयोजन स्थल पर सीएम को देख उपस्थित श्रद्धालुओं व आगंतुकों ने अपने मोबाइल में फोटो व वीडियो बनाया। सभी सीएम की एक झलक पाने को बेताब दिखे। मुख्यमंत्री ने भी लोगों का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दर्शन-पूजन के उपरांत राम मंदिर भी पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद शुक्रवार को पूजन में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां दिव्य-भव्य मंदिर का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। यहां विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश से व्यवस्था से जुड़ी जानकारी ली। फिर विहिप, ट्रस्ट के साथ ही स्थानीय प्रशासन-पुलिस के अफसरों को चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था रखने का निर्देश दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बाराबंकी।** हैदरगढ़ मार्ग पर हुए एक हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक लखनऊ में एक फैक्ट्री में काम करता था।

जानकारी के अनुसार अजीत कुमार रावत 22 पुत्र राम विशाल नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बड़ेल कस्बे में रहता है। वह लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र के तिवारी गंज में एक फैक्ट्री में वेल्डिंग का काम करता है। गुरुवार की रात स्टॉफ के साथी को मंजीठा छोड़कर वह बाइक से घर लौट रहा था, हैदरगढ़ रोड पर मौरंग मण्डी के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, कि रास्ते मे उसने दम तोड़ दिया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अयोध्या में जलेंगे एक लाख बीवैक्स दीपक, वाहन रवाना




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अयोध्या में आगामी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने एक लाख बीवैक्स दीपकों को हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या रवाना किया। चैनपुरवा कायाकल्प फाउण्डेशन बाराबंकी द्वारा निर्मित एक लाख बीवैक्स दीपकों को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा ग्राम रजौली थाना देवा से हरी झण्डी दिखाकर रामनगरी अयोध्या रवाना किया गया। जनपद में मधुमक्खी पालन हेतु ग्रामोद्योग व स्वयं सहायता समूह द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आकर्षक डिजाइन के बीवैक्स दीपक (मधुमक्खी द्वारा जमा की जाने वाली प्राकृतिक वैक्स) बनाए जा रहे हैं। बाराबंकी में निर्मित बीवैक्स दीपक अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रज्जवलित होंगे।

## ट्रक की चपेट में आने से हुआ दर्दनाक मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पनियरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बभनौली के पनियरा परतावल मार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अपने अपनी पत्नी और दीदी जीजा के साथ बाइक से जा रहा था। तभी अचानक बभनौली में बाइक से नियंत्रण छूट गया। और परतवाल के तरफ से तेज गति से आ रही ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गए। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। और



पत्नी और जीजा दीदी के साथ दाह संस्कार से लौट रहा था। मिली जानकारी के अनुसार पिपराइच निवासी मृतक अवध किशोर वर्मा अपने पत्नी और दीदी जीजा के साथ हसखोरी महुआवा में किसी रिश्तेदार के घर दाह संस्कार में शामिल होने गया था। दाह संस्कार से वापस लौटते समय मृतक अवध किशोर वर्मा पत्नी दूर जा गिरी। उसके साथ आ रहे दीदी जीजा को गंभीर छोट लगी है। एंबुलेंस की मदद से स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पत्नी भयावह दृश्य देखकर बेसुध हो गई। स्थानीय लोगो ने किसी तरह संभाला। घटना की सूचना मिलने ही मौके पर स्थानीय पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

## नौकरी के नाम पर ऐंठ लिए एक लाख 70 हजार रुपये

**फतेहपुर बाराबंकी।** बाराबंकी के एक व्यक्ति ने सीतापुर के युवक को सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख 70 हजार रुपए ऐंठ लिए। नौकरी न लगने पर पीड़ित ने पैसे मांगे तो धमकी मिल रही।

जानकारी के अनुसार अंशुल पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम बिलासपुर थाना महमूदाबाद सीतापुर ने कोतवाली फतेहपुर में तहरीर देकर भगौती प्रसाद पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम नहरवल थाना कोतवाली फतेहपुर पर आरोप लगाया कि उसने भगौती को सचिवालय में नौकरी के दिलवाने के नाम पर एक लाख सत्तर हजार रूपये एक वर्ष पूर्व दिए थे। पैसा लेने का काफी समय बीतने के बाद भी न उसे नौकरी मिली और न ही पैसा ही वापस मिला। भगौती एक दबंग किस्म का व्यक्ति है। वह पैसा मांगने पर अभद्रता पर उतर आया और जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# लेहड़ा मंदिर में हुई साफ सफाई, प्रभारी मंत्री और पूर्व विधायक ने लगाई झाड़ू

*अवधनामा संवाददाता*

बृजमनगंज (महराजगंज)। नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मंदिरों में साफ सफाई अभियान शुरू हो गया। प्रभारी मंत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष और पूर्व



विधायक ने अद्रवान स्थित लेहड़ा दुर्गा मन्दिर में साफ-सफाई की। शुक्रवार को प्रभारी मंत्री डॉ दया शंकर मिश्र (दयालु) भाजपा जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय और पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह लेहड़ा दुर्गा मन्दिर परिसर में झाड़ू लगाया। साथ में मन्दिर के पुजारी और बड़ी संख्या में मन्दिर कर्मचारियों और आम जनमानस ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। प्रभारी मंत्री डॉ दया शंकर मिश्र (दयालु) ने लेहड़ा अद्रवन स्थित दुर्गा मन्दिर में स्वच्छता अभियान के दौरान कहा कि आप सभी से यही निवेदन है कि आप अपने आस-पास के मंदिरों एवं तीर्थ स्थानों की साफ-सफाई में हिस्?सा लेकर हम सबके आराध्?य प्रभु श्री राम का भव्?य स्?वागत करें। पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, आयोध्या धाम। पीएम मोदी ने स्वयं इस अभियान की शुरुआत पंचवटी से की थी। श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी। इसके तहत देशभर के मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर मंत्रियों और नेताओं द्वारा सफाई की जाएगी। इस दौरान मंदिर के पुजारी देवी दत्त पाण्डेय, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, भूपेन्द्र पाण्डेय, विवेका पाण्डेय, जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय, सीडीओ संतोष कुमार, ब्लाक प्रमुख उदयराज यादव, राजेश जायसवाल, मधुर सिंह, प्रदीप पाण्डेय, राजाराम गुप्ता, विपीन तिवारी, योगेन्द्र यादव, पंकज सिंह, रमेश सिंह, गुलाब चौरसिया, रमेश चंद्र, विवेक कुमार, दिलीप कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने किया रिहर्सल परेड का निरीक्षण

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक ने आगामी 26 जनवरी की रिहर्सल परेड का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक



दिनेश कुमार सिंह द्वारा आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये एवं आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 25 को होने वाले नव मतदाता सम्मेलन के लिए युवा मोर्चा ने बनाई रणनीति

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी नव मतदाता सम्मेलन के लिए शुक्रवार को युवा मोर्चा ने रणनीति बनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय महामंत्री अखिलदेव त्रिपाठी व भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा व संचालन जिला उपाध्यक्ष विकास पांडेय ने किया।

क्षेत्रीय महामंत्री अखिलदेव त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप जैसे ऊर्जावान युवाओं की बदौलत 2024 में हमें पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को प्रधान सेवक के रूप में चुनना है। युवा मोर्चा भाजपा के रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं व सदैव निर्णायक भूमिका में रहती है, यह कार्यक्रम हमारे क्षमता को प्रमाणित करने का एक माध्यम है। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने सभी पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि नवमतदाता सम्मेलन में 18 से 23 वर्ष के वह सभी नवमतदाता हिस्सा लेंगे, जो भारत को आगामी भविष्य में विकसित भारत व विश्व गुरु के रूप में स्थापित होते देखेंगे। जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक विधानसभा में दो स्थानों पर तय किया गया है, जिसकी संपूर्ण रूपरेखा बना ली गई है।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पांडेय, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा निलेश चौधरी, राहुल गुप्ता, जिला मंत्री अभिषेक शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी मिथिलेश अग्रहरि, जिला शोध प्रमुख विपिन गौतम, युवा नेता मनोज अग्रहरि, जिला कार्य समिति विवेक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीपचंद साहनी, गौरव वर्मा, राहुल गुप्ता, लोकेश राहुल, अनुराग कसौधन, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण व पुष्पार्चन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को सेहरी बुजुर्ग में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन करते हुए उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने देश की आजादी में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। समारोह में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का शौर्य अनुकरणीय है। समारोह को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष बस्ती सत्यानंद सिंह हाड़ा ने कहा कि महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर आज समाज की एकजुटता पर मुझे गर्व हो रहा है। धर्मेंद्र सिंह ने प्रस्ताव रखा कि भारत के आजादी में इटवा क्षेत्र के क्षत्रियों का बृहद योगदान है। सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम तथा महाराणा प्रताप की मूर्ति सिद्धार्थनगर मुख्यालय पर स्थापित किया जाय। अखिल भारतीय महासभा के जिला अध्यक्ष भूपनारायण सिंह की अध्यक्षता में हुए समारोह को संबोधित करने वालों में रत्नेश प्रताप सिंह प्रिंस, हरेंद्र बहादुर सिंह, राकेश कुमार सिंह, जय प्रकाश सिंह, कर्ण सिंह, कृष्णपाल सिंह, सुधीर सिंह बघेल, ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह, विनोद सिंह, अरविंद सिंह, वीरबहादुर सिंह, विनोद सिंह, धीरेंद्र सिंह, महेंद्र बहादुर सिंह, अमरेंद्र सिंह शामिल थे। संचालन जिला महामंत्री हरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर राजन सिंह, संजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, उपेंद्र प्रताप सिंह, धीरेंद्र, सूर्यनाथ सिंह आदि की उपस्थिति रही।

## गांव की समस्या गांव में हो समाधान चौपाल लगाकर सचिव ने सुनी समस्या



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत विकास खण्ड लोटन के प्राथमिक विद्यालय पटखौली में व ग्राम पंचायत धरनीहवा में ग्राम प्रधान कमलेश चौरसिया की अध्यक्षता मे व पटखौली सचिव मनोज कुमार की मौजूदगी में धरनीहवा सचिव सुशील की मौजूदगी चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। सचिव ने कहा की ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत में शुक्रवार को चौपाल लगाया जाता है। लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए सरकार की मंशा है की सभी पत्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके उन्होंने कहा की वृद्धा, विधवा, पेंशन व जन्म या मृत्यु होने पर आनलाइन कराने के लिए कहा गया अवास सौचालय से सम्बंधित जानकारी भी दी। ग्राम प्रधान कमलेश चौरसिया ने ग्रामीणों से कहा की अपने ग्राम वासियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना को बता कर लाभार्थियों को दिलाने का हर सम्भव प्रयास रहेगा योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा चाहे नाली या सड़क की बात करें या सौचालय हो अवास या शादी अनुदान का लाभ या विधवा पेंशन का भी लाभ दिलाया जायेगा। इस दौरान रोजगार सेवक कृपा शंकर अब्दुल वहाब, मो. सेराज, मुनेसर, दयाराम, मड़वारी, जोखन, संतराम पतई, अदालत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### 225 आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें

**बस्ती।** आगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं में सुदृढीकरण के संबंध में कन्वर्जेन्स विभागों के साथ मंडल स्तरीय कार्यशाला मंडलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में भारत रत्न पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में संपन्न हुई। उन्होंने निर्देश दिया कि 31 मार्च तक 225 आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें। प्रदेश शासन के निर्णय की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आजादी के 75वें वर्ष अमृत काल में प्रत्येक जिले में 75 आंगनबाड़ी केंद्रों का इस वर्ष कायाकल्प किया जाना है। उन्होंने कायाकल्प कार्य समय से पूरा करने के साथ अन्य विभागीय योजनाओं पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, आईसीडीएस विभाग बेहतर समन्वय बनाते हुए लक्ष्य पूरा करें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने कहा कि जनपद में मॉडल के लिए चयनित सभी 14 लर्निंग लैब तैयार कर दिया गया है।

## फव्वारा चौक पर लगेगी राम प्रतिमा बनेगा रामपथ

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बीच अकबरपुर नगर के फव्वारा तिराहा पर भगवान राम की दिव्य मूर्ति की स्थापना होगी। सात फिट ऊंची मूर्ति जहां नीले पत्थर की होगी तो वहीं वस्त्र केसरिया रंग का होगा। 22 जनवरी को मूर्ति स्थापना के लिए चबूतरे का निर्माण किया जा रहा है। इसी के साथ फव्वारा तिराहा क्षेत्र का नाम बदलकर राम पथ कर दिया जाएगा।प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य रूप देने के लिए अयोध्या में तैयारियां लगभग अंतिम चरण में हैं। एक दिन पहले 15 जनवरी से धार्मिक अनुष्ठान भी इसके लिए प्रारंभ हो गए हैं। इसे लेकर चहुंओर उल्लास का माहौल है। अयोध्या नगरी से सटे अंबेडकरनगर में भी धार्मिक अनुष्ठानों के बीच समूचा माहौल राममय हो चला है।इन सबके बीच अकबरपुर नगर के फव्वारा तिराहे पर भगवान राम की दिव्य मूर्ति स्थापना की तैयारी है। लगभग छह लाख रुपये से सात फिट ऊंची भगवान राम की मूर्ति बनकर तैयार है। सूत्रों के अनुसार राजस्थान से आने वाली मूर्ति नीले पत्थर की होगी। केसरिया रंग की धोती और अन्य वस्त्र होंगे। इससे मूर्ति का लुक अत्यंत भव्य होगा। मूर्ति स्थापना के लिए फव्वारा के बगल की चबूतरे का निर्माण तेजी से चल रहा है। बृहस्पतिवार तक इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। बताया जाता है कि 20 जनवरी को मूर्ति जिले में पहुंच जाएगी। 21 जनवरी को देर शाम उसे चबूतरे पर स्थापित किया जाएगा। इसके बाद 22 जनवरी को विधि-विधानपूर्वक मूर्ति का अनावरण होगा। फव्वारा तिराहे पर भगवान राम की मूर्ति स्थापना के साथ ही तिराहे का नाम फव्वारा तिराहा क्षेत्र बदलकर राम पथ किया जाएगा। इसे लेकर नगर पालिका प्रशासन ने तैयारी भी शुरू कर दी है। बताते चलें कि बीते वर्ष ही फव्वारा तिराहे से लेकर शहजादपुर पुलिस चौकी तक की लगभग दो किमी दूरी में फोरलेन सड़क का निर्माण हुआ है।

## बीआरसी सभागार में नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज में प्रशिक्षण हाल में शुक्रवार से शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 42 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर ट्रेनर नफीस हैदर ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

सभी नोडल शिक्षक प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को अपनाते हुए अपने विद्यालय में लागू करें। उन्होंने आगे कहा कि दिव्यांग बच्चे व सामान्य बच्चे एक साथ मिलकर शिक्षा ग्रहण करें तथा दिव्यांग बच्चों में कभी अपने से अलग रहने की भावना न जागृत हो इस बात का ध्यान रखा जाए। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए ट्रेनर गणेश कुमार गौड़ ने बताया कि सामान्य जीवन में सभी बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण करें और बच्चों में एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना हो ऐसा माहौल शिक्षक अपने कक्ष में तैयार करें।

प्रशिक्षक अंजनी कुमार सिंह व राजकुमार चौधरी ने कहा कि 90 दिवसीय अनवासीय प्रशिक्षण विकासखंड स्तर पर कराया जाना है जिसमें 10 दिन में दो चरणों में ऑफलाइन मोड में व 80 दिवसीय प्रशिक्षण दीक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कराया जाना है। इस मौके पर नोडल शिक्षक रामनारायण दुबे, शकील अहमद, सदाकत हुसैन फारूकी, फखरुद्दीन, भैयालाल, उजैर अहमद, अनिल चौबे, कमलेश मौर्य, राजू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### गौशाला निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत देउरवा मे स्थित बने गौशाला मे बृहस्पतिवार को दो गाया की मृत्यु हो गई जानकारी होते ही शुक्रवार की सुबह सदर एस डी एम डा ललीत कुमार मिश्र व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी डा जीवन लाल देउरवा गौशाला पहुंच गये निरीक्षण के दौरान पाया गया की दो गाय की मृत्यु हो गई है। एसडीएम ने निर्देशित किया की पशुओ की देख रेख समुचित ढंग से किया जाये तथा ठंड को देखते हुए सभी पशुओं को काऊ कोट लगाने को बीडीओ राम प्रवेश को निर्देश दिया। ब्लाक पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी डा राज कमल यादव का कहना है की एक गाय की मौत स्वाभाविक हुई है तथा दूसरे गाय की मृत्यु पेट फुलने से हुई है एक गाय बीमारी से ग्रस्त है उसको गुलकोच लगाया गया है। निरीक्षण के दौरान बी डी ओ राम प्रवेश, उप पशु चिकित्साधिकारी राज बहादुर यादव, सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, विनोद कुमार चौधरी, सहित तमाम सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम चला रही सर्च अभियान



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत नेपाल के बढ़नी सीमा क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम डॉग स्क्वायड के साथ होटलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, गेस्ट हाउस आदि स्थानों पर सर्च अभियान चलाकर संदिग्धों की तलाश में जुटी है, प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहद चौकन्नी है। गुरुवार की देर शाम को एसएसबी बढ़नी बीओपी निरीक्षक नितिन कुमार और बढ़नी पुलिस चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव के नेतृत्व में सुरक्षा निकायों के जवानों की संयुक्त टीम ने कस्बे के गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, होटलों, ढाबों आदि का डॉग स्क्वायड के साथ बड़ी सघनता से चेकिंग किया और गेस्ट हाउस, होटलों आदि के संचालकों को किसी भी व्यक्ति के संदिग्ध मालूम होने पर त्वरित सूचना देने की बात कही। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ढेबरुआ शशांक सिंह ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है, अयोध्या में होने जा रहे प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह तथा गणतंत्र दिवस के मद्देनजर क्षेत्र में संदिग्धों के आवागमन पर पैनी नजर रखें और अवैध गतिविधियों, राष्ट्र विरोधी तत्वों की जानकारी मिलने पर त्वरित सूचना दे जिससे त्वरित कार्यवाही की जा सके।

### श्री राम उत्सव यात्रा का बांसी रोडवेज चौराहे पर होगा ऐतिहासिक स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर दो दिन पूर्व हिंदू युवा वाहिनी धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में व हिंदू युवा वाहिनी प्रदेश प्रभारी पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कल 20 जनवरी 2024 दिन शनिवार को डुमरियागंज से निकलने वाली श्री राम उत्सव यात्रा का बांसी रोडवेज चौराहे पर सुबह 10:30 बजे ऐतिहासिक स्वागत होगा। उक्त जानकारी देते हुए हियुवा सिद्धार्थनगर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि यात्रा में प्रभु श्रीराम के रथ के साथ हनुमान जी लक्ष्मण,भरत शत्रुधन,माता शबरी,विप्र देवताओं समेत 12 रथ यात्रा में शामिल रहेंगे जिसका बांसी नगर में शंख घंट घड़ियाल फूल मालाओं से ऐतिहासिक स्वागत किया जायेगा तथा उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी से आग्रह किया।

## ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष/ सचिव/ सदस्यों के साथ की गई गोष्ठी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर डॉ0 केएस प्रताप कुमार की अध्यक्षता में पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती राम कृष्ण भारद्वाज, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह व उज्वल दत्ता, कमाण्डेन्ट 43वी बटालियन सीमा सुरक्षा बल की उपस्थिति में शुक्रवार को थाना कपिलवस्तु पर शासन की मंशा के अनुरूप आपरेशन कवच के तहत भारत नेपाल सीमा क्षेत्र से 10 किलोमीटर के अन्दर आने वाले ग्रामीणों को सीमा सुरक्षा से जोड़ने हेतु ग्रामों में गठित ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष/सचिव/ सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर उनके कर्तव्य व दायित्वों का बोध कराकर जागरूक कराया गया। इस दौरान मानव तस्करी, नशीली दवाओं/अवैध शराब, अवैध तरीके से वस्तुओं/सामानो के आयात-निर्यात आदि अन्य अपराधों के संबंध में सूचनाओं से अवगत कराने हेतु बताया गया। अगर कोई अपरिचित व्यक्ति जो काफी समय से गांव में रह रहा हो और उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगे व ऐसे व्यक्ति जो देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हो तो उसके बारे में तत्काल हल्का प्रभारी व बीपीओ को तथा साथ ही थाना प्रभारी को अविलंब अवगत कराने हेतु बताया गया साथ ही उनसे गांव के अन्य लोगों को भी जागरुक करने हेतु प्रेरित किया गया तथा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़ने वाले सड़क मार्गो पर ज्यादा से ज्यादा सी.सी.टी.वी. कैमरे स्थापित कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया तत्पश्चात ग्राम प्रहरीगण को कम्बल वितरण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक, आरके डोगरा द्वितिय कमाण्डेन्ट एसएसबी 43वी बटालियन, अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर, जयराम क्षेत्राधिकारी इटवा, अरुण कान्त सिंह क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ व नेपाल सीमा से सटे सभी थानों के थाना प्रभारी, 43वी बटालियन एसएसबी के अधिकारी कर्मचारीगण व पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व अन्य मौजूद रहे।

## सीमा क्षेत्र में होने वाली हरेक गतिविधियों पर रखें पैनी नज़र



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सीमावर्ती कस्बा बढ़नी के पुलिस चौकी, ब्लाक क्षेत्र के सेवरा, परसोहिया, खजुरिया शर्की, सिसवा उर्फ शिवभारी और इटवा ब्लाक के कठेला शर्की में एसएसबी 50वीं वाहिनी के सहायक सेनानायक पंकज कुमार शाह थानाध्यक्ष ढेबरुआ शशांक सिंह ने लोगों के साथ बैठक किया।आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में नवनिर्मित श्रीराम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह व गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मद्देनजर आयोजित इस बैठक में उन्होंने कहा कि सीमा पर आने-जाने वाले लोगों पर पैनी नजर रखने,अवैध गतिविधियों असामाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस व एसएसबी को दें। जिससे अवैध गतिविधियों व असामाजिक तत्वों के कारनामों पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता राजू शाही, त्रियुगीनाथ अग्रहरि, राजकुमार अग्रहरि, अखिलेश कुमार गुप्ता, मनोज पांडे, गोकुल गोयल, गुलाब चन्द अग्रवाल, सभासद सतीश शर्मा, निजाम अहमद, राधेश्याम शर्मा, मो अख्तर, मनोज यादव, चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव तथा ग्राम पंचायत सेवरा में प्रधान विजय पाठक, इन्द्रवती देवी, नूरजहां, सावित्री देवी, रीमा देवी, अंकुश कुमार, राजेश यादव, वर्षा प्रजापति आदि मौजूद रहे। एसएसबी 50वीं वाहिनी के कैंप महादेव बुर्जुग के जवानों ने भारत-नेपाल सीमा पर बॉर्डर स्तम्भ 563 पर शुक्रवार को बीओपी प्रभारी राहुल राज के नेतृत्व में नेपाल एपीएफ और नेपाल पुलिस के साथ संयुक्त गश्त व अहम बैठक किया।इस दौरान उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा व 26 जनवरी कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में संदिग्ध लोगों के आवागमन पर पैनी नजर रखें एव अवैध गतिविधियों व आसामाजिक तत्वो पर विशेष नजर रखें। इस दौरान एएसआइ सुभाष कुमार, एपीएफ निरीक्षक सितल इटैनी, एसएचसी संता बहादुर, एचसी उत्तम मौली, संदीप सुनार, नेपाल पुलिस एएसआई विक्रम भूशेल, संदीप कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार, परवीन शैलेश, मंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### भारत संकल्प यात्रा पहुंची कुडवा व रानीपुर



**पौली अवधनामा संवाददाता।** भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को विकास खन्ड पौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुडवा और रानीपुर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एलईडी वाहन द्वारा मौजूद लोगो को केन्द्र व प्रदेश सरकार के जन कल्याण कल्याणकारी योजनाओं से लोगो को रुबरू कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे साधु यादव ने सरकार की योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार हर घर तक सरकारी योजनाओ का लाभ पहुँचाने के लिए दृढ संकल्पित है। इसी के साथ साथ मौजूद सभी विभागो से आये जिम्मेदारो ने सरकार द्वारा योजनाओ कि जानकारियाँ दी। इस मौके पर अनिल जायसवाल, अनिल अग्रहरी,विनय पान्डेय, हिफजुर्रहमान, अम्ब्रीश पटेल,राकेश कनौजिया, रामभरोस, जयप्रकाश राहूल अग्रहरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जनपद प्रशासन अलर्ट

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर अम्बेडकरनगर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनता की पूर्ण सहयोग की आवश्यकता है।

सीओ सिटी सुरेश मिश्रा अकबरपुर ने निर्देश दिए कि अपने आसपास के माहौल पर नजर रखें और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों के द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है । तो इसकी सूचना पुलिस को दें। आपको बता दें कि भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित होगा। इस दिन जिला अंबेडकरनगर के मंदिरों में भी भजन-कीर्तन, सुंदर कांड का पाठ, हवन-यज्ञ, प्रभात फेरी, स्वच्छता कार्यक्रम, शोभा यात्रा व प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी समुदाय व समाज के लोग अंबेडकर नगर की वर्षों पुरानी गंगा जमुनी तहजीब और शांति व आपसी भाईचारे की परंपरा अनुसार जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे।सभी कार्यक्रम शांतिपूर्वक माहौल में आयोजित किए जाएं। अगर कहीं पर कोई परेशानी आती हैं, तो जिला प्रशासन को इसकी सूचना उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के कार्यक्रम के मद्देनजर जिला में भाईचारे, एकता व धार्मिक सहयोग के साथ कार्य करना है।इस दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का भ्रामक प्रचार आदि न करें। पुलिस प्रशासन हर प्रकार की गतिविधि पर पूरी नजर रखेगा। सभी समाज व समुदाय के लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए इन कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग करें। किसी असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि मेवात की परंपरा मजबूत भाईचारे की है। जनपद वासी हर स्थिति पर नजर बनाए रखें। जहां प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा महसूस हो, वहां पर प्रशासन को सूचित करें।

## सिद्धार्थनगर महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के तहत स्कूली बच्चों ने दिया ऑडिशन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले सिद्धार्थनगर महोत्सव के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों में शुक्रवार को भी स्कूली बच्चों ने ऑडिशन दिया। ऑडिशन कार्यक्रम के दौरान अपनी शानदार प्रस्तुति देकर बच्चों ने खूब वाहवाही लूटी। विभन्न स्कूलों के बच्चों ने एक के बाद एक प्रस्तुति देकर सभी को हैरत में डाल में दिया। ऑडिशन के पहले दिन 18 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों के चयन की घोषणा बाद में की जाएगी।

जनपद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 जनवरी से एक फरवरी के बीच होने जा रहे सिद्धार्थनगर महोत्सव में प्रतिदिन स्कूली बच्चों की प्रस्तुति होनी है। जिसको लेकर तैयारी की जा रही है। बच्चों का ऑडिशन ऑडिशन शहर स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में अंतिम दिन शुक्रवार को भी हुआ। सुबह 11 बजे से शुरू होकर शाम तक चले ऑडिशन में जनपद के 18 विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। प्रस्तुत कार्यक्रम में एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, समूह गायन, विविध विषयों पर नाट्य प्रस्तुति आदि शामिल रहे। प्रस्तुति देने वालों में दिव्या पांडेय, आकांक्षा पांडेय, रोशनी वार्षिक, अनन्य पांडेय, शालिनी शुक्ला, अमीषा, नव्या जायसवाल, प्रज्ञा उपाध्याय, ज्योति वर्मा, अभिषेक मौर्य, अनुश्री आदि बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय है। चयन से वंचित छात्र-छात्राओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें आगे और बेहतर प्रस्तुति करने की कोशिश करनी चाहिए। निर्णायक मंडल में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार की डॉ.अपर्णा सिंह, बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर के पूर्णेश्वर मिश्र, जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई के प्रवक्ता सच्चिदानंद शुक्ल, जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज के समर बहादुर पाल, मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेइया के अनिल गुप्त, अर्चना व ज्योत्सना शामिल रहीं।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकलेगी आज भव्य शोभायात्रा

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रभु श्री राम जी की शोभायात्रा मुबारकपुर क्षेत्र में निकलना सुनिश्चित है जिसका आयोजन दिनांक 20/01/2024 को दोपहर 12 से काली माता मंदिर (यादव बस्ती) से निकाल कर चौक बाजार होते हुए चुंगी तिराहा से मोहनगंज चौराहा होते हुए पुनः काली माता मंदिर पर समापन सुनिश्चित है जिसमें आप सभी राम भक्त माता एवं बहनों निवेदन है कि शोभा यात्रा में पहुंच कर अपने जीवन को पुण्य बनाएं निकलने वाली उक्त शोभायात्रा को सफ़ल बनाने के लिये आयोजक के साथ साथ इन्द्रदेव पाठक सुदीप शुक्ला मनोज साहू सत्यम जायसवाल दुर्गेश पाठक शिव कुमार मिश्र आदि तमाम लोग लगातार इस भीषण ठण्ड में लगे हुए हैं।

### डीएम ने बेहतर साफ़ सफ़ाई का दिये निर्देश

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सुरहूरपुर बार्डर पहुंच व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बैरियर, सड़को और सड़क के किनारे स्थित देवी देवताओं की मंदिरों पर बेहतर साफ सफाई का निर्देश दिया।शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे के करीब जिलाधिकारी अविनाश सिंह स्थानीय थाना के बार्डर सुरहुरपुर पहुंचे। तत्समय यहां मौजूद उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह तथा थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय से वार्ता कर व्यवस्था की जानकारी हासिल किया।उन्होंने पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अक्षरःतः पालन करने का निर्देश दिया। कहा कि बैरियर पर हमेशा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। यहां से गुजरने वाले लोगो के बाबत जानकारी लेते रहेंगे। जरूरत पड़ी तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराए।

## कोचिंग सेन्टर पर नकेल

कुकुरमुत्ते की तरह उगते कोचिंग सेन्टर बड़े शहर छोटे शहर, बड़े शहरों के पाकेट में, यहां तक देहातों में भी उग आये है। इनमें इने गिने सही कोचिंग, देते है बाकी पैसे ऐंठते है। कोचिंग सेन्टर बड़े-बड़े विज्ञापन देते है, प्रतिस्पर्धा में सफल छात्रों की फोटो छाप अपने सेन्टर की उपलब्धि बताते रहते है। चूकि यह समय प्रतिस्पर्धा का है। इसलिये विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में सफल होने की कामना कोचिंग सेन्टर तक खीच लाती है। सफलता के लिये कोचिंग सेन्टर कोई निश्चित फार्मूला नहीं है। बिना कोचिंग के भी लोग सफल हुये है। सफलता के लिये निश्चित टाइमटेबल के लिहाज से तैयारी करनी चाहिये। समय का प्रबन्धन ऐसा हो कि पूरा कोर्स कम से कम दो बार दोहरा सके। समाचारों से हमेशा अवगत होते रहना चाहिये। टाइमटेबल बना कर पढ़ना चाहिये। परिश्रम के अलगता कोई रास्तें नहीं है।

इस दौर में इने गिने सेन्टर है जो सचमुच सही प्रतिस्पर्धी तैयार करते है और आपने यहां के विद्यार्थियों को सफल बनाते है। पर अभी तक कोचिंग सेन्टरों के लिये कोई कोड या नियमावली नही थी। कोचिंग सेन्टर तरह तरह से अभिवकों और विद्यार्थियों को फंसा कर मनमानी फीस वसूलते रहते है जो बहुत ज्यादा होती है। अभिवावक और विद्यार्थी अच्छे भविष्य की आशा में अपनी हैसियत से बहुत ज्यादा पैसा लगाते रहते है। कर्ज लेते रहते है।

खुशी की बात है अब सरकार जाग गयी है और सेन्टरों पर अंकुश लगाने के लिये नियम बनवाये है जो हर सेन्टर पर चाहे छोटा हो या बड़ा हो लागू होगा और यह अनिवार्य होगा। केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने एक कमेटी गठित की है। यह कमेटी कोचिंग सेन्टरों की मनमानी रोकने के दिशा निर्देश तय कर दिया है। कोचिंग सेन्टर भौतिक रूप से हो या आनलाइन हो सभी को उसी के अनुसार चलाना होगा। बता दे सीसीपीए जिसने दिशा निर्देश तय किये है वह उपभोक्ताओं के हितों की रखवाली करता है यह केन्द्र सरकार का निकाय है।

यह धारणा है कि कोचिंग सेन्टर अपेक्षाकृत पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों की सहायता करते है। इसी धारणा के वाहत विद्यार्थी कोचिंग सेन्टर की शरणा में जाते है। अभिभावक भी अच्छे भविष्य की आशा में उन्हें सेन्टर ज्वाइन करने के लिये प्रेरित करते है। दिनोदिन प्रतिस्पर्धा बढ़ती ही जा रही है। सभी शिक्षितों को निकाये सरकारी संस्थानों में जगह पाना मुशकिल होता जा रहा है। जिनका कैरियर बहुत अच्छा बन पाता है वही निकायों और सरकारी नौकरियों में जा पाते है। जैसे जैसे युग नये तकनीको और ज्ञानों में आगे बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे युवाओं को इनके लिये अधिकाधिक सक्षम होना पड़ेगा। इसके लिये कोचिंग सेन्टर बहुत अच्छी जगह है। जहां सुशिक्षित और अनुभवी फेकल्टी होती है। पर सभी सेन्टरों में यह बात नहीं है। अब नये नियम आने से इसमें सुधार आयेगा। अभिभावकों और विद्यार्थियों को भी सचेत हो विश्वासनीयता का जांचकर तब सेन्टर में प्रवेश लेना चाहिये। इस दिशा में सरकार ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को बड़ी राहत दी है। उम्मीद है मनमानी फीस उगाही पर भी सरकार कुछ रोक लगायेगी। सीसीपीए के माध्यम से कुछ नियम बनायेगी। युवा ही देश का भविष्य है। आर्थिक सम्पन्नता की गारन्टी है।

## कुर्अतुल ऐन हैदर का भारत

कुर्अतुल ऐन हैदर उर्फ एनी आपा पूरी दुनिया घूमीं पर मन भारत में ही रमा। आग का दरिया' उनका सबसे चर्चित उपन्यास है। इसे आजादी के बाद लिखा जाने वाला सबसे बड़ा उपन्यास माना गया था। आग का दरिया एक ऐतिहासिक उपन्यास है। यह चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल से लेकर 1947 के बंटवारे तक भारत और पाकिस्तान की कहानी सुनाता है।उपन्यास के तीनों युग के पात्र गौतम और चंपा की एक ही इच्छा है काशी पंहुचना। उनकी एक ही तमन्ना है कि काशी उनके सपनों का नगर बने। आनन्द नगर बने।काश कुर्अतुल ऐन हैदर या उनके उपन्यास के पात्र गौतम और चंपा आज जिंदा होते, वे आज काशी जाते तो देखते प्रदेश और केंद्र सरकार ने इस नगर को आज उनके सपनों का नगर बना दिया। आज 20 जनवरी कुर्अतुल ऐन हैदर (एनी आपा) का जन्मदिन है। उन्होंने उर्दू और अंग्रेजी में लिखा। किंतु इससे पहले उन्होंने वेद, भाष्य, भारतीय दर्शन को पढ़ा ही नही गुना भी। उसे ही उन्होंने अपनी रचनाओं में जगह दी। उनके विश्व प्रसिद्ध उपन्यास आग के दरिया में तो पूरा भारत का जीवन दर्शन है। इसमें उन्होंने भारत की तीन हजार साल की तहजीब, रहन-सहन, कला, संस्कृति और दर्शन को उतारा।



अशोक मधुप

आग का दरिया' उनका सबसे चर्चित उपन्यास है। इसे आजादी के बाद लिखा जाने वाला सबसे बड़ा उपन्यास माना गया था। आग का दरिया एक ऐतिहासिक उपन्यास है। यह चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल से लेकर 1947 के बंटवारे तक भारत और पाकिस्तान की कहानी सुनाता है। पुस्तक के अनुवादक नंद किशोर विक्रम कहते हैं कि आग का दरिया की कहानी बौद्ध धर्म के उत्थान और ब्राह्मणत्व पतन से शुरू होती है। ये तीन काल में विभाजित है, किंतु इसके पात्र गौतम, चंपा, हरिशंकर और निर्मला तीनों काल में मौजूद रहते हैं कहानी बौद्धमत और ब्राह्मणत्व के टकराव से शुरू, कांग्रेस और मुस्लिम लीग के टकराव तक पंहुचती है। उपन्यास देश के विभाजन की त्रासदी पर समाप्त होता है। तीनों युग के पात्र गौतम और चंपा की एक ही इच्छा है काशी पंहुचना।

उपन्यास के कुछ दृश्य

लो चम्पावती तुमने उस दिन कहा था- तुम अपनी तलवार उतार फेंको ,तो तुम मुझे अपने साथ काशी ले चलोगी और मैं काशी पंहुच गया हूं। तुम कहां हो.. यहां तलवार की बात कहां थीं मैं वापिस बनारस जा रही हूं। जानते हो मेरे पुरखों के शहर का क्या नाम है।

शिवपुरी हां, आनन्द नगर। वह भी सचमुच एक न एक दिन आनन्द नगर बनेगा, मेरे सपनों का शहर। देश के सारे शहरों की तरह। इस देश को दुख या आनन्द का नगर बनाना मेरे हाथ में हैं। यह उपन्यास कुर्तुल एन हैदर ने 1959 में लिखकर पूरा किया। काश वो आज जिंदा होता जो कहतीं बनारस मेरे सपनों का नगर बन गया।

वह कहती हैं कि जब वह बनारस में पढ़ती थी तो कभी दो कौमों के सिद्धांत पर गौर नही किया। काशी की गलियां, शिवालय और घाट मेरे भी इतने ही थे, जितने मेरी दोस्त लीना भार्गव के। फिर क्या हुआ कि जब मैं बड़ी हुई तो मुझे पता चला कि इन शिवालयों पर मेरा कोई हक नहीं, क्योंकि मैं माथे पर बिंदी नही लगाती।

श्रृष्टि के बाहर कोई ईश्वर नही है और ईश्वर के बाहर कोई श्रृष्टि नही है। सत्य और असत्य में कोई अंतर नहीं, लेकिन इनके ऊपर परम शून्य एक सत्य है।... मुझे इस सन्नाटे से डर लगता है। शून्य सन्नाटा, शून्यता, जो अंतिम सत्य है, जो शून्य की परिक्लना है। पिछले तीन सौ साल में इस भक्ति मार्ग का एक खूबसूरत काफिला चल रहा था। इस काफिले में अजमेर के मोइनुद्दीन चिश्ती, एटा के अमीर खुसरों, दिल्ली के निजामुद्दीन, गुजरात के नरसिंह मेहता, वीर भूमि के चंडीदास, बिहार की मिथिलापुरी के विद्यादास, महाराष्ट्र के दर्जी नामदेव, प्रयाग के रामानन्द, दक्षिण के माधव और बल्लभ। बादशाहों, छत्रपति राजाओं के दरबारों और सेनापतियों की दुनिया से निकल कर कमाल ने देखा कि एक अलग दुनिया भी है। इसमें मजदूर, नाई, कामगार और कारीगर आबाद हैं। यहां पर गुदड़ीवालों, सूफी और संतों का शासन था।.. यहां प्रेम का राज था। गंगा के किनारे-किनारे आम के बाग में छिपी खानाकहों में-- निर्वाण और फना की खोज में उसने योगियों और सूफियों को मराकबे (चिंतन) और समाधियों में खोए देखा। बगदाद का अबुल समद कमालुद्दीन पचास वर्ष इराक से भारत आया था, कोई दूसरा इंसान था। कोई भिन्न व्यक्ति था, जो बालों की लट और दाढ़ी बढ़ाए हाथ में इकतारा लिए वैष्णव गीत अलाप रहा था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

पिछले तीन सप्ताह में मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक जिलों में 8000 से अधिक कैंप लगाए गए, जिनमें आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाते आदि खोले जा रहे हैं, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ मिल सके। विभिन्न मंत्रालयों द्वारा विगत 2 माह में पीएम जनमन के तहत 4700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 1 लाख लाभार्थियों को पक्के घर और 400 से अधिक पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटो में 1200 किलोमीटर सड़के बनाने की स्वीकृति दे दी गई है।

# पीएम जनमन: कमजोर जनजातीय समूहों के लिए एक आशा की किरण

पीएम जनमनः कमजोर जनजातीय समूहों के लिए एक आशा की किरण'जनजातीय सशक्तिकरण, गौरवशाली भारत' के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विगत दशक के कार्यकाल में जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे अतुलनीय हैं। आज़ादी के बाद सरकारें तो बदलती थीं पर उनके अजेंडे में अनुसूचित जनजातीय समाज दूर दूर तक कहीं नज़र नहीं आता था। देश आगे बढ़ता गया और जनजातीय समाज वहीं का वहीं रह गया। मूलभूत सुविधाओं की कमी और राजनैतिक उपेक्षाओं के कारण जनजातीय समाज मुख्यधारा से दूर रह गया। देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातियों के हित में सोचा और अलग से जनजातीय मंत्रालय का गठन किया। उस काम को प्रधानमंत्री मोदी जी तेजी से आगे ले गए। जनजातीय समाज को राजनैतिक एवं सामाजिक ढ़ंग से सशक्त करना यदि किसी मायने में कोई कर पाया है तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।



अर्जुन मुंडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चिंतन हमेशा ऐसी योजनाओं को धरातल पर लाने का होता है, जिनका मूलभूत उद्देश्य पिछड़े और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को न्याय, समानता और मौलिक अधिकार दिलाना हो। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर महा अभियान प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) का शुभारम्भ किया। यह एक ऐसी परियोजना है जिसकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। हमारी सरकार ने देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 23 हजार से ज्यादा गांवों में रह रहे ऐसे 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की पहचान की, जो आदिवासियों में भी सबसे पीछे रह गए आदिवासी हैं, जिन्हें आजादी के 75 साल बाद भी मूल सुविधाएं प्राप्त नहीं हुई हैं। 'पीएम जन मन' के इस महान अभियान के द्वारा भारत सरकार इन समुदायों पर 24 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। पीवीटीजी समुदाय अक्सर वन क्षेत्रों के सुदूर और दुर्गम बस्तियों में रहते हैं। पीएम जन मन अभियान को आरम्भ करते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा 'सरकारें पहले आंकड़ों को जोड़ने का काम करती थी लेकिन मैं आंकड़ों को नहीं बल्कि जिंदगी को जोड़ना चाहता हूँ।' यह प्रधानमंत्री जी की जनजातीय समुदायों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री जी के संकल्प को गति देते हुए भारत मंडपम, दिल्ली में पीएम-जनमन के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए मंथन शिविर का आयोजन कर योजना के क्रियान्वयन एवं रोड मैप पर चर्चा की गई। जनजातीय मंत्रालय ने पीएम-जनमन के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी



के जन्मदिवस 'सुशासन दिवस' के अवसर पर 25 दिसंबर से देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में पीवीटीजी परिवारों तक पहुंचने के उद्देश्य से, सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान की शुरुआत की है। पिछले तीन सप्ताह में मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक जिलों में 8000 से अधिक कैंप लगाए गए, जिनमें आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाते आदि खोले जा रहे हैं, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ मिल सके। विभिन्न मंत्रालयों द्वारा विगत 2 माह में पीएम जनमन के तहत 4700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 1 लाख लाभार्थियों को पक्के घर और 400 से अधिक पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटो में 1200 किलोमीटर सड़के बनाने की स्वीकृति दे दी गई है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 100 छात्रावास, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 916 आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट, जनजातीय मंत्रालय द्वारा 450 मल्टीपर्पज सेंटर और 405 वनधन केंद्र, विद्युत मंत्रालय द्वारा 6500 से ज्यादा टोलो में 70000 से ज्यादा घरों में बिजली की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत भी हर घर नल पहुंचाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

जनजातीय समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल में, ट्राइफेड ने फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी), एग्री बिजनेस, पेपरबोर्ड और पैकेजिंग में विशेषज्ञता रखने वाले एक प्रमुख भारतीय समूह आईटीसी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी बनाई है। यह सहयोग न केवल जनजातीय समूहों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने बल्कि घरेलू और वैश्विक स्तर पर उनके उत्पादों की बाजार पहुंच का विस्तार करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह संयुक्त पहल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, मेघालय और झारखंड में 60 वन धन विकास केंद्रों को लक्षित करते हुए एक अग्रणी पायलट परियोजना शुरू करने के लिए तैयार है। ये केंद्र विशेष रूप से अति पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) सहित स्थानीय जनजातीय समुदायों को हल्दी जैसे उत्पादों के मूल्य को बढ़ाने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे बेहतर पारिश्रमिक हासिल किया जा सकेगा। वन धन विकास केंद्रों में अपनी व्यापक भागीदारी के साथ, कच्ची जैविक हल्दी की खरीद के लिए 15,000 से अधिक आदिवासियों के एकत्रीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए ट्राइफेड अग्रसर है। ट्राइफेड जैविक प्रमाणीकरण और ई-कॉमर्स प्रयासों के लिए वित्त पोषण का नेतृत्व करेगा, जबकि आईटीसी अपने स्थापित ग्राहक नेटवर्क के भीतर जैविक हल्दी को एक उप-ब्रांड के रूप में एकीकृत करेगा।

बेहतर आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने की एक अन्य पहल में, ट्राइफेड हंगरी, घाना, हांगकांग, साइप्रस, बांग्लादेश, नेपाल, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, मॉरीशस, पोलैंड, लुसाका, संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स में भारतीय दूतावासों को 10-15 पीवीटीजी उत्पादों की एक खेप भेज रहा है। क्यूआर कोड के साथ उत्पादों को विदेशों में इन भारतीय दूतावासों और मिशनों में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विपणन मंच तैयार होगा। क्यूआर कोड को स्कैन करने पर, ग्राहकों को ट्राइफेड के समर्पित निर्यात पोर्टल, www.tribesindia.org पर निर्देशित किया जाएगा। यह पहल न केवल पीवीटीजी शिल्प कौशल को बढ़ावा देती है बल्कि विदेशों में भारतीय मिशनों के माध्यम से इन उत्पादों की मांग को भी प्रोत्साहित करती है। ट्राइफेड का प्रयास न केवल आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है बल्कि इन आदिवासी समुदायों द्वारा तैयार किए गए अद्वितीय उत्पादों के लिए वैश्विक उपस्थिति भी स्थापित करता है। परंपरा और नवीनता का मिश्रण अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को आकर्षित करने और आत्मनिर्भर भारत की व्यापक दृष्टि में योगदान करने के लिए तैयार है। 1000 स्प्रिंग्स पहल के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पीवीटीजी बाहुल क्षेत्रों में सुरक्षित और पर्याप्त पानी तक पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से 100 जिलों के जनजातीय क्षेत्रों में 1000 प्राकृतिक झरनों को पुनर्जीवित करने का काम किया जाएगा।

# सिया राम मय सब जग जानी

प्राचीन भारत के राम के प्रति निष्ठा की बात है, इसके लिए रामतपिनी उपनिषद में कहा गया है कि एवं भूतं जगदाधारंभूतं , वंदे सच्चिदानंदमय। सो अच्छी बात है , हम राम सहित समस्त भूतप्राणियों को जगताधार के रूप में वरन करते हैं। भारतीय संस्कृति के अनुसार भी राम भगवान वे साधक जो गुफाओं और कंदराओं में रहते हैं राम को परम ब्रह्म मान रहे हैं। भगवान राम ने मित्रता का उदहारण मानव जाति को दिया है। सुग्रीव तथा विभीषण के साथ उनकी मित्रता उच्चकोटि की मित्रता का स्थान पाती है।

भक्त और भगवान की भांति राजा और प्रजा में प्रगाढ़ प्रेम को साकार करने के लिए राम के जीवन दर्शन को अपने जीवन में उतारना सहज और सरल भी है। राम ने अपने जीवनकाल में जो काम किये उसके चलते वे आज के समाज में आदर्श मानव के प्रतीक हैं। उनके द्वारा किये गए समस्त कार्य मानवीय थे। यद्यपि रामभक्त के लिए भगवान हैं लेकिन आज समाज में व्याप्त जड़ता से भक्ति पाने के लिए राम को आदर्श मानव के रूप में देखना अधिक प्रासंगिक है उनके जन्म लेने में भी अलौकिकता नहीं थी। उनके सभी कार्य भी मानव के वश में हैं। धनुष भंग, सीता विवाह, राज्य की प्राप्ति में वे मनुष्यों के प्रतियोगी थे। सीता हरण, राज्य, लक्ष्मण के बाण लगने के बाद वे सहानुभूति के पात्र हैं। उनके पदचिह्नों पर चलकर हम सहज ही मानवीय गुणों को संजोने का आनंद ले सकते हैं। भगवान राम का चरित्र एक आदर्श चरित्र है। मानव के रूप में आकर प्रभु ने मानव का कल्याण किया। भाई, पुत्र,पति और पिता हर नाते का सम्मान किया। मर्यादा का पाठ पढ़ाया और फिर जग से प्रस्थान किया। तुलसीदास जी द्वारा वर्णित रामचरितमानस के अनुसार संगठित परिवार, आदर्श समाज सब अकस्मात नहीं हो गया, बल्कि उसके लिए काफी यत्न करना पड़ा। राम के परिवार को भी कैकई ने असंगठित करने का बहुत प्रयास किया परन्तु राम की सहजता और भरत के त्याग ने उनके परिवार को असंगठित होने से बचा लिया। सीता हरण, दानवों द्वारा उनके भक्तों पर अत्याचार, लक्ष्मण शक्ति लगने से राम को भाई के विछोह की आशंका इस बात का प्रमाण है कि राम भी भय से मुक्त नहीं थे। नहीं तो वे क्षण मात्र में निसाचरों का वध करके सीता को ले आये होते। अपने भक्तों पर दानवों द्वारा हो रहे अत्याचारों को भी वे क्षण मात्रा में ख़त्म कर देते लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यद्यपि राम के काल में मानवता अपने चरम उत्कर्ष पर थी। मानव की बात तो दूर, वानर भी एक दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते थे। एक -दूसरे की पीड़ा समझकर वे उसमें भागीदार बन जाते थे, तभी संगठित होकर लंका पर विजय पताका लहराई लेकिन दुःख है आज हम मानव होकर भी असंगठित हैं। परिवार में एकता नजर नहीं आती। सामाजिक ताना बना बिखर रहा है। जनता के असंगठित होने के कारण सभी आपस में धर्म और जाति की संकीर्णता में जकड़े हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम को भगवान के स्थान पर आदर्श मानव मानकर उनके द्वारा दिखलाये मार्ग पर चलने की आज आवश्यकता है। रामचरित मानस के आरम्भ में ही तुलसीदास अखिल विश्व के जीवों को ईश्वरमय मानते हुए कहते हैं जड़ चेतन जग जीव जग, सकल राममय जानि।



हर्षवर्धन पाण्डे

कहने का तात्पर्य (सार्वभौमिक जगत की सत्ता में) समूचे संसार के समस्त जीव,जड़ चेतन, तुलसीदास को राममय प्रतीत होते हुए सभी को राम के तुल्य मानकर उनके चरण कमलों की सदा वंदना करने की बात उन्होंने स्वीकार की। जगत की सत्ता में मानव हित समस्त जीव राममय हैं तो जाति और धर्म का भेद कैसा ? मानव का कर्तव्य है, सभी के प्रति आस्थावान होकर सबके कल्याण के लिए कर्म करना चाहिए। मानवकृत कर्म से सभी को सुखानुभूति कराना चाहिए। यही राम का आदर्श और आज के श्रेष्ठ कर्म है। इसके बिना सब कुछ अधूरा है।



आजकल राम के परिपेक्ष्य में श्रद्धा और आस्था की बात विगत कुछ वर्षो से की जा रही है। श्रद्धा और आस्था यह अचानक ही नहीं टपक पड़ती। प्राचीन भारत में ऐसे अनेक प्रमाण मिलते हैं कि संस्कार और सामाजिक समायोजन के अनुरूप मानव की प्रवृत्ति का निर्धारण होता है। उसी श्रद्धा और आस्था की अनुभूति होती है। तदनुरूप मानव अपने कर्म का सूक्ष्मासूक्ष्म विवेचन करने के बाद अच्छे मार्ग की और प्रशस्त होता है परन्तु सच्ची श्रद्धा और आस्था का विषय मानव हित हो। यदि मानव के हित में सच्ची श्रद्धा और आस्था होगी तभी हम राम को समर्पित होकर अपने पथ पर अग्रसर हो सकते हैं।

श्रद्धा और आस्था यदि मानव हित के प्रति उन्मुख है , तब अंतर्मन स्वयं आह्लादित हो उठता है, जिससे हम अपने साथ -साथ दूसरे के हित के लिए कर्म करने पर उद्धत हो उठते हैं तभी सच्ची श्रद्धा और आस्था का प्रस्फुटन माना जा सकता है। यदि हमारी श्रद्धा समरस जीवों की समानता के प्रति निर्बद्ध है, तब अवश्य ही राम एक मानवीय स्वरुप की भांति कर्म करने हेतु हम अग्रसर हैं। इससे आदर्श भारतीय समाज का निर्माण संभव है। जब हमें सार्वभौमिक जगत के जीव राममय होकर प्रतीत होने लगते हैं तब अस्पृश्यता रुपी भेदभाव का ताण्डव कैसा ?

हम अपने नैतिक कर्त्तव्य का निर्वाहन छुआछूत रुपी भेदभाव के कारण नहीं कर पाते। क्यों? क्या यह सार्वभौमिक जगत की सत्ता में मानव का स्वरुप नहीं है ? क्या वह ईश्वर जीव अंश अविनाशी से परे है? आज भी राम के मानवकृत कर्मों के आधार पर जीवन व्यतीत किया जा सकता है। राम कभी भी अस्पृश्यता जैसी संकीर्णताओं में नहीं पड़े। राम ने शबरी के जूठे बेर भी खाए। तब मैं और तुम , ऊंच और नीच और आस्था कैसी ? परहित सरिस धरम नहीं भाई को हम आज कहाँ स्वीकार कर रहे हैं ? इसकी पूर्णता तभी संभव है जब हम राम के मानवकृत कर्मों तो ओर अग्रसर हों, इसलिए तुलसीदास जी ने कहा है प्रिय लागहि अति सबहि सम, भनिति राम जस संग (जीवों के राममय प्रतीति में ही प्रीति और इसी से जीवन की सार्थकता भी स्वयं सिद्ध हो जाती है।) जहाँ तक प्राचीन भारत के राम के प्रति निष्ठा की बात है, इसके लिए रामतपिनी उपनिषद में कहा गया है कि एवं भूतं जगदाधारंभूतं , वंदे सच्चिदानंदमय। सो अच्छी बात है , हम राम सहित समस्त भूतप्राणियों को जगताधार के रूप में वरन करते हैं। भारतीय संस्कृति के अनुसार भी राम भगवान वे साधक जो गुफाओं और कंदराओं में रहते हैं राम को परम ब्रह्म मान रहे हैं। भगवान राम ने मित्रता का उदहारण मानव जाति को दिया है। सुग्रीव तथा विभीषण के साथ उनकी मित्रता उच्चकोटि की मित्रता का स्थान पाती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कभी भी जाति के नाम पर भेद-भाव नही किया वे सबको समान समझते थे। उनकी नज़र में कोई-चोट या बड़ा नही था।इसका उदहारण भी रामायण में प्राप्त होता है । भगवान राम ने अपने मित्र निषाद राज गुह का सम्मान किया उन्हें अपने कंठ से लगाया,केवट की भक्ति पर तो वे बलिहारी है और जो तृप्ति उन्हें सबरी के बेर खा कर हुई वो तृप्ति उन्हें अवध और मिथिला के छत्तीस व्यजनों में भी प्राप्त नही हई। श्रीराम निश्चित रूप से मर्यादापुरुषोत्तम हैं। उन्होंने सदैव ही मर्यादा में रह कर हर कार्य किया और धर्म के पथ पर आजीवन चलते रहे। रहस्योपनिद के अनुसार एक बार भगवान राम का नाम जप करने से मानव जीवन से मुक्ति मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है परंतु सामाजिक प्राणी के लिए एक लाख व्यक्ति न सही पर जितने जीवों की सेवा संभव हो करें, तभी आज जीवन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

# राहुल गांधी की नई यात्रा से जुड़ी उम्मीदें

असत्य पर सत्य की विजय हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क एवं सशक्त जनाधार जुटाने का प्रभावी माध्यम स्वीकारा गया है।

कांग्रेस के नेता एवं सांसद राहुल गांधी अपने एवं कांग्रेस के राजनीतिक धरातल को मजबूती देने के लिये एक बार फिर यात्रा का सहारा ले रहे हैं। 4000 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद अब वे 6700 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकल चुके हैं। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 ज़िलों से गुजरेंगे, यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजरते महाराष्ट्र में मुंबई पर समाप्त होगी। कांग्रेस को जीवंतता देने एवं उसके पुनरुत्थान के लिए की जाने वाली इस यात्रा में इंडिया गठबंधन दलों एवं खुद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भीड़ जुटाने और नारे लगाने भर के लिए भागीदारी की अपेक्षा राजनीतिक संवेदनशीलता और परिपक्वता की परिचायक नहीं है। मात्र 2024 के आमचुनाव के लिये निकाली गयी यह यात्रा संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों से लिपटी है, जिसके दूरगामी परिणाम मिलना मुश्किल प्रतीत होता है। वैसे ऐसी यात्राओं से बहुत कुछ हासिल हो सकता है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछली यात्रा से न तो राहुल गांधी का कोई भला हुआ और न ही कांग्रेस का। यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने में नाकाम रही। प्रश्न है कि इस बार ऐसा क्या अनोखा होने की आशा की जा सकती है?



ललित गर्ग

भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क एवं सशक्त जनाधार जुटाने का प्रभावी माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान् महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में राहुल गांधी की यह राजनीतिक यात्रा नये राजनीतिक स्तस्तिक उकेरने में कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। मणिपुर से शुरू होने जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की पिछली यात्रा का विस्तार ही है। अपने राजनीतिक कद को बढ़ाने के संकीर्ण एवं सीमित दायरों के कारण यात्रा का कोई चमत्कारी परिणाम मिलने में संदेह ही है। यात्राओं के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने



में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस की है तो फिर उसका नेतृत्व सांसद राहुल गांधी के स्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह एक तरह से परिवारवाद को नए सिरे से पोषण प्रदान करने के साथ इस बात को रेखांकित करने का प्रयास नहीं कि मल्लिकार्जुन खरगे बस नाम के अध्यक्ष हैं? कांग्रेस की दिक्क़त यह है कि उसके पास ऐसा कोई चमत्कारिक नेतृत्व नहीं रह गया है जिसके पीछे तमाम पार्टियाँ चुनावी वैतरणी पार कर जाएँ, या जिसकी एक आवाज़ पर सभी राजनीतिक दल साथ आ जाएँ। बिना राजनीतिक लाभ के विपक्षी दल कितना इस यात्रा में सहभागिता करेंगे, यह भी एक प्रश्न है।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलने से पूर्व एवं निकलते ही कांग्रेस को बड़े झटके लग गये हैं। पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दे दिया और अब असम में अपूर्ब भट्टाचार्य ने कांग्रेस के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन में बिखराव एवं टूटन की स्थितियां सीटों के प्रश्न पर बनी हुई हैं। संयोजक पद की पेशकश नीतीश कुमार ने ठुकरा दी, जेडीयू का यह कदम भी एक टूटन का ही प्रतीक है। भले ही मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया का अध्यक्ष बनाकर इस टूटन को ढ़ंकने की कोशिश हुई है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बने मतभेद छुप नहीं पा रहे। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि यात्रा से पहले सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए। जाहिर है, सहयोगी दलों के मन में कही न कहीं यह भाव भी है कि यात्रा के जरिए अगर देश का माहौल कांग्रेस या राहुल गांधी के पक्ष में बना तो उसका लाभ विपक्षी दलों को कैसे मिलेगा? जाहिर है इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस की चालाकी एवं चतुरता को महसूस कर रहे हैं। सत्ता पक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई कमजोरी फ़िलहाल तो विपक्ष एवं कांग्रेस के पास नहीं है जिसे पकड़ कर इस यात्रा में हल्ला मचाया जाए, जनाधार बटोरा जाये। उल्टे अयोध्या और श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के कारण सत्ता पक्ष मज़बूत होता जा रहा है और इसके निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने पांवों पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है। यदि कांग्रेस या विपक्षी दल इस समारोह में भाग लेते तो उन पर लगा श्रीराम-विरोध एवं हिन्दू-विरोध का तगमा नहीं लगता, भाजपा का जनाधार का विस्तार भी निश्चित ही कुछ कम होता। राजनीति तो ऐसे अवसरों को पकड़ लेने का ही खेल है।

परिवार एवं व्यक्तिवादी सोच कांग्रेस की विडम्बना एवं विसंगति है। वास्तव में कांग्रेस में वही होना है, जो राहुल गांधी चाहेंगे। यह स्वाभाविक है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। इसमें वह कितना कामयाब होते हैं, यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि उनकी ओर से किन मुद्दों को उभारा जाता है और उन पर क्या कहा जाता है? यह तो तय है कि राहुल गांधी भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखेंगे, लेकिन ऐसा करते हुए वह यदि जनता का ध्यान आकर्षित करने के साथ कोई नया विमर्श खड़ा नहीं कर पाते तो बात बनने की बजाय बिगड सकती है। राहुल गांधी की समस्या यह है कि वह मोदी सरकार की आलोचना तो खूब करते हैं, लेकिन देश के समक्ष उपस्थित समस्याओं के समाधान का कोई प्रभावी तरीका नहीं बता पाते। राहुल गांधी देश को क्या जोड़ेंगे जब उनका इंडिया गठबंधन ही एकजुट नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस नेता मानें या न मानें भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता की सबसे बड़ी कसौटी विपक्ष की एकजुटता एवं चुनावी प्रदर्शन को ही माना जाएगा। इस लिहाज से न्याय यात्रा के साथ ही कांग्रेस को इंडिया गठबंधन के मोर्चे पर भी तेजी से अपने राजनीतिक कौशल को आगे बढ़ना होगा। सीटों के बंटवारे के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का काम भी जितनी जल्दी निपटाया जाएगा, मतदाताओं को अपनी एकजुटता का यकीन दिलाने में उतनी आसानी होगी।

# श्रद्धालुओं को पंचवटी आश्रय स्थल में मिलेगी सारी सुविधा

## रहना-खाना हो बिल्कुल फ्री, सीएम बोले- टेंट सिटी में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो



**लखनऊ।** अयोध्या धाम में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद देश भर से बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और खाने-पीने के लिए योगी सरकार ने अयोध्या में पंचवटी आश्रय स्थल का निर्माण कराया है।

यहां एक साथ ढाई हजार लोग रुक सकते हैं। यहां रुकने और खाने पीने के लिए श्रद्धालुओं को एक रुपए भी नहीं खर्च करना होगा। अयोध्या नगर निगम द्वारा संचालित पंचवटी आश्रय स्थल के साथ ही शुक्रवार को सीएम योगी ने अयोध्या धाम में स्थित दो अन्य टेंट सिटी का मुआयना किया और श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि इन टेंट सिटी में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए।

सीएम योगी ने सूर्या पैलेस के बगल में और धर्मू का पुरवा स्थित आवास विकास परिषद की टेंट सिटी का मुआयना किया।

इसी दौरान वह हनुमान गुफा चौराहे के पास स्थित पंचवटी आश्रय स्थल भी पहुंचे। उन्होंने यहां तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पंचवटी आश्रय स्थल में श्रद्धालुओं के रुकने और खाने-पीने की पूरी व्यवस्था की गई है। यहां प्रवेश करते ही सबसे पहले भगवान राम की बड़ी सी खड़ाऊ के दर्शन होते हैं। यह खड़ाऊ त्रेतायुग में श्रीराम की उस खड़ाऊ की स्मृति में बनाई गई है जिसे उनके भाई भरत ने सिंहासन पर रखकर अयोध्या का राजकाज चलाया था। इसके ठीक सामने बाईं तरफ भगवान राम का धनुष कोदंड भी स्थापित किया गया है। यह भगवान राम के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। इसके अलावा पूरे परिसर में भगवान राम से जुड़ी स्मृतियों को वॉल पेंटिंग और अन्य माध्यमों से प्रदर्शित किया गया है, जिससे यहां आने वाले लोगों की भगवान राम के प्रति श्रद्धा एक अलग ही स्तर पर पहुंच रही है।

### एक साथ ढाई हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था

➤ दूसरी तरफ पंचवटी आश्रय स्थल स्थित है, जिसकी दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी स्मृतियों को उकेरा गया है। टेंट सिटी के रूप में निर्मित इस आश्रय स्थल के अंदर ढाई हजार लोगों के ठहरने और सोने की व्यवस्था की गई है। आश्रय स्थल में बड़ी संख्या में फोल्डिंग बेड्स बिछाए गए हैं। साथ ही प्रत्येक फोल्डिंग बेड के साथ गद्दे, चादर, तकिया, रजाई और कंबल भी उपलब्ध कराया जाएगा। टेंट सिटी के अंदर भी भक्तों की आस्था का ध्यान रखते हुए भगवान राम और हनुमान जी की छवि दिखाई देगी। इसके अतिरिक्त महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है, जबकि शौचालय व अन्य नित्य कर्म के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के खाने पीने की भी उत्तम व्यवस्था है।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएमओ सिद्धार्थनगर को किया सस्पेंड

## अयोध्या में तैनात डॉक्टर भी बर्खास्त, क्यों लिया एक्शन

**लखनऊ।** विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने और चिकित्सा सेवाओं में लगातार लापरवाही के चलते सिद्धार्थनगर जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार बाजपेयी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, अयोध्या के स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. मेराज अहमद को बर्खास्त कर दिया गया है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद सिद्धार्थनगर के सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार बाजपेयी को सहारनपुर मंडल के अपर निदेशक (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) के कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। डॉ. बाजपेयी द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं से संबंधित जनपद में संचालत राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रति भी गंभीर लापरवाही बरतने एवं पद के दायित्वों का ठीक से निर्वाहन न करने संबंधित जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। निदेशक, प्रशासन को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वहीं, रोगियों एवं सहकर्मियों से साथ खराब व्यवहार, चिकित्सकीय कार्यों में लापरवाही बरतने एवं बगैर जानकारी लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के चलते सहायक आचार्य (सर्जरी) डॉ. अहमद को तत्काल प्रभार से बर्खास्त कर दिया गया है।



### लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

➤ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का कहना है कि चिकित्सकीय कार्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# आगन्तुकों की सेवा के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की टेंट सिटी तैयार



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मणि पर्वत के निकट तीर्थ क्षेत्र पुरम समेत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा तैयार सभी टेंट सिटी में व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। आवासीय व्यवस्था के तहत मणि पर्वत के पास तैयार किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम में आठ हजार बिस्तर आगंतुकों के लिए हैं। पूरे परिसर को छह क्षेत्र में बांटा गया है। इसके अलावा छावनी के योग केंद्र और कारसेवकपुरम में भी आवासीय व्यवस्था पूर्ण हो गई है। विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली थी।

तीर्थ क्षेत्र पुरम में पांच भोजनालय प्रारंभ हो गए हैं, इसमें करीब 2000 लोगों का भोजन रोज बन रहा है। यहां का दस शैया वाला अस्पताल भी 20 चिकित्सकों के साथ चिकित्सा व्यवस्था संभाले हुए है। कई चिकित्सक रिजर्व में भी हैं। विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री और आवास योजना के प्रभारी कोटेश्वर शर्मा ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र द्वारा बसाई गई तीनों टेंट सिटी में सभी सुविधाएं जुटा ली गई हैं। तीर्थ क्षेत्र पुरम में 300 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है इसके अलावा दोपहिया वाहनों की पार्किंग भी बनाई गई है।

# अब 23 जनवरी से खुलेंगे प्रदेश के प्राइमरी स्कूल

**लखनऊ।** प्रदेश में अत्यधिक ठंड व शीतलहर को देखते हुए 20 जनवरी को भी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित कर दिया गया है। शासन ने कहा है कि 20 को बच्चे स्कूल नहीं आएंगे। शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व अन्य कर्मचारी विद्यालय आकर अन्य प्रशासनिक काम व दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

वहीं 21 को रविवार और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पहले से शासन ने अवकाश घोषित कर रखा है। इस तरह अब विद्यालयों में पठन-पाठन 23 जनवरी से शुरू होगा। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों में अगले आदेश तक विद्यालय सुबह दस से दोपहर तीन बजे तक चलेंगे। सुबह 10 से 10.15 बजे तक प्रार्थना सभा व योगाभ्यास होगा और दोपहर 12.15 से 12.35 बजे तक दोपहर का अवकाश होगा।

# भाजपा सांसद से महिला बोली- 30 हजार लेकर पीएम आवास बनाया है

## अब शिवपाल यादव ने कहा- गरीब का हिस्सा लूटने वाला

**लखनऊ।** सोशल मीडिया पर यूपी के बदायूं जिले की एक महिला का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बता रही है कि उससे पीएम आवास के नाम पर 30 हजार रुपये लिए गए हैं।

अब इस मामले में सपा महासचिव शिवपाल यादव ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने महिला की वीडियो को भी ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा है कि यह भाजपा का जीरो टॉलरेंस है! जहां बिना पैसे के न आवास मिलता है और न ही न्याय! भ्रष्टतंत्र में सब मौन हैं! सरकार बताएं? गरीब का हिस्सा लूटने वाला कौन है?

चार दिन पहले उसावां में हुए इसी कार्यक्रम में सांसद और विधायक के सामने बुजुर्ग महिला ने प्रधानमंत्री आवास के नाम पर 30 हजार रुपये लिए जाने की बात कही। इंटरनेट मीडिया पर इसका वीडियो प्रसारित हो रहा है। सांसद ने परियोजना अधिकारी डूडा को जांच के निर्देश दिए हैं।



नगर पंचायत उसावां के वार्ड नंबर तीन निवासी बुजुर्ग महिला शारदा को सांसद पीएम आवास की चाबी देते हुए सांसद पूछ रहे हैं कि किसी ने कोई पैसा तो नहीं लिए, महिला हां में सिर हिला रही है। कितने रुपये लिए पूछने पर 30 हजार रुपये लिए जाने की बात कह रही है। सांसद इसे गंभीर बात मान रहे हैं। सांसद ने परियोजना अधिकारी डूडा को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# राममंदिर प्रांगण में लगे महाराजा सुहेलदेव राजभर की भव्य प्रतिमा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर बन जाने से पूरा भारत खुश होकर उत्सव मना रहा है। राजभर समाज भी अयोध्या धाम में मंदिर बनने से खुशी के साथ साथ अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है और राममंदिर प्रांगण में राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर की भव्य प्रतिमा लगाने कि मांग कर रहा है।

पार्टी अध्यक्ष संतलाल राजभर ने मूर्ति लगाने की मांग करते हुए बताया कि सैयद सालार मसूद गाज़ी भारत में तमाम हिन्दू मंदिरों को तोड़ता लूटता हुआ हिन्दू आबादी को तहस नहस करते हुये आगे बढ़ते जा रहा था। इसी बीच गाज़ी राम मंदिर को तोड़कर लूटते हुये आगे बढ़ा, जहां उसकी मुलाकात हिन्दू धर्म रक्षक महाप्रतापी सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर से हो गयी। सुहेलदेव ने अपनी छोटी सी सेना और 21 सामंत राजाओं को साथ लेकर गाज़ी की एक लाख 20 हजार सेना को मारकर हिंदू धर्म की रक्षा की। एतिहासिक तथ्य हैं कि सुहेलदेव राजभर के पुत्र अल्हड़देव राजभर के पुत्र नयेचंद्र आयुषचंद्र व कृष्णचंद्र राजभर हुये। सबसे बड़े नयेचंद्र थे, इसलिये राजा वही बनाए गये। राममंदिर का निर्माण 1112 ईसवीं में सुहेलदेव के पौत्र नयेचंद्र ने करवाया था। उन्होंने बताया कि इसका प्रमाण सन् 1992 में बाबरी ढांचा विध्वंस में खुदाई के दौरान मिला ताम्रपत्र करता है। इस ताम्रपत्र का पाठन पुरातत्व विद्वानों ने किया है। आज भी वह ताम्रपत्र सरकारी संग्रहालय में सुरक्षित रखा है। सुहेलदेव पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं समाज के बुद्धजीवियों सामाजिक संगठनों से बात विचार करके सुहेलदेव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतलाल राजभर ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर राष्ट्रवीर सुहेलदेव की भव्य प्रतिमा राममंदिर प्रांगण में लगवाने की मांग सरकार से रखी हैं।

### ■ सुहेलदेव पार्टी की राज्य सरकार से मांग

# डालमिया भारत फाउंडेशन : बिहार के 900 से अधिक किसानों को सशक्त बनाया

अवधनामा संवाददाता

**कल्याणपुर।** भारत की प्रमुख सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) की कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) शाखा, डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने कृषि स्थिरता और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में बिहार में एक महत्वपूर्ण पहल की है। कंपनी ने अपनी ग्राम परिवर्तन योजना के तहत टिकाऊ कृषि पद्धतियों पर एक व्यापक प्रशिक्षण शुरू किया, जिससे समहुता, बकनौरा और बंजारी ग्राम पंचायतों के 920 किसान लाभान्वित हुए हैं। जैविक कृषि पद्धतियों को अपनाने से न सिर्फ मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, बल्कि किसानों की उत्पादकता और आय में भी वृद्धि होती है, जो कि दीर्घावधि तक बरकरार रहती है। इस ग्राम परिवर्तन योजना का उद्देश्य गाँव के परिवारों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और क्षेत्र में लक्षित परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। खंड कृषि अधिकारी श्री राजेश कुमार ने इस प्रशिक्षण का नेतृत्व किया। उन्होंने विभिन्न उन्नत कृषि विधियों पर प्रशिक्षण दिया, जिनमें प्याज की खेती की प्रथाओं का पैकेज, वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन विधियाँ, अजोला खेती तकनीक और जीवा अमृत की तैयारी शामिल थी। इस अवसर पर श्री बबलू कुमार, खंड विकास अधिकारी; श्री संदीप कुमार, आवास अधिकारी; श्री संजय झा, प्लांट एचआर हेड- रोहतास सीमेंट वर्क्स, डीसीबीएल और अन्य प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति दर्ज की गई।




उक्त पहल पर टिप्पणी करते हुए, श्री आशुतोष कुमार तिवारी, यूनिट प्रमुख- रोहतास सीमेंट वर्क्स, डीसीबीएल, ने कहा, डालमिया सीमेंट में, हम जमीनी स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और स्थायी भविष्य हेतु नए अवसरों का सृजन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रशिक्षण को इस दृष्टिकोण से तैयार किया गया है कि यह किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दे।

# नेशनल कम्पटीशन में सीएमएस छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोल्फ सिटी कैम्पस की कक्षा-1 की प्रतिभाशाली छात्रा रूद्रा सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अन्तर-विद्यालयी ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. गोल्फ सिटी कैम्पस की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इन प्रतिभाशाली छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

# 24 से 28 जनवरी तक होगा श्री राम सनातन महोत्सव का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सनातन महासभा द्वारा लक्षमण मेला मैदान में 24 से 28 जनवरी तक श्रीराम सनातन महोत्सव (धर्म संसद) का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी शुक्रवार को जेसी होटल निरालानगर मे प्रेसवार्ता मे धर्म संसद के प्रभारी देवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि श्री रामलला द्वारा अपने नवनिर्मित भवन में प्रवेश करने के अवसर पर लक्षमण मेला मैदान, निशातगंज पुल के नीचे, लखनऊ में 24 जनवरी से 28 जनवरी तक श्री राम सनातन महोत्सव (धर्म संसद) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूज्य शंकराचार्य (बद्रिकाश्रम), कामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य जी महाराज, अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक तथा सनातन धर्म के पुरोधा ठाकुर देवकीनंदन सहित अयोध्या, काशी, हरिद्वार मथुरा, वृंदावन, नैमिषारण्य, चित्रकूट एवं अन्य प्रांतों के संत-महंत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डा. प्रवीण ने बताया कि सनातन महोत्सव में सभी के लिए स्वास्थ्य मेला, रोजगार मेला, जनसमाधान शिविर, खादी ग्रामोउद्योग, आयुष विभाग, बैंक आदि के शिविर होंगे। स्वास्थ्य मेला में देहदान, अंगदान, रक्तदान शिविर, जांच शिविर, कैंसर, हृदय, शुगर, न्यूरो, मानसिक रोग आदि के डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। पीठाधीश्वर अध्यक्ष आनन्द महाराज ने बताया कि धर्म संसद में बागेश्वर धाम के आदरणीय धीरेंद्र शास्त्री जी, पूज्य श्री राघवाचार्य जी महाराज, पूज्य श्री रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजा शरण जी महाराज बड़ा स्थान जानकी घाट श्री धाम अयोध्या आदि देश के विभिन्न पीठों के साधु, सन्तों को भी आमंत्रित किया गया है। सह संयोजक रामकिशोर शुक्ल व शैलेन्द्र श्रीवास्तव,एड0 जी ने कहा कि कार्यक्रम में कुछ राजनेताओं के भी उपस्थित रहने की सम्भावना है जिसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महिला व बाल पुष्टाहार मंत्री डॉ. प्रतिभा शुक्ल, सुषमा खर्कवाल आदि प्रमुख हैं।




### ■ कार्यक्रम से पूर्व 21 जनवरी को निकाली जायेगी एक विशाल रथयात्रा

# अखिलेश-जयंत ने लोकसभा चुनाव के लिए की गठबंधन की घोषणा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गठबंधन की घोषणा कर दी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल साइट पर रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के साथ तस्वीर डाली और कहा कि राष्ट्रीय लोक दल और सपा के गठबंधन की सभी को बधाई! जीत के लिए सभी एकजुट हो जाएं, जुट जाएं!

इसके जवाब में जयंत ने भी एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर, हमारे गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं से उम्मीद है कि अपने क्षेत्र के विकास और खुशहाली के लिए कदम मिलाकर आगे बढ़ें। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को मुलाकात की।

# बिजली कम्पनियों को मैंडेटरी टेस्टिंग एंड सर्टिफिकेशन ऑफ टेलीकॉम इक्विपमेंट लेना होगा जरूरी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के घरों में लगने वाले सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को अब अनिवार्य रूप से उसमें लगने वाले टेलीकॉम उपकरण मॉडम आईओटी गेटवे ट्रैकिंग डिवाइस राउटर लाइन स्विच और फाइबर केबल की 1 जनवरी से 1 अप्रैल बीच बिना टेलीकॉम उपकरणों की टेस्टिंग कराए उसे उपभोक्ताओं के घर में नहीं लगाया जा सकता जिसका मुद्दा भारत सरकार द्वारा बनाए गए कानून के बाद अक्टूबर 2023 में उपभोक्ता परिषद ने उठाया था और बिजली कम्पनियो में अनिवार्य रूप से लागु करने की मांग की थी अंततः अब उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की तरफ से निदेशक वाणिज्य ने सभी बिजली कंपनियों के लिए भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय व केंद्रीय टेलीकॉम सचिव की तरफ से जारी निर्देश के आधार पर व्यवस्था को लागू करने का निर्देश जारी किया है। और सभी बिजली कंपनियों को निर्देश दिया है कि वह अपने स्तर से भी इस पर आदेश निर्गत करें। सभी को पता है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में कम्युनिकेशन के लिए किसी भी मोबाइल की सिम लगती है मॉडम लगता है और वह इसके बाद ऑटोमेटिक तरीके से काम करना शुरू करता है इससे यह बात तो सिद्ध हो गई की टेलीकॉम से संबंधित नेटवर्किंग के सभी वह उपाय जरूरी होते हैं जो भारत सरकार द्वारा प्रावधानित है ।स्मार्ट मीटर लगने के बाद उससे निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी उत्सर्जन यानी तरंगों से आम जनता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव तो नहीं पड रहा है सिक्योरिटी सिस्टम ठीक है नेटवर्किंग सिस्टम गाइडलाइन के तहत है इन सब को कौन परखेगा उसके लिए संचार मंत्रालय ने भारत सरकार के केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी मीटर उसमें लगने वाले मॉडेम आईओटी गेट वे ट्रैकिंग डिवाइस राउटर लाइन स्विच फाइबर केबल सहित लगने वाले सभी टेलीकॉम नेटवर्किंग से संबंधित टेलीकॉम प्रोडक्ट की 1 जनवरी 2024 से मैंडेटरी टेस्टिंग एंड सर्टिफिकेशन ऑफ टेलीकॉम इक्विपमेंट कराना अनिवार्य होगा यानी कि सभी स्मार्ट मीटर कंपनियां जिन भी मी निर्माता कंपनियों से मीटर लेकर उपभोक्ताओं के परिसर पर लगाएंगे सबसे पहले उनको मैंडेटरी टेस्टिंग डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन से कराना अनिवार्य होगा। बिजली कंपनियों को इस अनिवार्य रूप से लागू होने वाले टेस्टिंग को स्मार्ट मीटर में लगने वाले टेलीकॉम प्रोडक्ट का कराना होगा।

### ■ भारत सरकार आदेश के क्रम में पावर कार्पोरेशन ने सभी बिजली कम्पनियो के लिए जारी किया आदेश

# वॉल पेंटिंग व रेत शिल्प पर उकेरे जा रहे प्रभु राम

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** योगी सरकार अयोध्या धाम में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कर रही है। इसकी जिम्मेदारी संस्कृति विभाग को सौंपी गई है। संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले ललित कला अकादमी की ओर से कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या धाम की प्रमुख दीवारों पर वॉल पेंटिंग कार्यशाला, सरयू नदी के तट पर भगवान राम पर आधारित रेत शिल्प के अलावा राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी से ये कार्यक्रम पूरी गति से शुरू हो चुके हैं और प्राण प्रतिष्ठा तक और इसके बाद भी यह अनवरत जारी रहने वाले हैं।





राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि अयोध्या धाम के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास सीआरपीएफ की दीवार पर लगभग तीन हजार वर्गफीट, अयोध्या कलेक्ट्रेट भवन की दीवार पर लगभग 1500 वर्गफीट एवं राम की पैड़ी मार्ग पर स्थित सिंचाई विभाग के भवन की दीवार पर लगभग 1200 वर्गफीट के क्षेत्र में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लगभग 40 कलाकारों द्वारा वॉल पेंटिंग की जा रही है। इसके अलावा महर्षि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर महर्षि वाल्मीकि की ब्रांज की प्रतिमा, सूर्यकुंड पर भगवान सूर्य एवं गणेश कुंड पर भगवान गणेश की ओडिशा सैंड स्टोन की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है।

वहीं 18 जनवरी से भगवान राम एवं रामचरित पर आधरित भगवान राम की बाललीला, भगवान राम की गुरुकुल लीला, हनुमान लीला, ताड़का वध, सीता स्वयंवर, राम-जटायु मिलन, हनुमान सीता मिलन जैसे विभिन्न परिदृश्यों पर चित्रकला के साथ मूर्तिकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जो 26 जनवरी तक चलेगी। इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 50 कलाकारों द्वारा 40 चित्रों एवं 10 मूर्तियों का सृजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के 10 जनपदों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, बरेली और लखनऊ में भगवान श्रीराम और उनके जीवन चरित्र पर आधारित होम स्टूडियो कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में लगा आधार कैंप



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय आधार कैंप की शुरुआत हुई । कैंप का उद्घाटन प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव, चंद्रशेखर बरुआ डाक अधीक्षक , आशुतोष त्रिवेदी एवं मकरंद पाल ने किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर बरुआ जी ने कहा कि जिन लोगों को अपने आधार में कुछ परिवर्तन करवाना है अथवा नया आधार बनवाना है तो वे यहां पर आकर के इस कार्य को करा सकते हैं। उन्होंने कैलाश चंद यादव का धन्यवाद किया कि विद्यालय प्रांगण एवं सभी सुविधाएं इस आधार कैंप को लगाने के लिए उपलब्ध कराई। प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि आधार कैंप से आसपास के रहने वाले लोगों को आसानी होगी। उन्हें अपने आधार में किसी प्रकार का करेक्शन करवाने के लिए अथवा नया आधार बनवाने के लिए शहर में नहीं जाना पड़ेगा। जिससे उनका समय बचेगा एवं अधिक से अधिक लोग इस कैंप का लाभ उठा सकते हैं। साथ उन्होंने सूचना दी कि यह दो दिवसीय कैंप है। यह 20 तारीख को भी प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:30 तक रहेगा। जिन किन्हीं को भी अपने आधार में परिवर्तन करवाना है अथवा नया आधार बनवाना है वे बड़ी संख्या में आकर के अपने इस कार्य को करा सकते हैं। शुक्रवार को लगभग सैकड़ा भर लोगों ने अपने आधार में करेक्शन एवं नए आधार को बनवाने की प्रक्रिया को पूर्ण कराया। आशुतोष त्रिवेदी ने प्रबंधक कैलाश यादव जी का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को करते रहने की अपील की।

# हज़रत भोलन शहीद बाबा का कुल शरीफ के बाद उर्स मुबारक पूरा



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** हज़रत भोलन शहीद बाबा रह0 अलैह का कुल शरीफ के बाद उर्स मुबारक हुआ पूरा कुल के बाद अकीदतमंदों ने देश में अमनो अमान और खुशहाली के लिए दुआएं की। उर्स कमेटी की ओर से चांद मंसूरी ने शहर के उलमाए इकराम का शॉल उड़ाकर इस्तकबाल किया। कार्यक्रम की निजामत शायर रौनक इटावी ने की। उर्स के पहले दिन असर की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी से उर्स की शुरुआत की गई। उर्स के दूसरे और अंतिम दिन चादर पोशी की गई उसके बाद नातख्वानी पेश की गई। उसके के बाद कुल शरीफ पूरा हुआ। शहर के सैकड़ो हकीदतमदो ने शिरकत कर मन्नत व दुआएं मांगी। कुल के बाद वहां पर आए सभी लोगों ने लंगर चखा। उर्स के मौके पर मौलाना कमालुद्दीन अशरफी पेश इमाम ईदगाह, मौलाना जाहिद रजा, मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी, शाहवाज अनवर, खादिम अब्बास, वाई.के.शफी चिश्ती, मोहम्मद आमीन, अजहरुद्दीन आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दीवार लेखन अभियान के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया लेखन

**मथुरा।** भाजपा द्वारा दीवार लेखन अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत आज शुक्रवार जिला पंचायत अध्यक्ष ने आनंदधाम कॉलोनी में इसका शुभारंभ अपने निवास स्थान से किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने दीवार पर कमल का फूल और फिर एक बार मोदी सरकार का नारा लिख कर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दीवार पर लेखन कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता हमेशा उत्साहित रहते हैं। इस अभियान के चलते मथुरा और देहात में हर तरफ कमल ही कमल निशान नजर आयेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया कि दीवार लेखन अभियान प्रदेश में चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मथुरा जनपद के सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष के साथ-साथ सभी जिला पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी को दीवार लेखन कार्य कर रहे है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने के साथ-साथ ससमय पोर्टल पर फीडिंग भी सुनिश्चित की जाए। खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत खराब रैंकिंग को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी। बिजली विभाग की खराब प्रगति व बैठक में अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाखुशी जाहिर की। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित करते हुए ससमय फीडिंग की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जो राम का नहीं बो किसी काम का नहीं: कमलेश

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** 550 वर्ष उपरांत अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में आयोजित श्री राम कथा मंच पर श्री राम काव्य संध्या भगवान श्री राम को समर्पित सबके राम सब में राम कविताओं से कमलेश शर्मा गौरव चौहान डॉ राजीव राज नंदू भदोरिया अवनीश त्रिपाठी अनुभव शुक्ला धीरज चंदन हेमंत पांडे शिखा दीप्ति मुकेश श्रीवास्तव अजय अंजाम देवेंद्र आग रोहित चौधरी आदि कवियों ने भक्तों को जमकर गुदगुदाया इटावा के प्रसिद्ध कवि जो पूरे देश में इटावा का मान नेताजी लपेटे में जैसे बड़े-बड़े 200 से अधिक शो बड़ा रहे हैं गौरव चौहान ने अपनी कविता के माध्यम से उनका जवाब दिया जो कहते थे राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे ऐसे लोगों को जवाब देते हुए कहा कि बाबर की संतानों देख लो अंगद आज भी पैर जमाय लंका बीच खड़ा है बाबर की संतानों देखो झंडा वही गड़ा है राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे तारीख भी बताएंगे तारीख नोट कर लो 22 जनवरी 2024 जो कहते हैं कर जाते हैं जिगरा बहुत बड़ा है उन्होंने अपनी अगली कविता में कहा बचपन में हमें तो पढ़ाया गया था कि चरखे से आजादी आई पर हमने तो अपनी आंखों से देखा है बुलडोजर से शांति आई। कवि नंदू भदोरिया ने सबरी प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु राम और शबरी एक दूजे के सामने ठाड़े कर जोर शबरी और राम में अभिनंदन की होड़ सुदामा मिलन का वर्णन करते हुए बताया काल ने बेहाल किया अब चीनत नहीं रघुराई जब भगवान द्वारकाधीश से मिलकर सुदामा जी चलने लगे तब भगवान ने उन्हें दिखने वाली मुद्राएं नहीं दी जिससे उनके मन में विचार आया कि 100 अपराध किय शिशुपाल ने सो मेरे रघुराई शो क्षमा कर आए एक मुट्ठी चना चोरी किए सो मेरी अपराध नहीं भुलाई तुम हो मीरा तो कष्ट का करो सामना तुम अहिल्या हो तो छल का करो सामना जानकी तुम्हें अब समझने लगे हैं सब धदकती अनल का करो सामना कमलेश शर्मा ने अपनी प्रसिद्ध कविता में कहा जो राम का नहीं बो किसी काम का नहीं मंदिर का रोड बने हुए थे वह सड़कों पर आ गए रामद्रोह की सजा पा गए।



श्री राम कथा के माध्यम से इटावा वासियों ने अयोध्या के उत्सव को महोत्सव बनाने में अपना क्रांतिकारी योगदान किया

**अजय अंजाम ने कहा की मोर मुकुट सर पर साजों मेरा सर तब झुके जब हाथ में धनुष बाण हो**

डॉ राजीव राज ने अपनी कविता में कहा पीर समानी रोचक बनकर कर गंभीर करुणा कविता बन वही जो नैन सो नीर कवि मुकेश श्रीवास्तव भगवान राम ने जब मित्रता की तो वानरों के हो गए अंत काल तक किसी को छोड़ते नहीं है अंत काल में भी श्री राम का नाम ही लिया जाता है कवित्री दीप्ति शिखा कोई पवन सा धाम हो जैसे या अयोध्या सा धाम हो जैसे प्रेम में हो पवित्रता इतनी साथ सीताराम में हो जैसे हेमंत पांडे ने पाकिस्तान से आई सीमा हैदर पर कहा सीमा हैदर भारत आई हो पूरी जांच लेकर जाओगी चार लेकर आई थी 5 लेकर जाओगी कवि अवनीश त्रिपाठी ने कहा कि मंदिर नहीं बना था तो ऐसा लगता था हम अपने ही घर में किराए पर रहते थे कवि धीरज चंदन चांद में चकोर जैसे बरखा में मोर जैसे अर्चना में ओम जैसे तेरा मेरा प्यार है राधिका से श्याम जैसा तेरा मेरा प्यार है कवि अनुभव शुक्ला दिल में जिंदा मेरा गांव चौपाल रहे बरगद वाली छांव रहे मानव जीवन को सुंदर आयाम मिला भारत मां को सुंदर धाम मिला बजरंगी को भी राम का धाम मिला श्री राम काव्य संध्या की अध्यक्षता श्री राम कथा के मुख्य अजमान एमपी सिंह तोमर नेकी मुख्य अतिथि के रूप में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के जिला संयोजक रामकुमार चौधरी संचालन कवि रोहित चौधरी ने किया कवियों को सम्मानित दिव्य प्रेम सेवा मिशन के ट्रस्टी राघवेंद्र सिंह उपमुख्यमंत्री के केशव प्रसाद मौर्य के ओएसडी विवेक सिंह दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संयोजक संजय चतुर्वेदी दिव्य प्रेम सेवा मिशन की राष्ट्रीय युवा इकाई प्रमुख जयवीर सिंह ने सभी कवियों को शाल उड़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### विधि विधान के साथ हुई मां दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा



**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद।** शिकोहाबाद तहसील प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान और पंडित के वेदोंच्चारण के साथ की गई।इस दौरान देवी जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएम,एसएसपी ने पहुंच कर देवी का आशीष लिया। मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तहसील को फूलों से सजाया गया उसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का गाजे बाजे के साथ साथ नगर भ्रमण कराया गया।इस दौरान देवी यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर लोगो ने स्वागत किया। तहसील प्रांगण में पंडित के वेदोंउच्चारण के साथ पूजन कर मां दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान डीएम डा.उज्ज्वल कुमार,एसएसपी सौरभ दीक्षित,एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह, एसडीएम विवेक मिश्रा,तहसीलदार राखी शर्मा,इनपेक्टर अनिल कुमार सिंह ने पूजन में भाग लिया। इसके बाद देवी जागरण का आयोजन हुआ। जिसमे मैया के भजनों को सुनकर लोग भक्तिभाव में लीन हो गए। पूरा तहसील माता के जयकारों से गूंज उठा।

### हमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद बेहतरीन होगा: संजीव राजपूत




**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के दीवार लेखन अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बूथ नम्बर-191, बलराम सिंह चौराहा एवं बूथ नम्बर-296, सरस्वती महाविद्यालय की दीवार पर भारतीय जनता पार्टी( भाजपा )का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया और उसके नीचे नारा लिखा, ''एक बार फिर से मोदी सरकारभाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने पार्टी पदाधिकारियों से आवाह्न किया जहां भी जगह दिखे, वहां कमल का फूल बनाकर दोनों नारे-फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार लक्ष्य चार सौ पार- लिखे।किसी की निजी संपत्ति पर लिखने से पूर्व उसकी अनुमति अवश्य लें।बूथ प्रबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा, हमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद जितना बेहतरीन होगा, हमारे प्रत्याशी उतने ही भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। 2024 में हम सबका एक ही संकल्प होना चाहिए कि''एक बार फिर मोदी सरकार और भाजपा की सीटों की संख्या चार सौ पार।

# बंदी को स्कूटी पर बैठाकर फुर्र हुई पत्नी, देखते रह गए पुलिसकर्मी

अवधनामा संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तीन पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

**मथुरा।** जिला कारागार मथुरा से बन्दी को पलवल कोर्ट में पेशी पर ले जाए गए शातिर अपराधी अनिल उर्फ टिंकल को उसकी पत्नी होडल में पुलिस को चकमा देकर अपनी स्कूटी पर भगा ले गई। एसएसपी के आदेश पर तीनों पुलिसकर्मियों पर होडल थाने में कार्य में लापरवाही व अपराधी को पुलिस हिरासत से भागने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

तीनों पुलिसकर्मियों को एस एस पी ने निलंबित कर दिया गया है। अनिल और उसकी पत्नी पर भी केस दर्ज कर तलाश की जा रही है। उर्फ टिंकल पुत्र हरवीर सिंह निवासी भिडूकी, हसनपुर, पलवल (हरियाणा) 16 अप्रैल 2023 से मथुरा जिला कारागार में धोखाधड़ी के मामले में निरुद्ध था। उसके खिलाफ जानलेवा हमले जैसे सात अन्य संगीन मुकदमे भी दर्ज हैं। विगतदिन एक मुकदमे में उसकी पलवल सेशन कोर्ट में पेशी नियत थी। सुबह करीब 10 बजे मथुरा पुलिस लाइन में तैनात हेडकांस्टेबल ज्ञान सिंह, कांस्टेबल विवेकानंद और दिलीप अपराधी अनिल उर्फ टिंकल को पलवल लेकर गए। पेशी के बाद तीनों पुलिसकर्मी अनिल को पलवल से होडल तक टेंपो में लेकर आए। टेंपो चालक ने होडल थाने के पास उन्हें उतार दिया। पत्नी से होटल में मिलने की इच्छा जताई।पुलिसकर्मी वापस मथुरा आने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे, तभी अनिल की पत्नी स्कूटी लेकर वहां पहुंची। अनिल ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वह सामने ही स्थित होटल के कमरे में पत्नी से मुलाकात करना चाहता है। पुलिसकर्मियों ने इसकी अनुमति दे दी और होटल के बाहर खड़े गए। अनिल और उसकी पत्नी शाम करीब चार बजे होटल के कमरे में घुसे। घंटे भर बाद दोनों तेजी से होटल से बाहर निकले। अनिल की पत्नी ने स्कूटी चालू की और पति को बैठाकर फरार हो गई।

पुलिसकर्मियों ने उनके पीछे दौड़ भी लगाई, लेकिन पकड़ने में सफलता नहीं मिली। देर शाम तीनों पुलिसकर्मी मथुरा पुलिस लाइन पहुंचे। आरआई राधेश्याम को पूरा प्रकरण बताया। आरआई ने एसएसपी को घटनाक्रम की जानकारी दी। बुधवार को तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया । अनिल और उसकी पत्नी के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी मथुरा ने बताया फरार बंदी अनिल व उसे भगाकर ले जाने में सहयोगी उसकी पत्नी पर होडल थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, लापरवाही में तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया है।

# संस्कृति विवि में अध्ययन और शोध करेंगे विदेशी विद्यार्थी

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों के लिए भी जिज्ञासा का केंद्र बन रहा है। हाल ही में विभिन्न देशों के शिक्षण संस्थानों के साथ शुरू हुए विद्यार्थी विनियमय कार्यक्रमों के तहत विएतनाम और श्रीलंका के उच्च शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी अध्ययन और शोध के लिए आए हैं। संस्कृति विश्वविद्यालय की सीईओ मीनाक्षी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्कृति विवि में विएतनाम से थि किम थौंग डिन्ह और ग्वेन हा ट्रैंग छात्राएं और श्रीलंका से नेथमा रनवीरा अध्ययन और शोध के लिए आई हैं। ये छात्राएं यहां तीन महीने रहकर अपने विषयों के अलावा भारतीय संस्कृति, भाषा और कला के बारे में भी अध्ययन करेंगी। विएतनाम से आई छात्राओं के अध्ययन का विषय विशेष रूप से आर्थिक प्रबंधन और विश्लेषण से जुड़ा है। इसी प्रकार श्रीलंका से आई छात्रा के अध्ययन का विषय जीवविज्ञान (बायोलाजी) से संबंधित है। शर्मा ने बताया कि संस्कृति विवि के ये विद्यार्थी विनिमय के कार्यक्रम कई देशों की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के साथ हुए एमओयू पर आधारित हैं। हम चाहते हैं कि विदेशी विद्यार्थी यहां आएं और यहां आकर अपने विषय के अतंर्गत शोध करने के साथ-साथ भारत को व भारत की संस्कृति को भी जानें। इसी तरह हमारे यहां के विद्यार्थी विदेशों में जाकर वहां की शिक्षा और शोध के विषय में ज्ञान वृद्धि करें ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच कर वे किसी जानकारी से वंचित न रहें। विदेशी विद्यार्थियों के आगमन पर विवि प्रशासन की ओर से उनका भारतीय परंपराओं के अनुरूप स्वागत किया गया। साथ ही पहले दिन विवि के एकेडमिक दल ने उनको विवि की शिक्षा और वातावरण के बारे में आवश्यक जानकारी दी। इस मौके पर विवि की एकेडमिक डीन डा. मीनू गुप्ता, डाइरेक्टर जनरल डा. जेपी शर्मा भी मौजूद रहे।

## कमरा गर्म करने को जलाई आग से संकट में पड़ी दो कर्मचारियों की जान

**मथुरा।** मारक हुई सर्दी से बचने के लिए गुरुवार रात मोक्षधाम के दो कर्मचारी कमरे में आग जला कर सो गए। धुएं से दोनों बेहोश हो गए। शुक्रवार सुबह पुलिस ने दरवाजा तोड करके दोनों को बाहर निकाला और सिटी हास्पिटल भिजवाया। दोनों कर्मचारी वेंटीलेटर पर है। मसानी स्थित मोक्षधाम पर राया क्षेत्र के नीमगांव के रहने वाले हरीमोहन और हाईवे क्षेत्र के गांव अरहैरा के रहने वाले सुभाष कर्मचारी है। यही एक कमरे में रहते है। भीषण ठंड से बचाने के लिए दोनों ने लकडी जलाई और जब वह कोयला में तब्दील हो गई तो उनको उठाकर दोनों ने कमरे में अंदर रख लिया।

# प्रेम प्रसंग के चलते दोस्तों ने की दोस्त की हत्या

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** टूंडला पुलिस ने छ दिन पूर्व किशन होटल के पीछे मिले करन के शव की गुत्थी सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। हत्या का कारण त्रिकोणीय प्रेस प्रसंग के चलते दोस्तों ने ही की थी करन की हत्या। एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि मृतक करन (18) के परिजनों ने थाना टुंडला में 13 जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 16 जनवरी को करन का शव किशन होटल के समीप मिला था। जिसकी परिजनों ने शिनांख्त करन की रूप में की थी। वहीं परिजनों ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने तीन टीमों का गठन किया। जिस पर पुलिस ने मुखविर की सूचना पर तीन आरोपियों को आगरा की ओर सर्विस रोड टूण्डला से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होने अपने नाम गौरव कुशवाह पुत्र उदयपाल सिंह निवासी जीवन नगर कालोनी भर्रा नाला थाना टूंडला, पुष्पेन्द्र उर्फ जुल्मी जाट पुत्र गजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी महावीर नगर थाना टूंडला, अतुल पुत्र जयवीर सिंह निवासी कमोरा थाना बल्देव जिला मथुरा बताया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक ईट व पेचकस व शराब की खाली बोतल और मोटर साइकिल को भी बरामद किया है। आरोपी गौरव कुशवाह ने बताया कि मै और पुष्पेन्द्र उर्फ जुल्मी रूबी (काल्पनिक नाम ) से प्यार करते थे। हमसे पहले रूबी करन से प्यार करती थी। उसी दौरान रूबी से दोस्ती हो गयी। हमने कई बार करन और रूबी को समझाया लेकिन दोनों नहीं माने। जिस पर करन ने गाली गलौज भी की थी। जिससे हम लोगों ने हत्या की साजिश रची। जिसमें पुष्पेन्द्र का बुआ का लडका अतुल ने भी साथ दिया था। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## ब्रहमा बाबा की पुण्यतिथि विश्व शांति दिवस के रूप मे मनाई

**मथुरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्था के संस्थापक ब्रहमा बाबा की 55वी पुण्यतिथि विश्व शांति दिवस के रूप मे विविध आयोजनो के साथ मनाई गयी ।इस अवसर पर संगठित सामोहिक योग और ब्रह्मा बाबा के जीवन के प्रेरणा दायक प्रसंगो और गीत,कविताओं का मंचन किया गया। उक्त अवसर पर संस्था की सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी के कृष्णा दीदी ने मानवीय मूल्यो की कमी को सामाजिक पतन का मूल कारण बताते हुए कहा कि ब्रह्मा बाबा का जीवन मानवीय मूल्यो के उत्थान और विश्व शांति की स्थापना हेतु समर्पित रहा । उन्होने कहा कि तप ,त्याग, करुणा, दिव्यता तथा पवित्रता रूपी गुणो से सम्पन्न बन कर ब्रह्मा बाबा ने नारियों को मात्रशक्ति के रूप मे स्थापित किया।उन्होंने अपने कर्मो से जीवन के उन आदर्शो को स्थापित किया, जो आज सभी के लिए अनुकरणीय है।इस अवसर पर मथुरा गायनो सोसाइटी की सचिव डॉ रश्मि गोयल ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए ,और सभी को ब्रह्मा बाबा के ऊंचे आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन मे विशाल क्लॉथ से कमल चावला, डॉ अजित सिंह, मथुरा रिफाइनरी से यस के मंडल, रनिता कटियार और हरी पांडा मुख्यरूप से उपस्थित रहे । इसके अतिरिक्त सुदूर ग्राम से बड़ी संख्या मे भाई बहनो ने आयोजन मे सहभागिता की।मंच संचालन बी के मनोज भाई नें और धन्यवाद ज्ञापन इंडियन ऑइल में सीनियर मैंनेजर आलोक भाई नें किया।

# सुधा सागर महाराज के मंगल प्रवेश पर उमड़ी भीड़

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में 108 महामुनिराज विद्यासागर महाराज के परम पूज्य शिष्य सुधा सागर महाराज की विशाल शोभायात्रा भूढा पुल से प्रारम्भ होकर बड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर पहुंची।

सुधा सागर महाराज की शोभायात्रा भूढा पुल से प्रारम्भ हुई जो सुभाष तिराहा, तहसील तिराहा, नारायण होटल, स्टेट बैंक, बड़ा बाजार होते हुए गुड़ मंडी स्थित जैन मंदिर पर पहुँची। मुनिश्री की शोभायात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ इस दौरान महिला मंडल व युवा मंडल अपनी-अपनी पोशाकों में मुनिश्री की भक्ति करते हुए नृत्य करते हुए चल रहे थे। जूलुस में केसरिया झण्डे लिए सैकड़ों की संख्या में जैन धर्मालम्बी भगवान महावीर के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज व मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। वहीं बैंड सुर-मधुर जैन भजनों से वातावारण को संगीतमय कर रहा था।

मुनिश्री बड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर पहुँचने पर विमल जाग्रति मंच एवं नसिया धर्मशाला के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय लोगों द्वारा संयुक्त रूप से आरती उतारकर पाद पृक्षालन कर आगवानी की गयी। आगवानी करने वालों में शैलेंद्र जैन, प्रिंस जैन, अनिल जैन, राकेश जैन, सुभाष जैन, ज्ञानेंद्र जैन, अमबुज , राखी जैन, राजीव गुप्ता, डा संजीव माथुर, राजेश जैन, संजीव जैन मुख्य थे। इस दौरान मुनिश्री ने संवाददाताओं से कहा कि दिगम्बर साधु के चरण जहाँ पड़ते हैं वहाँ तीर्थ बन जाता है। दिगम्बर रहना कोई परम्परा नहीं है, श्रमण संस्कृति दिगम्बर जैन धर्म की आचार संहिता है। साधु का कार्य जगत को प्रकाशमान करना है। लोग जैन धर्म के साधु की चर्या को कष्ट समझते हैं लेकिन यह हमारी तपस्या है।हमें परम्परा से हटकर जगत का कल्याण करना है। सूर्य का निकलना परम्परा नहीं है जगत में अन्धकार मिटाकर प्रकाश करना है। प्रकृति की परम्परा गर्मी करना, बरसात करना नहीं बल्कि प्रतिक्रिया है। धर्म कोई परम्परा नहीं, धर्म तो हमारा मैत्री समूह है। इस मौके पर गुड्डु जैन, जाली जैन, सोनू जैन, राहुल जैन, दीपक जैन, सम्भव जैन, गब्बर, बंटू, विकास एवं महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# नायब तहसीलदार ने स्थानीय लोगों की शिकायत पर होटल को किया सीज

अवधनामा संवाददाता




**शिकोहाबाद।** नगर में स्थित होटल, रैस्टोरेंट आजकल चर्चा का विषय बने हुए हैं। इन होटल, रैस्टोरेंटों में युवक-युवतियां आकर रंगरेलियां मनाते हैं। जिससे स्थानीय लोगों के बच्चों पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है। इससे आजिज लोग अब प्रशासन को शिकायतें भी करने लगे हैं। ऐसी ही एक शिकायत पर नायब तहसीलदार ने एक होटल को सीज कर दिया। नगर के एटा चैराहा के समीप स्थित एक होटल को शुक्रवार दोपहर दो बजे प्रशासन द्वारा सीज कर दिया। स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि इस होटल में अवैध रूप से प्रेमी युगल रंगरेलियां मनाने आते हैं। जिससे मोहल्ले के आसपास का माहौल खराब हो रहा है। इसी शिकायत पर शुक्रवार को नायब तहसीलदार अवनीश कुमार और थाना प्रभारी अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने होटल रेस्टोरेंट पर छापा मारा हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों की भनक लगते ही होटल में मौजूद प्रेमी युगलों में भगदड़ मच गई। स्थानी लोगों के मुताबिक होटल से पांच प्रेमी युगल रेस्टोरेंट के पीछे वाले गेट से भागने में सफल हो गये। जब प्रशासन की टीम होटल एंड रेस्टोरेंट में अंदर घुसी तो उन्हें मौके पर कोई नहीं मिला। इस बीच एक कर्मचारी से पुलिस अभी पूछताछ कर रही है। रेस्टोरेंट को ताला लगाकर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में सीज कर दिया गया है। इस बारे में नायब तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया के स्थानीय लोगों की सूचना पर यह कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान मौके पर एक कर्मचारी मिला, जिससे प्रपत्र दिखाने के लिए कहा गया। लेकिन रेस्टोरेंट का कहीं कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है और ना ही उनके पास किसी तरह का कोई प्रपत्र है। इसलिए शुक्रवार को दोपहर 2 बजे के करीब इस रेस्टोरेंट को मानक पूरे न होने पर सीज कर दिया गया है।

# 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

## शासकीय विभागों/कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में 24 जनवरी को मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का होगा आयोजन

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' पर विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन
- मतदाता जागरूकता पर तैयार की गई पतंगों की प्रतियोगिता भी होगी आयोजित
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नये मतदाताओं को फोटो पहचान-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस को राज्य स्तर पर आयोजित करने की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन कार्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ में विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

राज्य स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह पूर्वान्ह 11:00 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला मुख्यालय पर, निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा वीआरसी पर, बीएलओ द्वारा बूथ पर आयोजित किया जाये। प्रत्येक बूथ पर तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने आये मतदाताओं को शपथ दिलवायी जाये। नये मतदाताओं को फोटो पहचान-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य करने वाले बीएलओ को जनपद स्तर पर पुरस्कृत भी किया जायेगा।

23 जनवरी को वॉकथान रूमी गेट से चौक स्टेडियम तक की जाएगी। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता पर तैयार की गई पतंगों की प्रतियोगिता चौक स्टेडियम में किया जायेगा। शासकीय विभागों/कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थाओं में 24 जनवरी को पूर्वान्ह 11:30 बजे मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाय जिसमे अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों तथा च्टज्ळ की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले में स्थित कालेजों, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन संबंधित विभागों द्वारा संबंधित जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के समन्वय से किया जाय। आयोजन में छात्र/छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' स्कूल कालेजों में प्रभात फेरी, स्लोगन राइटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया जाय। महिलाओं की सहभागिता हेतु जागरूकता लाने के लिए आगनबाड़ीए आशा महिला स्वंय सहायता समूहों, महिला ऑइकन आदि की सहभागिता सुनिश्चित की जाय। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता पर तैयार की गई पतंगों की प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी।

# वृक्षों के पातन हेतु धनराशि स्वीकृति

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद-फर्रुखाबाद में पीएमजीएसवाई-3 के अन्तर्गत एफ0 डी0आर0 तकनीक से निर्माणाधीन पैकेज संख्या यूपी-24108, टी03 कम्पिल से गौरखेड़ा से जनपद-बार्डर तक के निर्माण में बाधक वृक्षों के पातन, प्रतिपूरक वृक्षारोपण एवं बाधक वृक्षों के कटान/दुलाई (वन निगम हेतु) के लिए रू0 12,77,098.00 (रुपये बारह लाख सतहत्तर हजार अट्ठानवे मात्र) की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है । इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

जारी शासनादेश में निर्देश दिए गये हैं कि आकड़ों की शुद्धता एवं धनराशि की अनुमन्यता की पुष्टि का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0 प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ का होगा। यह भी निर्देश दिए गए हैं, स्वीकृत की धनराशि के नियम संगत व्यय व पूर्व में स्वीकृत धनराशियों के निर्धारित प्रारुप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ का होगा।

# कोनेश्वर मन्दिर पहुंचकर भूपेंद्र सिंह ने की साफ सफाई

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया दीवार लेखन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सभी देव स्थानों को अधिक से अधिक स्वच्छ और निर्मल बनाने के उद्देश्य से कोनेश्वर मन्दिर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल ने मंदिर के बाहर परिसर पर झाड़ू, साफ सफाई करके स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाया फिर कोनेश्वर महादेव पर जलाभिषेक करके पूजा अर्चना की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प लिया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी में सभी कार्यकर्ता 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी मठ, मन्दिर स्वच्छता अभियान चलाएगी भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता इस अभियान से जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प हो पूरा करेगे । हमारे जैसे 140 करोड़ जनता के लिए बहुत आनंद देने वाला क्षण है हमारे सपने साकार जैसा होने वाला क्षण है इसके लिए समाज के बहुत से लोगों ने बलिदान दिया है 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है कि आज श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गर्भगृह श्री राम प्रभु विराजमान हो रहे हैं।

इस अभियान में प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लखनऊ जिला प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, सौरभ वाल्मीकि, पार्षद अनुराग मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विशाल गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ताओं स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत धनराशि वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत आर.सी.पी.एल.डब्ल्यू (.ई.ए. (बैच-1, 2017-18) के प्रोग्राम फण्ड के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए द्वितीय किश्त की प्रथम ट्रैच के रूप में अवमुक्त केन्द्रांश रू0 6.1093750 करोड़ के सापेक्ष मैचिंग राज्यांश रु0 4.073 करोड़ अर्थात कुल रू0 10.1823750 करोड़ (रूपये दस करोड़ अट्ठारह लाख तेईस हजार सात सौ पचास मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जारी शासनादेश में निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि के नियमसंगत व्यय व पूर्व में स्वीकृत धनराशियों के निर्धारित प्रारुप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ का होगा।

# आल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम ने लगाया रक्तदान शिविर

## आल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम इंसानियत के कामों में हमेशा आगे रहती है: निदेशक, बलरामपुर चिकित्सालय



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों की मदद के लिए आल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम द्वारा आज बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नदवतुल उलेमा लखनऊ के 150 छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और और रक्तदान किया।इस अवसर पर बलरामपुर चिकित्सालय के निदेशक डा. अविनाश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे, उन्होंने आल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इंसानियत के कामों में ये संस्था हमेशा आगे रहती है। जो एक महान कार्य है। ऑल इण्डिया पयामे इंसानियत फोरम के संयोजक मौलाना इस्तेफाउल हसन ने अपने विचार रखे तथा कहा कि इसी तरह के कार्यो से हम आपस में भाईचारा स्थापित करके एक अच्छा समाज बना सकते हैं,उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लागों को धन्यवाद दिया।इस कार्यक्रम का आयोजन फोरम के माध्यम से हमेशा समाज की सेवा करने वाले श्री शफीक चौधरी ने किया।इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हजरत मौलाना अबुल हसन अली नदवी (अली मिया) द्वारा स्थापित ऑल इण्डिया पयामे इंसानियत फोरम जो कि एक गैर राजनीतिक समाज सेवी संस्था है जो शुद्ध मानवीय तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित बिना किसी जाति,पंथ या धार्मिक भेदभाव के प्रेम,आपसी भाईचारा,मानवता का संदेश फैलाने की भावना से सेवा कर रही है। जिसका उद्देश्य मानव को मानव से और हृदय को हृदय से जोड़ना है।ये फोरम देश के विभिन्न शहरों में समाज सेवा के कार्य जैसे मेडिकल कैम्प, रक्तदान शिदिर, बाढ़ राहत शिविर, अस्पतालों में जाकर मरीज़ों की सेवा, वृद्धाश्रम में सेवा, आदि का आयोजन करता रहता है।इस मौके पर फोरम के प्रबन्धक डा. रियाज अहमद भी मौजूद थे।

# भाषा वि.वि. में कैंपेन दखल दो कार्यक्रम का आयोजन




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्विद्यालय के कुलपति डॉ.एन.बी. सिंह के मार्गदर्शन में ब्रेकथ्रू द्वारा आयोजित जी.बी.वी (जेंडर बेस्ड वायलेंस) के अंतर्गत चल रहे कैंपेन दखल दो ! कार्यक्रम का आयोजन विश्विद्यालय में स्थित अटल सभागार में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सीनियर को - ऑर्डिनेटर, ब्रेक थ्रू से शुभम एवं विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डा. नीरज शुक्ला तथा डा .दुआ नकवी जी द्वारा दीप प्रजवल्लन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभागार में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को ब्रेक थ्रू के दखल दो। प्रोग्राम के अंतर्गत कैट कॉलिंग , वर्बल एब्यूज तथा स्टॉकिंग जैसे विषयों पर वीडियो दिखाकर इसके बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि श्री शुभम ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनके मन की शंकाओं को दूर किया। इसके बाद श्री शुभम ने ब्रेक थ्रू के बारे में जानकारी देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि जो बदलाव होते हैं वो हमसे ही शुरू होते हैं तथा डा. नीरज शुक्ला ने बेटियों की सुरक्षा पर ज़ोर देते हुए ऐसे और भी कार्यक्रमों को आगे भी आयोजित करने की इच्छा जताई। कार्यक्रम को समापन की ओर बढ़ाते हुए मंच पर मंचासीन अतिथिगण को पुष्प भेट किया गया तथा सभागार में उपस्थित सभी शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में अधिक संख्या में छात्र छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम की समन्वयक डा. दुआ नकवी रहीं एवं कार्यक्रम का आयोजन ब्रेक थ्रू के फेलोज दीपांशु , फिज़ा, फिरोज़ द्वारा किया गया।

### असिस्टेंट प्रोफ़ेसर की परीक्षा को किया उत्तीर्ण

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्यार्थियों ने यूजीसी की एनटीए द्वारा आयोजित होने वाली असिस्टेंट प्रोफ़ेसर की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा पास की है। भाषा विश्वविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय के अरबी विभाग से मो. सोलह पीपी और जियाउल मुस्तफा एवं उर्दू विभाग से राशीदा खातून, अब्दुल्ला, शाहिरा परवीन, सैयद मोईनुद्दीन और तनवीर अहमद ने यूजीसी की एनटीए द्वारा आयोजित होने वाली असिस्टेंट प्रोफ़ेसर की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को इन विद्यार्थियों ने पास की है जो कि विश्वविद्यालय के लिए बड़े ही गौरव की बात है। विवि के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों के भविष्य के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि सभी विद्यार्थियों को इन उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों से सीखने की आवश्यकता है। साथ ही कहा की भाषा विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा उच्च शिक्षा के लिए भी अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रहा है।

# कार्मिकों द्वारा कार्यों में शिथिलता व भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: ए.के. शर्मा

- देवेश कुमार सिंह की परियोजना अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति समाप्त



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग हेतु नामित संस्था मै0 सरयू बाबू इंजीनियर फॉर रिसोर्स डेवलेपमेंट पर कठोर कार्रवाई करते हुए डिबार कर दिया गया

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा के सख्त निर्देशों के क्रम में बदायूँ जिले के जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर परियोजना अधिकारी के पद पर तैनात देवेश कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति को तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए उनको उनके मूल विभाग उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, लखनऊ में प्रत्यावर्तित कर दिया गया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही कर निलंबन हेतु संबंधित बैंक के प्रबंध निदेशक को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), बदायूँ में तैनात म्यूनिसिपल/सिविल इंजीनियर शिवकुमार को भी तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही जनपद बदायूँ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग हेतु नामित संस्था मै0 सरयू बाबू इंजीनियर फॉर रिसोर्स डेवलेपमेंट पर कठोर कार्रवाई करते हुए डिबार कर दिया गया है। आरोप है कि देवेश कुमार सिंह के कार्य दायित्वों के दौरान कार्यों में किए गए शिथिल पर्यवेक्षण के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत लाभार्थियों से धन उगाही की गई, जिस कारण से भारत सरकार, प्रदेश सरकार के साथ राज्य नगरीय विकास अभिकरण की भी छवि धूमिल हुई है।

नगर विकास मंत्री के निर्देशानुसार अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला ने इस संबंध में आज आदेश निर्गत कर दिया है और जिला अधिकारी बदायूँ से उपजिलाधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट /अपर जिलाधिकारी को परियोजना अधिकारी डूडा, बदायूँ के पदीय दायित्वों का निर्वहन हेतु अनुरोध किया है।

ए0के0 शर्मा ने सोशल मीडिया में आवास के बदले रिश्वत लेने संबंधी वायरल वीडियो का त्वरित संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वायरल वीडियो में जनपद बदायूँ के सांसद के कर-कमलों से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत डूडा, बदायूँ के लाभार्थियों को आवासों की चाबी वितरित की जा रही थी। चाबी वितरण समारोह के दौरान ही एक लाभार्थी महिला द्वारा आवास के लिए 30 हजार रुपये रिश्वत दिए जाने की बात कही गई।

नगर विकास मंत्री ने विभागीय अधिकारियों व कार्मिकों को सख्त संदेश दिया है कि किसी भी रूप में कार्यों में शिथिलता व भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप ही कार्मिकों को कार्य करने के लिए अपनी कार्य संस्कृति में बदलाव भी लाना होगा।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये 135 गाइडों को किया गया तैयार

- प्रशिक्षित गाइड श्रद्धालुओं को अयोध्या के पौराणिक एवं आधुनिक स्थलों के बारे में विस्तार से देगें जानकारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद यह बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने वाला धर्मस्थल होगा। इससे रोजगार बढ़ने के साथ ही अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार मिलेगी। पर्यटकों के आगमन को देखते हुए बड़ी संख्या में टूरिस्ट गाइड की आवश्यकता को देखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। अब तक 135 गाइड तैयार किए जा चुके हैं, जो 14 भाषाओं में पर्यटकों से बात कर सकेंगे। इन गाइडों को 10 वर्ष के लिये लाइसेंस दिया गया है। इन्हे ज्यादातर भारतीय भाषाओं का ज्ञान है और अधिकांश गाइड अयोध्या एवं उसके आसपास के रहने वाले है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होने बताया कि मान्यवर कांशीराम इंस्ट्यूट आफ टूरिज्म मैनेजमेंट लखनऊ एमकेआइटीएम टूरिस्ट गाइड तैयार करने के लिए अधिकृत संस्था है। अयोध्या में टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण के लिए एमकेआइटीएम में लगभग 235 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें प्रशिक्षण के लिए 167 छात्रों को योग्य पाया गया था। इन छात्रों को केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार करीब 40 दिन प्रशिक्षण के बाद परीक्षा कराई गई। परीक्षा में 148 छात्र उपस्थित हुए, इसमें 135 पास हुए। इन छात्रों को सर्टिफिकेट भी जारी की गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि 40 दिन के प्रशिक्षण के बाद उत्तीर्ण हुए 135 छात्रों को लोकल लेवल टूरिस्ट गाइड का लाइसेंस दिया गया है। यह लाइसेंस 10 वर्षो के लिए वैध होगा। इसके बाद रिन्यूअल भी हो सकता है। संस्थान की ओर से अयोध्या में पहले से 13 टूरिस्ट गाइड सेवा दे रहे हैं। मान्यवर कांशीराम इंस्ट्यूट आफ टूरिज्म मैनेजमेंट लखनऊ में करीब 40 दिन की अवधि में बांग्ला, गुजराती, नेपाली और तेलगू का प्रशिक्षण दिया गया है।

# 5वीं अंतर्राष्ट्रीय उद्योग तकनीकी प्रदर्शनी का उद्घाटन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** तीन दिवसीय 5वी अंतर्राष्ट्रीय उद्योग तकनीकी प्रदर्शनी का उद्घाटन 19 जनवरी 2024 को राम कथा मैदान सेक्टर जे, आशियाना, लखनऊ में माननीय अवनीश कुमार जी एमएलसी जी के द्वारा किया गया। 19,20 व 21 जनवरी को लगने वाली प्रदर्शनी समारोह के मुख्य अतिथि माननीय अवनीश कुमार जी एमएलसी जी ने कार्यक्रम को सराहा और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए व इस प्रदर्शनी से लोगो को मिलने वाले लाभ को बताया और उसके लिए प्रदर्शनी को लाभकारी बताया स्स्स्स्ध मंत्रालय के सहयोग से भारतीय मीडिया एंड इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में नई नई तकनीकिया समावेश हो रही है। तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय औद्योगिक तकनीकी प्रदर्शनी में प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण: पैकेजिंग मशीन, ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल पैनल, जनरेटर और सोलर पैनल, हाइड्रोलिक, मशीन टूल्स, नए उद्योग चालू करने हेतु एमएसएमई स्कीम्स आदि के स्टॉल लगाए गए हैं।

## राजकीय आईटीआई लखनऊ में 23 जनवरी को रोजगार दिवस का

**लखनऊ।** राज कुमार यादव प्रधानाचार्य ने बताया कि 23 जनवरी 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में रोजगार दिवस का आयोजन किया जाना है। जिसमें 24 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। एम0 ए0 खाँ ट्रेंनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि रोजगार दिवस में 24 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगे। जिसमें 1953 रिक्तियाँ है। जिसमें हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक पास अथवा कौशल विकास से प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तथा जिसकी आयुसीमा 18 से 35 वर्ष हो वे ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन रूपये 8,000 से 21,750 प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## श्रद्धालुओं की भारी संख्या में राम नगरी आने की संभावना

**लखनऊ।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में भ्रमण पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के आसार हैं। इसमें देश और विदेश के श्रद्धालु भी शामिल हैं। सनातन परंपरा में प्रभु श्रीराम सामूहिकता और समरसता के प्रतीक हैं। इसी समरसता को देखने और महसूस करने के लिए श्रद्धालु अयोध्या आकार आनंद की अनुभूति करना चाहते हैं। राम मंदिर बनने से लेकर अयोध्या में हो रहे विकास कार्यो को लेकर देशभर के लोगों में जिज्ञासा है और सभी एक बार यहां आकर राम मन्दिर दर्शन करना चाहते हैं। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

# यारों हम बेअदब हो गए ग़ज़ल संग्रह का लोकार्पण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अखिल भारतीय साहित्य संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में अनागत कविता आन्दोलन के प्रणेता डॉ अजय प्रसून के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले अनागत दिवस समारोह का आयोजन भरत नगर, सीतापुर के सरस्वती एकेडमी विद्यालय सभागार में किया गया। उक्त समारोह में पण्डित बेअदब लखनवी की अनागत काव्य कृति यारों हम बेअदब हो गए गज़ल संग्रह का लोकार्पण हुआ। पण्डित बेअदब लखनवी की इस उपलब्धि पर अनागत साहित्य संस्थान द्वारा उन्हें अनागत रश्मि रथी सम्मान से सम्मानित किया गया। कृतिकार रामराज भारती की अनागत काव्य संग्रह आना कानी व प्रवीण पाण्डेय आवारा की अनागत काव्य कृति रिश्ते खून के का भी लोकार्पण हुआ जिसके लिए रामराज भारती व प्रवीण पाण्डेय आवारा को अनागत भारती सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता वयोवृद्ध साहित्यकार सुशील कुमार त्रिपाठी रागी ने की जिन्हें अनागत मार्तण्ड सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ के संजय गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान की डॉ नीमा पंत व राम दुलारे सिंह सुजान, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ शोभा दीक्षित भावना व साहित्य जगत की नामचीन कवयित्री डॉ प्रेमलता त्रिपाठी रहीं। अति विशिष्ट अतिथि ख़ैराबाद के जाने माने शायर जनाब वसी अहमद ख़ैराबादी व भातखण्डे संगीत सम विश्व विद्यालय के पूर्व प्रवक्ता विजय कुमार रहे। प्रवीण कुमार पाण्डेय आवारा व राम राज भारती को अनागत भारती सम्मान व सुफलता त्रिपाठी को अनागत चंद्रिका सम्मान से सम्मानित किया गया।

# जनसेवा का अनोखा नज़ारा

## कड़ाके की ठंड में अर्ध रात्रि तक जरूरतमंदों को विधायक राजेश्वर सिंह ने बंटवाये कंबल



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दिन हो या रात हो, शहर हो या गांव हो, मंदिरों में भी, वृद्धाश्रमों में भी, अस्पतालों में भी, सड़कों पर भी हर जगह, हर असहाय, हर जरूरतमंद और हर निराश्रितों तक सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह इस कड़ाके की ठंड में पुरे सेवा भाव से राहत पहुँचाने में जुटे हुए हैं। अपनी माँ तारा सिंह की प्रेरणा से अंत्योदय के लक्ष्य को साकार करते हुए पूरे समर्पण भाव के साथ क्षेत्र के हर ज़रूरतमंद तक मदद पहुँचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। कंबल वितरण महाअभियान के अंतर्गत डॉ राजेश्वर सिंह ने 5 टीमों का गठन कर क्षेत्र के अलग-अलग कोने में कड़ाके की ठण्ड में रात गुजार रहे निराश्रितों को कंबल भिजवाया। प्रत्येक निराश्रित को ठंड से राहत दिलाने हेतु डॉ राजेश्वर सिंह की टीमों ने पुरे सेवा भाव के साथ आशियाना चौराहा, अवध चौराहा, लोकबंधु अस्पताल, चुंगी, कृष्णानगर, पावर हाउस, बँगला चौराहा, उतरेटिया, कल्ली पश्चिम, खजाना कंपलेक्स, कुंडौरा, औरंगाबाद, शहीद पथ, नीलमथा चौराहा, अर्जुन गंज, एयरपोर्ट, गौरी, बंथरा, बिजनौर जैसे स्थानों पर जरुरतमंदों को कंबल दिए गए। बता दें कड़ाके की ठण्ड और भरी शीतलहर के बीच आधी रात में भी राजेश्वर सिंह की टीम पूरी निष्ठा और सेवा भाव के साथ लोगों को मदद पहुंचाती दिखी, वहीं हाड़ कपाने वाली ठंड में सहारा पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और डॉ सिंह के इस अभियान की लोगों ने जमकर सराहना की। तो वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को स्कूटर इंडिया चौराहा स्थित रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में कंबल वितरण महाअभियान संचालित कर विधायक राजेश्वर सिंह ने अपनी टीम द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरण करवाए। इससे पहले गुरुवार को सरोजनीनगर के ग्राम खांडेदेव में तमाम असहाय और निराश्रितों को कंबल प्रदान किया गया।

# सीट शेयरिंग नहीं होती है तो इंडिया के लिए खतरा, कई दल बना सकते हैं अलग गठबंधन

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव नजदीक हैं, लेकिन अभी तक इंडी गठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं हो सका। इसी बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला का बड़ा बयान सामने आया है।

उन्होंने इंडी गठबंधन में फूट पड़ने की बात कही है। फारूक अब्दुल्ला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि सीट शेयरिंग पर गठबंधन में शामिल दलों के बीच सहमति नहीं बन पाती है तो अलासंय में शामिल कुछ पार्टियां अलग गठबंधन बना सकती हैं। फारूक ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए काफी कम समय बचा है, ऐसे में गठबंधन में समय रहते ही सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए, यदि नहीं होता है तो ये अलायंस के लिए खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि यदि देश को बचाना है, तो हमें मतभेदों को भूलना होगा और देश के बारे में सोचना होगा। फारूक ने कहा कि अगर अभी सीट शेयरिंग नहीं होती तो यह संभव है कि कुछ लोग एक साथ आकर एक अलग दल बना लें, जो अलायंस के लिए आगामी चुनावों में चुनौतीपूर्ण



साबित हो सकता है। हालांकि, अभी समय है इसलिए इस बारे में गठबंधन को जल्द सहमति बनानी चाहिए। एनसी नेता ने कहा कि पार्टियों को केवल वहीं सीटें मांगनी चाहिए जहां उनका दबदबा है तब ही वह जीत हासिल कर सकते हैं, जहां उनका दबदबा नहीं हैं वहां सीटें मांगना गलत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तो खतरे में है ही, आने वाली पीढ़ी भी हमें माफ नहीं करेगी। फारूक ने कपिल सिब्बल के साथ चर्चा करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि अगर हम अपने अहंकार को छोड़कर एक साथ मिलकर यह नहीं सोचते कि इस देश को कैसे बचाया जाए, तो मुझे लगता है कि यह हमारी ओर से सबसे बड़ी गलती होगी। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि गठबंधन के सदस्यों की हाल ही में दिल्ली के एक होटल में बैठक हुई जहां इस बात पर सभी ने चर्चा कि अब लोकसभा चुनावों के लिए ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में गठबंधन के लिए सीट शेयरिंग जरुरी है। उन्होंने कहा कि हमने चर्चा की कि गठबंधन में एक ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो हमारे मतभेदों को दरकिनार कर सभी को एक साथ ला सके।अगर हमें देश को बचाना है तो मतभेद भुलाकर देश के बारे में सोचना होगा। इंडी गठबंधन के लिए सीट शेयरिंग पश्चिम बंगाल में सबसे मुश्किल है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि पिछली बार टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी वाम दलों के साथ सीटें शेयर करने के लिए तैयार नहीं थीं लेकिन इस बार उन्होंने कहा कि पार्टियों के नेता वहां चुनाव लड़ सकते हैं, जहां वह जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोग उनके खिलाफ बयान जारी कर मतभेद बढ़ा रहे हैं।

# बिलकिस बानो केस के दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो मामले में दोषियों को एक बड़ा झटका दिया है। दोषियों द्वारा जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए समय बढ़ाने की मांग वाली याचिका को आज शीर्ष कोर्ट ने



खारिज कर दिया है। बिलकिस बानो मामला में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आत्मसमर्पण के लिए समय बढ़ाने के लिए 11 दोषियों द्वारा बताए गए कारणों में कोई दम नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि आत्मसमर्पण को स्थगित करने और जेल में वापस रिपोर्ट करने के लिए याचिकाकर्ताओं द्वारा दिए गए कारणों में कोई योग्यता नहीं है, क्योंकि वे कारण किसी भी तरह से उन्हें हमारे निर्देशों को मानने से नहीं रोकते हैं।

बता दें कि गुजरात सरकार ने इन सभी दोषियों को माफी के तौर पर रिहाई से पहले ही जेल से रिहा कर दिया था। सरकार के इस फैसले पर विपक्ष समेत कई लोगों ने सवाल भी उठाए थे।

इसके बाद सरकार के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर 8 जनवरी को सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने दोषियों को दो हफ्ते में जेल में सरेंडर करने का आदेश दिया था।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए भारत जैसे देश में कोई जगह नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के विषय पर सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा है कि संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई स्थान नहीं है तथा उनकी पार्टी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध करती है।

समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे सुझाव में खरगे का यह भी कहना था कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है और यदि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है, तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी। उन्होंने पत्र में कहा, ''जिस देश में संसदीय शासन प्रणाली अपनाई गई हो, वहां एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार द्वारा एक साथ चुनाव के ऐसे प्रारूप संविधान में निहित संघवाद की गारंटी के



खिलाफ हैं।'' पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की ओर से सुझाव के लिए पिछले साल 18 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा गया था। खरगे ने कहा, ''सरकार और इस समिति को शुरू में ही इसको लेकर ईमानदार होना चाहिए था कि वे जो प्रयास कर रहे हैं वह संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध हैं और यदि एक साथ चुनाव लागू करना है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी।''

उन्होंने कहा, ''कांग्रेस पार्टी और देश के लोगों की ओर से मैं उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष (कोविंद) से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि वे संविधान और संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उनके व्यक्तित्व और भारत के पूर्व राष्ट्रपति के पद का दुरुपयोग न करने दें।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का कड़ा विरोध करती है। एक संपन्न और मजबूत लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि इस पूरे विचार को त्याग दिया जाए।''

# गणतंत्र दिवस परेड में इस बार जलवा बिखेरेंगे 29 लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड इस बार कुछ खास होने वाली है। इस बार कुल 51 विमान परेड में शामिल किए जाएंगे। इनमें सबसे खास बात

वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल




ये है कि इसमें 29 लड़ाकू विमान हिस्सा लेंगे, जिनमें से कुछ को महिला पायलट भी चलाएंगी। IAF के विंग कमांडर मनीष ने बताया कि परेड में 8 परिवहन विमान, 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान भी शामिल होंगे। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। इसी के साथ भारतीय

फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। वहीं, महिला लड़ाकू पायलट गणतंत्र दिवस फ्लाईपास्ट का हिस्सा होंगी।

आज भारतीय वायु सेना की झांकी की प्रतिकृति जिसे गणतंत्र परेड 2024 में प्रदर्शित किया जाएगा उसे भी दिखाया गया। इसमें जाबांज महिला लड़ाकू पायलटों की बहादुरी को भी दिखाया गया है।

# गुजरात की पहली महिला स्काइडाइवर ने 13,000 फीट की ऊंचाई से लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** भारत की प्रसिद्ध 'स्काइडाइवर' श्वेता परमार ने थाईलैंड

**प्रतिष्ठा**

**श्वेता इसके लिए पिछले एक महीने से तैयारी कर रही थीं। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना है।**

में 13,000 फीट की ऊंचाई से विमान से छलांग लगाकर गर्व के साथ श्री राम का झंडा फहराया। श्वेता इसके लिए पिछले एक महीने से तैयारी कर रही थीं। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इसी को लेकर गुजरात की पहली महिला नागरिक लाइसेंस प्राप्त स्काइडाइवर श्वेता परमार ने थाईलैंड में 13,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर झंडा जय श्री राम का झंडा फहराया। वडोदरा



की श्वेता परमार 28 साल की उम्र में 2021 में गुजरात की पहली महिला नागरिक लाइसेंस प्राप्त स्काइडाइवर बनीं। पद्मश्री पुरस्कार विजेता राचेल थॉमस, शीतल महाजन और देश की पहली महिला बेस जम्पर अर्चना सरदाना की लीग में शामिल होकर श्वेता भारत की चौथी महिला स्काइडाइवर बनीं। श्वेता ने कहा, 9 जनवरी को एक एकल स्काइडाइविंग कार्यक्रम था जिसके लिए मैंने एक महीने पहले तैयारी शुरू कर दी थी। मैं आगे की ट्रेनिंग लेने के लिए थाईलैंड पहुंची थी। श्वेता ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर के आगामी अभिषेक समारोह का जश्न मनाने के लिए जिसने देश का ध्यान खींचा है, हर कोई अपने तरीके से योगदान दे रहा था। एक स्काइडाइवर के रूप में, मैंने हमारे देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में छलांग लगाने का फैसला किया। यूएसपीए-सी लाइसेंस रखने वाली श्वेता ने फिक्स्ड विंग्स (एएन 28, ट्विन ओटर, कोडिएक 100, सेसना, अन्य) और हॉट एयर बैलून सहित विभिन्न प्लेटफार्मों से 297 छलांग लगाई है। उन्हें भारतीय दुल्हन की पोशाक में कूदने वाली पहली महिला स्काइडाइवर होने का गौरव भी प्राप्त है। पिछले साल फरवरी से उन्होंने स्काईडाइव इंडिया अभियान (एसआईसी) के माध्यम से अन्य भारतीय स्काइडाइविंग उत्साही लोगों की मदद करना शुरू कर दिया है।

# निर्माणाधीन स्कूल भवन का अस्थायी ढांचा गिरने से दो लोगों की मौत, कई घायल

पीटीआई, बेंगलुरु। बेंगलुरु के बाहरी इलाके अनेकल शहर में शुक्रवार सुबह एक स्कूल भवन के निर्माण के लिए बनाई गई अस्थायी संरचना ढह जाने से दो लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना उस वक्त घटी जब एक निजी स्कूल के बरामदे की सेंटरिंग की जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मियों के साथ मौके पर पहुंची।

उन्होंने मलबे में दबे घायलों को निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि कम से कम 13 लोग घायल हो गये। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर से हुई शुरू

**जोरहाट।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी के सहयोगी शुक्रवार सुबह नौका से माजुली के लिए रवाना हुए और इसी के साथ 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' असम में फिर शुरू हुई। यात्रा में शामिल नेता और समर्थक नावों से जोरहाट जिले के निमतीघाट से माजुली जिले के अफलामुख घाट पहुंचे। वहीं, कुछ वाहनों को भी बड़ी नावों की मदद से ब्रह्मपुत्र नदी के पार पहुंचाया



गया। राहुल के साथ पार्टी महासचिव जयराम रमेश, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया सहित पार्टी के कई शीर्ष नेता मौजूद थे। राहुल अफलामुख घाट पहुंचने के बाद कमलाबाड़ी चारियाली जाएंगे जहां वह एक प्रमुख वैष्णव स्थल औनियाती सत्र का दौरा करेंगे। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' गार्मुर से गुजरते हुए जेंगरायमुख में राजीव गांधी खेल परिसर में सुबह विश्राम करेगी। रमेश और पार्टी सांसद गौरव गोगोई वहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके बाद यह यात्रा बस से उत्तरी लखीमपुर जिले के ढकुवाखना के लिए रवाना होगी जहां राहुल का शाम को गोगामुख में एक जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। पार्टी द्वारा साझा किए गए कार्यक्रम के अनुसार, यात्रा रात में गोगामुख कॉलोनी मैदान में रुकेगी।

# दक्षिणी फिलीपींस में भारी बारिश से एक मकान में भूस्खलन, 7 लोगों की मौत

**दावाओ।** भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दक्षिणी फिलीपींस में एक घर ढह गया, जिससे बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की



मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक आपदा-प्रबंधन अधिकारी ने कहा कि घर में ईसाई लोग उस समय प्रार्थना कर रहे थे। सरकार के नागरिक सुरक्षा कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख एडनार दयानघिरंग ने गुरुवार रात कहा कि दावाओ डी ओरो प्रांत के सोना-खनन शहर मोनकायो में एक दूर-दराज के पहाड़ी गांव में भूस्खलन के बाद पांच से 10 लोग लापता हैं। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने भारी बारिश के कारण गुरुवार दोपहर में अधिक पीड़ितों की तलाश बंद कर दी, जिससे और अधिक भूस्खलन हो सकता है। खोज एवं बचाव कार्य शुक्रवार को फिर से शुरू हुआ। दयानघिरंग ने एसोसिएटेड प्रेस को टेलीफोन पर बताया, जब भूस्खलन हुआ तब वे घर में प्रार्थना कर रहे थे। यह दुखद है लेकिन जमीनी हकीकत यही है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन के अलावा, कई दिनों की भारी बारिश से निचले इलाकों के गांवों में भी बाढ़ आ गई और दो अन्य बाहरी प्रांतों में 6,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए। जिसे स्थानीय पूर्वानुमानकर्ता शियर लाइन कहते हैं, उसके कारण बारिश हुई - वह बिंदु जहां गर्म और ठंडी हवाएं मिलती हैं। हर साल विशेष रूप से जून में शुरू होने वाले बरसात के मौसम के दौरान फिलीपीन द्वीपसमूह में कम से कम 20 तूफान और टाइफून आते हैं। 2013 में (रिकॉर्ड पर आए सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक) टाइफून हैयान ने 7,300 से अधिक लोगों को मार डाला या लापता कर दिया। पूरे गांवों को तबाह कर दिया। जहाज अंतर्देशीय में बह गए और मध्य फिलीपींस में 5 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हो गए।

# अब समुद्र में दहशत फैलाएगा उत्तर कोरिया

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच नवीनतम संयुक्त समुद्री अभ्यास के जवाब में विकास के तहत पानी के नीचे परमाणु हथियार प्रणाली का परीक्षण किया है। योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, प्योंगयांग की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने पूर्वी सागर में हेइल-5-23 का एक महत्वपूर्ण परीक्षण किया है। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने केसीएनए द्वारा जारी एक बयान में कहा, के भीतर परमाणु-आधारित जवाबी कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। हमारी सेनाओं की समुद्री और पानी के नीचे की प्रतिक्रियात्मक कार्रवाइयां अमेरिका और उसके सहयोगियों की नौसेनाओं के शत्रुतापूर्ण सैन्य युद्धाभ्यास को रोकना जारी रखेंगी।

# स्नाइपर के आज चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की तैयारी, आखिरी 20 मिनट में इतिहास रचेगा जापान?

**जापान।** जापान का मून मिशन स्नाइपर आज चांद की सतह पर लैंड करने वाला है। जापान की स्पेस एजेंसी छ्वङ्क ने बताया कि स्नाइपर आज रात 9 बजे चांद की सतह पर लैंड करने वाला है। मालूम हो कि जापान ने 6 सितंबर, 2023 को अपने स्नाइपर को चांद के लिए रवाना किया था। भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन की तरह ही इस वक्त पूरी दुनिया की नजर जापान के स्नाइपर मिशन पर टिक गई है। दरअसल, जापान स्पेस एजेंसी के मुताबिक, इसके लैंडिंग का प्रोसेस 20 मिनट का होगा। आज जापान का यह मिशन सफल होते ही यह 1966 के बाद चांद पर उतरने वाला पांचवा देश बन जाएगा। मालूम हो कि स्नाइपर 25 दिसंबर को चांद की ऑर्बिट में पहुंच गया था और उसके बाद से लगातार चांद की ओर बढ़ रहा है। जापान का स्नाइपर पहले हुए मून मिशन में लैंडिंग के लिहाज से

**स्नाइपर**

**मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जापान के मून मिशन स्नाइपर का टारगेट चांद के शिओली क्रेटर (गड्ढे) की जांच करना है।**

सबसे एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस है। इसे तय स्थान पर ही उतारा जाएगा, उसकी जगह में कोई बदलाव नहीं होगा। स्ल्ढ्ढरूएक हल्का रोबोटिक लैंडर है। मालूम हो कि इस मिशन को मून स्नाइपर भी कहा जा रहा है। यह मिशन लगभग 831 करोड़ रुपए से ज्यादा का है। JAXA शुक्रवार को 20 मिनट का टचडाउन चरण शुरू करेगा, जो चंद्र भूमध्य रेखा के ठीक दक्षिण में एक क्रेटर की ढलान पर स्थित लगभग दो एथलेटिक ट्रैक के आकार की साइट पर उतरने की



कोशिश करेगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जापान के मून मिशन स्नाइपर का टारगेट चांद के शिओली क्रेटर (गड्ढे) की जांच करना है। ये चांद के सी-ऑफ नेक्टर हिस्से में है। इससे हिस्से में स्नाइपर ये जांच करेगा कि चांद कैसे बना था। यहां मिनरल्स की जांच की जाएगी और साथ ही उसके अंदरूनी हिस्सों के बारे में जानकारी हासिल होगी। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (छ्वङ्क) का कहना है कि स्ल्ढ्ढरू एक प्रायोगिक तकनीक का परीक्षण करेगा, यह पानी और चंद्रमा पर जीवन को बनाए रखने वाले अन्य कारकों की खोज के लिए अभूतपूर्व और आवश्यक है।

केवल चार देशों, पूर्व सोवियत संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और भारत ने ही चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की है, इनके अलावा, किसी भी निजी कंपनी ने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हासिल नहीं की है। छ्वङ्क दो बार छोटे क्षुद्रग्रहों पर लैंडिंग की है, लेकिन चांद के गुरुत्वाकर्षण के कारण उस पर उतरना थोड़ा मुश्किल है। पिछले साल, रूस और जापानी स्टार्टअप आईस्पेस इंक का यान चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके अलावा, अमेरिकी स्टार्टअप एस्ट्रोबोटिक के एक लैंडर में पिछले हफ्ते ईंधन रिसाव हो गया था, जिससे उसे लैंडिंग का प्रयास छोड़ना पड़ा।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इस साल कई चंद्र मिशन होने वाले हैं।

# अमेरिका की ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों के खिलाफ पांचवी कार्रवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने गुरुवार को एक बार फिर हाउती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया है। विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी सेना की यह पांचवी कार्रवाई है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने स्वीकार किया है कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना द्वारा बमबारी अभी भी आतंकवादियों को नहीं रोक पाई है। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा है कि नवीनतम हमलों ने विद्रोहियों की दो एंटी-शिप मिसाइलों को नष्ट किया गया है। जिन्हें दक्षिणी लाल सागर में लक्षित किया गया था और लॉन्च करने के लिए तैयार किया गया था। इस बीच बाइडन ने अपने एक बयान में कहा है कि अमेरिका हाउती विद्रोहियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा।

# 4 हजार करोड़ का महल, 700 से अधिक कार
## दुनिया के सबसे अमीर परिवार के पास है इतनी संपत्ति

**संपत्ति**

**इनका परिवार दुनिया का सबसे अमीर परिवार है। इनकी कुल संपत्ति जानकर लोगों के होश उड़ जाते हैं।**

**नई दिल्ली।** हाल ही में भारत दौरे पर आए संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। इनका परिवार दुनिया का सबसे अमीर परिवार है। इनकी कुल संपत्ति जानकर लोगों के होश उड़ जाते हैं। ब्लूमबर्ग ने तो World's Richest Families 2023 की लिस्ट में नाहयान के परिवार ने पहले नंबर पर जगह दी थी। शेख मोहम्मद अबु धाबी के 17वें अमीर यानी शासक हैं। मीडिया रिपोर्ट के



मुताबिक, दुबई के अल नाहयान शाही परिवार के पास 4,078 करोड़ रुपये का राष्ट्रपति महल है, जो तीन पेंटागन के आकार के बराबर है। इसके साथ ही, आठ निजी जेट और एक लोकप्रिय फुटबॉल क्लब है, दुनिया में सबसे अमीर क्लब है। न्यूज वेबसाइट त्तक्के मुताबिक, यह परिवार अबू धाबी में सोने से बने कसर अल-वतन राष्ट्रपति महल में रहते हैं, जो संयुक्त अरब अमीरात में मौजूद ऐसे कई महलों में से सबसे बड़ा है। लगभग 94 एकड़ में फैले, बड़े महल में 350,000 क्रिस्टल से बना एक झूमर है और इसमें बेशकीमती ऐतिहासिक कलाकृतियां भी हैं। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, जिन्हें स्र्ब्वंके नाम से भी जाना जाता है, वह परिवार के मुखिया हैं और उनके 18 भाई और 11 बहनें हैं। अमीराती शाही के नौ बच्चे और 18 पोते-पोतियां भी हैं। अबू धाबी शासक के छोटे भाई शेख हमद बिन हमदान अल नाहयान के पास 700 से अधिक कारों का कलेक्शन है, जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी स्ङ्क के साथ पांच बुगाटी वेरॉन, एक लेम्बोर्गिनी रेवेंटन, एक मर्सिडीज-बेंज ष्टरुय त्तञ्जक्र एक फेरारी 599त्ङ्क और एक मैकलेरन रूष्ट12 शामिल हैं। परिवार के पास दुनिया के लगभग छह प्रतिशत तेल भंडार, मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब और कई प्रसिद्ध कंपनियों में शेयर है।

इनके पास गायिका रिहाना के ब्यूटी ब्रांड फेंटी से लेकर एलोन मस्क के स्पेस एक्स तक का शेयर है। राष्ट्रपति के भाई तहनून बिन जायद अल नाहयान, परिवार की मुख्य निवेश कंपनी के प्रमुख हैं, जिसकी वैल्यू पिछले पांच सालों में लगभग 28,000 प्रतिशत बढ़ी है। कंपनी का मूल्य वर्तमान में 235 बिलियन डॉलर है। संयुक्त अरब अमीरात के अलावा, दुबई के शाही परिवार के पास पेरिस और लंदन सहित दुनिया भर में भी कई जगह लक्जरी संपत्तियां हैं। शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को लंदन के सबसे अमीर अमीर लैंड लॉर्ड्स में गिना जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट से ओ पन्नीरसेल्वम गुट को मिला बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें ओ पन्नीरसेल्वम और उनके समर्थकों को पार्टी से निष्कासित करने के अन्नाद्रमुक जनरल काउंसिल के प्रस्ताव के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने पन्नीरसेल्वम और उनके समर्थकों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता केके वेणुगोपाल और अन्य वरिष्ठ वकील से कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि समाधान में हस्तक्षेप करना सिविल अदालत के समक्ष लंबित मुकदमे को अनुमति देने के समान होगा। पीठ ने कहा, अगर हम इस समय हस्तक्षेप करते हैं, तो यह भारी अराजकता पैदा करेगा। हमें ऐसा प्रतीत होता है,



एक विभाजन है, यह अपने आप ठीक हो जाएगा। कभी-कभी, चीजों को अपने आप ठीक होने देना बेहतर होता है। क्षमा करें, हम उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं।÷ हालांकि, शीर्ष अदालत ने लंबित मुकदमों की शीघ्र सुनवाई का निर्देश दिया और पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) और उनके सहयोगियों को सभी मुकदमों के एकीकरण के लिए आवेदन दायर करने की स्वतंत्रता दी।

ओपीएस और उनके समर्थकों ने मद्रास उच्च न्यायालय के 25 अगस्त, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसके द्वारा एकल न्यायाधीश के 28 मार्च, 2023 के फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर सभी अपीलों को खारिज कर दिया गया था। ओपीएस और उनके समर्थकों ने 11 जुलाई, 2022 के सामान्य परिषद के प्रस्तावों में समन्वयक और संयुक्त समन्वयक पदों को समाप्त करने, महासचिव पदों को पुनर्जीवित करने और पार्टी से उनके निष्कासन को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

# बीएल एग्रो तेलंगाना में 500 करोड़ का निवेश करेगी, राज्य सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर

**नोएडा।** भारत के दक्षिणी हिस्सों में संभावनाओं को देखते हुए, भारत में सबसे तेजी से बढ़ती एफएमसीजी कंपनी बीएल एग्रो ने तेलंगाना के माननीय मुख्यमंत्री अनुमुला रेवंत रेड्डी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अंतर्गत राज्य में एक विनिर्माण इकाई की स्थापना होगी। इस समझौता ज्ञापन पर हाल ही में स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के तहत कंपनी की योजना तेलंगाना में 500 करोड़ रुपये निवेश करने और 5000 लोगों को रोजगार देने की है। उत्तर और पूर्वी भारत में एक घरेलू नाम बनने के साथ ही, बीएल एग्रो ने दक्षिण भारत में भी अपने विस्तार की नीव रख दी है।



नई विनिर्माण इकाई चावल की भूसी और कपास के बीज के तेल के साथ-साथ नरिश उत्पादों की पूरी श्रृंखला जैसे गेहूं का आटा, पास्ता, सेंवई, मसाले, पापड़, आदि का उत्पादन करेगी। यह संयंत्र कुशल कारीगर, किसानों और अन्य लोगों सहित 5,000 श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने में सहायक होगा। तेलंगाना सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के साथ, बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक, आशीष खंडेलवाल ने कहा कि, ÷तेलंगाना सरकार के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर करना और देश के दक्षिणी हिस्से में कंपनी का विस्तार करना एक समूह के रूप में हमारी कंपनी के लिए गर्व का क्षण है। डब्ल्यूईएफ में हस्ताक्षरित एमओयू कृषि परिदृश्य को पुनः परिभाषित करने, राज्य और हमारे देश में सतत विकास का एक नया युग लाने के लिए, हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।

खंडेलवाल ने कहा, नई विनिर्माण इकाई राज्य के लिए नवाचार, सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए मंच तैयार करेगी।

एमओयू में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार, बीएल एग्रो, अपनी समूह कंपनी, लीड्स कनेक्ट एग्रीटेक के साथ, अपनी पहल खेत से किचन तक के तहत राज्य में एक कृषि मूल्य श्रृंखला बनाने की योजना बना रही है, जो किसान समुदाय और कृषि व्यवसायों का समर्थन करती है एवं कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और स्थिरता में सुधार लाने का प्रयास करती है।

# सैमसंग ने की मोबाइल एआई के नए युग की शुरुआत, भारत में लॉन्च किया गैलेक्सी एस24



**गुरुग्राम।** मोबाइल आई के नए युग की शुरुआत करते हुए, भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज से अपने नए गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24+ और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। गैलेक्सी एस24 श्रृंखला आसान और बाधा मुक्त संचार को सक्षम बनाते हुए, गैलेक्सी के प्रोविजुअल इंजन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता को नई ऊंचाई पर लेकर जाती है। साथ ही यह सर्च के मामले में नए मानक को स्थापित करता है, जो गैलेक्सी यूजर्स के अपने आसपास की दुनिया डिस्कवर करने के तरीकों को बदल कर रख देगा।

**बाधा मुक्त कम्युनिकेशन**

गैलेक्सी एस सीरीज फोन अब भाषाओं के बीच लाइव ट्रांसलेट के साथ संचार को और भी आसान बनाते हैं। फोन कॉल्स को दो-तरफा, रियल-टाइम वॉयस और टेक्स्ट में अनुवाद किया जा सकता है। इंटरप्रेटर के साथ, लाइव बातचीत को स्प्लिट-स्क्रीन व्यू पर तुरंत अनुवादित किया जा सकता है। यह सुविधा सेल्युलर डेटा या वाई-फाई के बिना भी काम करती है। संदेशों और अन्य एप्स के लिए, चैट असिस्ट ध्वनि को सुनिश्चित करने के लिए सही बातचीत में मदद कर सकता है। सैमसंग कीबोर्ड में लगा हुआ एआई हिंदी सहित 13 भाषाओं में रियल टाइम में मैसेज का अनुवाद करने में सक्षम है। कार में, एंड्रॉइड ऑटो ऑटोमेटिकली आने वाले संदेशों का सारांश देगा और इसके रिप्लाई के लिए प्रासंगिक सुझाव देगा। सैमसंग नोट्स में नोट असिस्ट एक नया फीचर है जो नोट्स को बनाने, संसाधित करने और प्रबंधित करने में मदद करता है।

# हैवेल्स ने अपनी इंडोर लाइटिंग से रोशन किया अयोध्या में बन रहा श्री राम मंदिर

**अयोध्या।** हैवेल्स ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर, अयोध्या, उत्तर प्रदेश में श्री राम मंदिर के प्रकाश व्यवस्था के ऐतिहासिक प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह बेहद गर्व का का विषय है कि हैवेल्स ने अपने असाधारण लाइटिंग सॉल्यूशन के माध्यम से श्री राम मंदिर की भव्यता को और भी ज्यादा समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी की क्वालिटी और इनोवेशन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने न केवल मंदिर को रोशन किया है, बल्कि भक्तों और मेहमानों के लिए एक दिव्य वातावरण का भी निर्माण किया है। श्री राम मंदिर परियोजना के लिए हैवेल्स ने सावधानीपूर्वक जिम्मेदारी का निर्वाह किया, जिसमें इस पवित्र मंदिर के सुन्दर और आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक लाइटिंग एलिमेंट की सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग और उनको चालू करना शामिल था।

उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, हैवेल्स इंडिया के प्रेसिडेंट, पराग भटनागर ने कहा, श्री राम मंदिर को रोशन करने का उत्तरदायित्व को सौंपे जाने से हम सम्मानित और



सौभाग्यशाली महसूस करते हैं, इस पवित्र स्थल की एतिहासिक विरासत में योगदान दे रहे हैं। मंदिर के कपाट जब श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए खुलेंगे, हमें यह जानकर गर्व होगा कि हमारे लाइटिंग सॉल्यूशन ने न केवल आसपास के वातावरण की भव्यता को बढ़ाया है, बल्कि पूरे अनुभव में एक दिव्य स्पर्श भी जोड़ा है। हम इस ऐतिहासिक प्रयास में शामिल सभी लोगों को हार्दिक बधाई देते हैं और अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा बनने के अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हैवेल्स इनोवेशन और सांस्कृतिक विरासत की सीमाओं को आगे आगे ले जाने के लिए समर्पित है।

मंदिर के मध्य में गर्भगृह स्थित है, को मुख्य आकर्षण का केंद्र है। अलग-अलग लाइटिंग इफ़ेक्ट से अनोखी वास्तुकला को उभार देते हैं, हैवेल्स द्वारा कस्टमाइज किए गए लाइटिंग प्रोडक्ट्स का उपयोग किया गया है। ये लाइटें इस पवित्र मंदिर के गर्भगृह के अंदर नहीं जटिल संगमरमर की वास्तुकला की नक्काशी को बारीकी से उजागर करती हैं। वास्तुकला को बढ़ाने के लिए प्रोडक्ट्स को सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है, जिसमें कस्टमाइज्ड फॉर्म फैक्टर, ऑप्टिक्स, मटेरियल, एक्सक्लूसिव फिनिश शामिल हैं।

गर्भगृह से बाहर निकलते ही, रोशनी का जादू चारों तरफ फैल जाता है।

# कोटक मौजूदा नेट बैंकिंग के अलावा यूपीआइ, क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड से जीएसटी भुगतान शुरू करने वाला भारत का पहला बैंक बना

**मुंबई।** डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और वित्तीय लेनदेन को सरल बनाने के भारत सरकार के नजरिए के मुताबिक, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (÷केएमबीएल÷/÷कोटक÷) ने आज कई विकल्पों - यूपीआई, क्रेडिट के जरिए सरल तरीके से जीएसटी भुगतान शुरू करने की घोषणा की है। अब मौजूदा नेट बैंकिंग विकल्प के अलावा कार्ड और डेबिट कार्ड से भी जीएसटी का भुगतान किया जा सकेगा। कोटक भारत का पहला ऐसा बैंक है जो करदाताओं को जीएसटी पोर्टल के ई-पेमेंट में अपना पसंदीदा डिजिटल भुगतान मोड चुनकर अपने जीएसटी देनदारियों को आसान तरीके से चुकाने की सुविधा देता है।

कोटक महिंद्रा बैंक भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का मजबूत स्तंभ बना हुआ है। यह अपनी कई पहलों के जरिए डिजिटल मार्केटप्लेस के विकास में भाग ले रहा है। इन नए आसान और एक से ज्यादा भुगतान विकल्पों जरिए अब ग्राहक, यहां तक कि दूसरे बैंकों (जो पहले कुछ भुगतान विकल्पों के लिए अनाधिकृत) के ग्राहक भी अपने जीएसटी भुगतान को आसानी और भरोसेमंद तरीके से पूरा करने में सक्षम होंगे। कोटक ने पिछले साल केंद्र के जीएसटी पोर्टल के साथ एकीकरण किया था जो अपनी नेट बैंकिंग सेवा के जरिए टैक्स जमा करने के लिए एक यूजर फ्रेंडली प्लेटफार्म बन कर उभरा है। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के सार्वजनिक मामलों और सरकारी कारोबार के प्रेसिडेंट, राघवेंद्र सिंह ने कहा, हम डिजिटल भुगतान में बदलाव का नेतृत्व करने में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हैं, जिसे दुनिया भर के देशों द्वारा मान्यता दी जा रही है और अपनाया जा रहा है। भारत के पहले बैंक के रूप में कई जीएसटी भुगतान विकल्प लॉन्च करने के साथ हमें न केवल कोटक ग्राहकों बल्कि सभी करदाताओं के लिए एक बाधा रहित ग्राहक अनुभव के माध्यम से डिजिटल भुगतान के भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने में खुशी हो रही है।

# एनएसडीसी इंटरनेशनल और निप्पॉन ट्रैवल एजेंसी ने रणनीतिक साझेदारी की

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच और अधिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएसडीसी इंटरनेशनल (एनएसडीसीआई) और एक ग्लोबल वर्कफोर्स सॉल्यूशन्स कम्पनी निप्पॉन ट्रैवल एजेंसी को. लिमिटेड ने आज एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में विभिन्न सेक्टरों से कुशल प्रोफेशनल को काम पर रखने के संबंध में जापानी मार्केट में जागरूकता पैदा करना है। यह पहल जापान में विविध प्रतिभाओं की बढ़ती मांग पर ध्यान देने के साथ ही एक निर्बाध रिक्रूटमेन्ट प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने का प्रयास करती है।

यह समझौता आधिकारिक तौर पर एनएसडीसीआई के डायरेक्टर और चीफ़ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री अजय कुमार रैना और निप्पॉन ट्रैवल एजेंसी के एग्ज़ीक्यूटिव ऑफिसर



और चीफ़ ऑफ़ हेडक्वार्टर श्री कीगो योशिदा के बीच हस्ताक्षरित किया गया।

इस पहल पर बोलते हुए, एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी ने कहा, निप्पॉन ट्रैवल के साथ हमारी साझेदारी, भारत और जापान के बीच घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अंतर-सांस्कृतिक समझ में भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, हम भारत में जापानी भाषा प्रशिक्षण का सक्रिय रूप से समर्थन और प्रचार करेंगे। भाषाई कौशल के महत्व को संबोधित करके, हमारा लक्ष्य दोनों देशों के प्रोफेशनल लोगों के बीच संचार और सहयोग को बढ़ाना है। यह पहल हमारी साझा दृष्टि और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो दोनों देशों के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में योगदान करने के हमारे संकल्प को रेखांकित करती है।

निप्पॉन ट्रैवल एजेंसी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और चीफ़ ऑफ़ हेडक्ववार्टर श्री कीगो योशिदा ने कहा, यह साझेदारी दोनों देशों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक सेतु की सुविधा प्रदान करेगी और जापान के डाइवर्स लेबर मार्केट को और समृद्ध करेगी। हम जापानी समाज में योगदान देने और एक साथ बढ़ने के लिए भारत के मेहनती और प्रतिभाशाली लोगों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। हम जापान और भारत के बीच दोस्ती को और गहरा करने के लिए तत्पर हैं।

एनएसडीसी इंटरनेशनल और निप्पॉन ट्रैवल, जापानी कंपनियों की विशिष्ट मांगों के अनुरूप भारतीय कुशल उम्मीदवारों की नियुक्ति को सपोर्ट करने के लिए एकजुट हुए। इस संयुक्त प्रयास की परिकल्पना टैलेन्ट गैप को कम करने और वर्कफोर्स मोबिलिटी को बढ़ाने के लिए की गई है। इसके अलावा, एनएसडीसीआई और निप्पॉन ट्रैवल भारत और जापान दोनों में ज्वाइन्ट सेमिनार और वर्कशॉप आयोजित करेंगे। ये कार्यक्रम कौशल विकास, वर्कफोर्स मोबिलिटी और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, नॉलेज एक्सचेन्ज और सहयोग को बढ़ावा देंगे।

भारत और जापान ने विभिन्न कौशल विकास पहलों पर सहयोग किया है, जैसे इंडिया-जापान स्किल डेवलपमेन्ट काउन्सिल, जो व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और मानव संसाधन विकास में सहयोग को बढ़ावा देती है।

# केंद्रीय बजट 2024-25: सीओएआई ने दूरसंचार क्षेत्र की व्यवहार्यता बढ़ाने को नीतिगत उपाय करने की मांग की

**नई दिल्ली।** देश में डिजिटल संचार पारितंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष उद्योग निकाय सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय को केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए अपनी सिफारिशें सौंपी हैं जो इस उद्योग की वित्तीय बेहतरी पर केंद्रित है। सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डाक्टर एसपी कोचर ने कहा, हाल ही में अग्रगामी सुधार एक जबरदस्त एवं भविष्य उन्मुखी दूरसंचार क्षेत्र की दिशा में एक सकारात्मक इरादे का संकेत देते हैं जो भारत की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं को गति देने में सक्षम हैं। लेकिन, इस संभावना का पूर्ण दोहन करने के लिए हमें इस क्षेत्र के विस्तार में बाधा बन रही वित्तीय अड़चनों को दूर करना होगा। शुल्क बोझ घटाना ना केवल आर्थिक रूप से आवश्यक है, बल्कि हमारे डिजिटल भविष्य में एक रणनीतिक निवेश है। 5जी शुरू करने, नेटवर्क विस्तार और फाइबर विस्तार के लिए आगामी केंद्रीय बजट में पर्याप्त संसाधनों का आबंटन कर सरकार इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की संभावनाओं का पूर्ण दोहन कर सकती है और हमें डिजिटल तौर पर सशक्त राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ने में सहयोग कर सकती है। हम सरकार से इन नियामकीय बाधाओं को दूर कर आगामी केंद्रीय बजट में दूरसंचार आधारभूत ढांचा विकास को प्राथमिकता देने का पुरजोर आग्रह करते हैं। ऐसा करने से इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की संभावना का पूर्ण दोहन हो सकेगा और भारत एक जबरदस्त एवं समावेशी डिजिटल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ेगा।

केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए दूरसंचार उद्योग द्वारा की गई प्रमुख सिफारिशें-

नियामकीय करारोपण- सीओएआई का मानना है कि आदर्श रूप में यूएसओएफ शुल्क खत्म किया जाना चाहिए। हालांकि, यह संभव नहीं हो तो मौजूदा यूएसओ निधि (77,000 करोड़ रुपये) खर्च होने तक एजीआर के 5 प्रतिशत का यूएसओ अंशदान निलंबित किया जा सकता है।

# पॉलिकैब इंडिया लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के परिणामों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** पॉलिकैब इंडिया लिमिटेड ने आज 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के परिणामों की घोषणा की। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, पॉलिकैब इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री इंदर टी. जयसिंघानी ने कहा हमारी मजबूत व्यावसायिक गति तीसरी तिमाही में भी जारी रही, जिससे कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व प्राप्त हुआ। नौ महीने के आधार पर भी राजस्व और लाभप्रदता ने भी नई ऊंचाईयां बनाईं। यह उत्कृष्ट सफलता हमारे लचीले व्यवसाय मॉडल का प्रमाण है, जो मजबूत परिचालन दक्षता की विशेषता है। एक विविध और नवोन्मेषी उत्पाद पोर्टफोलियो, और हमारे व्यापक वितरण नेटवर्क की मजबूती जो विभिन्न बाजार क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से पूरा करती है। उभरते रुझानों पर गहरी नजर रखने के साथ, पॉलिकैबका लक्ष्य हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाते हुए, अपने उत्थान पथ को जारी रखना है।

तीसरी तिमाही के प्रमुख पाइंट वायर और केबल व्यवसाय में मजबूत वॉल्यूम वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में राजस्व में 17प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में वायर्स और केबल्स व्यवसाय का राजस्व मजबूत वॉल्यूम वृद्धि के कारण सालाना आधार पर 18प्रतिशत बढ़ गया। बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के निरंतर ध्यान केंद्रित करने और निजी पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी से मांग का माहौल मजबूत बना रहा। घरेलू स्तर पर, वितरण और संस्थागत दोनों व्यवसायों ने मजबूत प्रदर्शन किया है। तिमाही के लिए समेकित राजस्व में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से राजस्व का योगदान 6.2प्रतिशत रहा। कंपनी को वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही और उसके बाद अंतरराष्ट्रीय कारोबार में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। तिमाही के लिए एबिट्डा मार्जिन 14.0प्रतिशत रहा, जिसमें साल-दर-साल 20 बीपीएस का सुधार देखा गया। एफएमईजी व्यवसाय ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 15प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जिसका मुख्य कारण उपभोक्ता मांग में निरंतर कमजोरी है।

# ऊँ टीवी ऐप ने राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अपना पहला संगोष्ठी राम, भूत..वर्तमान..भविष्य 2024 आयोजित किया



**लखनऊ।** भारत का पहला ऐसा OTT प्लेटफ़ॉर्म, ऊँ टीवी, प्रस्तुत करता है, जो हमें यह कहने के लिए कुछ प्रदान कर सकता है कि हम भारतीय हैं। लखनऊ में राम संगोष्ठी 2024 ने हिंदू देवता, राम के 5000 वर्ष पुराने विषय को चर्चा किया। संगोष्ठी में उनके यात्रा के बारे में बातचीत हुई और यह कैसे आधुनिक समय में राम विभिन्न साधनों और रूपों में रहते हैं और हमें विभिन्न तरीकों से पुनर्निर्मित करते हैं। संगोष्ठी ने दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ खुली और ऊँ टीवी ऐप के संस्थापक नितिन शुक्ला के भाषण के साथ खुली थी, जिन्होने हमें संगोष्ठी की महत्वपूर्णता की चर्चा की। उन्होंने मास्टरपीस राम मंदिर मामले के विवेचन की और हमें 15वीं सदी में ले जाकर और तथ्यों को जीवंत करके मामले की विवेचन की। अगला सत्र रंजना अग्निहोत्री के साथ था, जो राम मंदिर मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लखनऊ उच्च न्यायालय की प्रसिद्ध वकीलों में से एक भी हैं। इसके बाद मनोरंजन विचारकों का सत्र था और शिव सागर, गौरव बजाज और राजेश कुमार ने राम और उसके अस्तित्व के बारे में अपने मूल्यवान दृष्टिकोण साझा किए। राम संगोष्ठी को उनके समर्पण के रूप में सोंग की एक गीत का शुभारंभ किया गया जिसका मुख्य फोकस सोशल मीडिया और राष्ट्र के युवाओं पर था।

**नितिन शुक्ला, टीवी के संस्थापक**

यह हमारी पहली संगोष्ठी है और इसमें इतने महान महापुरुषों के साथ राम की चर्चा करना स्वयं में एक गौरव है। राम के पास कई अनकही सत्य हैं और ? टीवी के साथ हम न केवल इन सत्यों को प्रमोट करने का उद्देश्य रखते हैं बल्कि हमारी संगोष्ठी के माध्यम से इसके साथ तथ्य और आंकड़ों को भी प्रमोट करने का उद्देश्य रखते हैं।

# बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रायबरेली सीमेंट वर्क्स ने मनाई सिल्वर जुबली

**रायबरेली।** संदीप घोष, एमडी और सीईओ, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में एमपी बिरला सीमेंट की पहली ग्राइंडिंग यूनिट, रायबरेली सीमेंट वर्क्स की सीमेंट और हाउसकीपिंग मानदंडों पर दक्षता, सुरक्षा रिकॉर्ड, गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे छोटी लेकिन सुंदर-स्माल बट ब्यूटीफुल कहकर सराहना की है। आज आरसीडब्ल्यू के सिल्वर जुबली समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस यूनिट ने ग्राहकों के लिए सेवा स्तर में सुधार करके पूवी उत्तर प्रदेश के प्रमुख बाजारों में कंपनी के ब्रांड्स की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूण भूमिका निभाई है। इसने कंपनी का पहला प्रीमियम पीपीसी ब्रांड, एमपी बिरला सीमेंट अल्टीमेट भी तैयार किया, जिसे समझदार उपयोगकताओं द्वारा बहुत सराहा गया। कंपनी की कुंदनगंज यूनिट की शुरूआत के बाद भी, रायबरेली हाई ग्रेड सीमेंट के लिए एक बहुत ही महत्वपूण स्रोत बना हुआ है, जो रायबरेली, लखनऊ और अमेठी-सुल्तानपुर बेल्ट के प्रमुख बाजारों की आपूर्ति करता है।

घोष ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदशर्न, नैतिकता और संस्कृति के लिए तारीफ पाने की दृष्टि से कंपनी को अपनी श्रेणी में सवर्श्रेष्ठ बनना होगा। उन्होंने कहा कि विज़न, वैल्यू, वेलोसिटी और विज़िबिलिटी में उत्कृष्टता के 4वी मॉडल शामिल हैं, जिन्हें कंपनी ने सभी कायों में दक्षता में सुधार के लिए अपनाया है। डीलरों के लिए विशेष मदद लॉजिस्टिक परिचालन का डिजिटलीकरण था, जिससे विशेष रूप से मार्केटिंग गतिविधियों में वेलोसिटी और विज़िबिलिटी यानि वेग और दृश्यता जुड़ गई है। रजत प्रुस्ती, चीफ, मैन्युफैक्चरिंग एंड प्रोजेक्ट्स, ने कहा कि कंपनी ने सुरक्षा पर सबसे अधिक जोर दिया है। मई 2023 में लॉन्च किए गए प्रोजेक्ट शिखर के परिणामस्वरूप उत्पादन लागत में काफी बचत हुई है। इसे डिजिटलीकरण पहल और कई तरह की प्रोसेसेज में बदलाव ने अच्छा खास समथर्न दिया गया है। आरसीडब्ल्यू की सहयोगी यूनिट,



रायबरेली हाई-टेक सीमेंट, 2015 में अस्तित्व में आई और दोनों यूनिट्स के पास कई शानदार रिकॉड हैं।

संजय भंडारी, जोनल सेल्स हेड ने डीलरों और बाजार डेवलपस से एमपी बिरला सीमेंट ब्रांड्स, विशेष रूप से परफेक्ट प्लस और अल्टीमेट को बढ़ावा देने का आग्रह किया। डीलर रिकॉड उत्पादन और डिस्पैच को रिकॉड बिक्री में बदलने में कंपनी के भागीदार थे। उन्होंने कहा कि ÷हालांकि हमारे दो प्रीमियम ब्रांड, परफेक्ट प्लस और अल्टीमेट, कंक्रीट की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करते हैं और लागत बचाते हैं, ये सभी प्रकार की निमार्ण आवश्यकताओं को भी पूरा करते हैं।

कंपनी के 11 सीमेंट यूनिट्स का हिस्सा, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपी बिरला ग्रुप) के रायबरेली सीमेंट वक्स ने आज कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, कमर्चारियों और श्रमिकों की उपस्थिति में सिल्वर जुबली मनाई। वषों से परिचालन अनुशासन, रखरखाव विश्वसनीयता और लोगों की क्षमता के साथ यह सिल्वर जुबली मीलपोस्ट तक पहुंच सकता है।

आदित्य सरावगी, मुख्य वित्तीय अधिकारी, श्री प्रह्लाद चैधरी, यूनिट प्रमुख, आरसीसीपीएल-मैहर, श्री सुनील सूद, यूनिट प्रमुख, सतना, श्री राजीव भल्ला, यूनिट प्रमुख, दुगार्पुर, श्री देवेन्द्र पटेल, यूनिट प्रमुख, कुन्दनगंज एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अमेज़ॅन मिनीटीवी ने हसलर्स- जुगाड़ का खेल का ट्रेलर पेश किया

**मुंबई।** अमेज़ॅन मिनीटीवी अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, ने आज अपने आने वाले उद्यमिता से भरे नाटक हसलर्स- जुगाड़ का खेल का ट्रेलर जारी किया। 2010 में मुंबई में स्टार्ट-अप बूम की पृष्ठभूमि पर आधारित, इस सीरीज़ ने संजय की प्रेरणादायक यात्रा को चित्रित किया है, जो एक मध्यवर्गीय लड़का है, जो अपनी उद्यमिता की दृष्टिकोण और सरल संकल्प से स्टार्टअप की दुनिया को जीतता है। सच्ची कहानियों से प्रेरित, इस सीरीज़ में कठिनाई, असफलता, उत्साह, और जीत की खोज होती है। हसलर्स जुगाड़ का खेल में विशाल वशिष्ठ, महर्षि दवे, अनुराग अरोड़ा, समीर कोचर, और अंजलि बरोट मुख्य भूमिकाओं में है। इस घोषणा से चारों ओर उत्साह बढ़ाने के लिए, स्ट्रीमिंग सेवा ने आज अपनी सीरीज़ का ट्रेलर जारी किया, जो संजय की संघर्ष की एक झलक प्रदान करता है, जो सिस्टम के खिलाफ है और जिसमें कई रुकावटें हैं, और अंत में उसकी रचनात्मक और अनौपचारिक दृष्टिकोण उसे सफलता के सीढ़ियों




पर चढ़ने में मदद करता है। दर्शकों को रोलर-कोस्टर राइड पर ले जाते हुए, ट्रेलर इस बात पर गहराई से प्रकाश डालता है, कि वह अपनी विशिष्ट पहचान बनाने और अपने करियर ग्राफ को ऊपर उठाने के लिए कैसे काम करता है। सीरीज़ की मजबूत कहानी संजय के उद्यमिता यात्रा की कहानी सुनाने के साथ आज की दुनिया में स्वतंत्रता के महत्व को उजागर करती है । सीरीज़ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समीर कोचर ने कहा, हसलर्स एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो ज़मीन से शुरु करके अपने सपनों का पीछा करते हुए आगे बढ़ता है। यह कहानी न केवल युवा पीढ़ी को बाधाओं के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित करती है, बल्कि यह सभी के लिए एक सबक भी है कि खुद पर विश्वास करें और संकल्पबद्ध और आशावादी रहें। मेरा किरदार मिहिर, संजय के जीवन में आशा की वह किरण है, जिसकी हम सभी को कभी न कभी जरूरत पड़ती है। वह उसके सपनों की पीछे भागने की दिशा में उसका सार्थक समर्थन बन जाता है। मुझे उम्मीद है कि यह श्रृंखला कई लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और दर्शक इस मनोरम प्रस्तुति का आनंद उठाएंगे। शो में संजय की भूमिका निभाने वाले विशाल वशिष्ठ ने शो से जुड़े अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, यह स्क्रिप्ट उभरती हुई उद्यमिता के मौजूदा माहौल पर सटीक बैठती है। कथा व्यावसायिक सफलता के लिए आवश्यक उत्साह, महत्वपूर्णता, और सहस को अंतर्निहित करती है। मेरी राय में, कोई भी भावी उद्यमी इस शो को अपना सकता है, क्योंकि हर असफलता एक अवसर में बदल जाती है और प्रत्येक जीत महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# एफएनपी ने राम मंदिर कलेक्शन प्रस्तुत किया



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े गिफ्टिंग ब्रैंड एफएनपी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर स्थापना के पावन अवसर पर पवित्र कलेक्टिबल्स पेश किए हैं। इस एक्सक्लुसिव कलेक्शन को प्रस्तुत करने के पीछे ब्रैंड का इरादा इस पावन अवसर की गरिमा और उल्लास की स्मृति को भक्तजनों के मन-मस्तिष्क में विशेष स्थान दिलाना है। जो भी भक्तगण इस पावन समारोह में भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हो सकते हैं वे विशेष रूप से तैयार इन कलेक्टिबल्स के माध्यम से खुद को अध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत महसूस करेंगे।


भक्तगण इन एक्सक्लुसिव प्रोडक्ट्स के माध्यम से इस ऐतिहासिक अवसर की ऊर्जा को अपने घरों में महसूस कर सकते हैं। इस कलेक्शन में राम मंदिर का हस्त-निर्मित 3डी रेप्लिका, और भगवान श्री राम, लक्ष्मण तथा हनुमान जी की मूर्तियों के साथ पीतल का एक सेंटरपीस, और राम दरबार को प्रदर्शित करने वाले चांदी के सिक्कों के अलावा राम मंदिर गिफ्ट्स जैसे पावन कैलेंडर, तथा अन्य उपहार आइटम्स जिनमें फोटो फ्रेम और दो हैंडक्राफ्टेड गिफ्ट आदि शामिल हैं। इनमें हर आइटम आशीष और आत्मिक शांति देता है और इस ऐतिहासिक अवसर पर जो लोग अपने घरों में अलौकिक आध्यात्म लाना चाहते हैं यह उनके लिए आदर्श आध्यात्मिक उपहार हैं।

अपने निकटजनों के प्रति निष्ठा व्यक्त करने के लिए ये उपहार दिए जा सकते हैं। इस कलेक्शन के आइटम बहुपयोगी हैं और होम डेकोर, आफिस डेस्क सजावट और पवित्र पूजा घरों में इन्हें सजाया जा सकता है। इन्हें राम नवमी, नवरात्रि और दिवाली के अवसरों पर आध्यात्मिक उपाहरों के तौर पर दिया जा सकता है।

# नेशनल आमंड डे: मुट्ठीभर बादाम से पाइए चमकदार त्वचा, ब्लड शुगर का नियंत्रित स्तर और एक सेहतमंद दिल

**कानपुर।** भारत में लंबे समय से बादाम के साथ दिन की शुरूआत करने का रिवाज रहा है। हमेशा से ही हमारी मांएं और दादियां रोजमर्रा के भोजन में बादाम को शामिल करने पर जोर देती आई हैं। ये नट्स विटामिन ई, मैग्नीशियम, जिंक, आयरन, कैल्शियम और प्रोटीन जैसे 15 जरूरी पाषक तत्वों से भरपूर होते हैं। ये तत्व आपकी पूरी सेहत को बनाए रखने के लिए जरूरी होते हैं। बादाम खाने के फायदों के बारे में बताने के लिए हर साल 23 जनवरी को नेशनल आमंड डे मनाया जाता है। इसका मकसद बादाम खाने के अलग-अलग फायदों के बारे में बताना और अपने रोजमर्रा के भोजन में मुट्ठीभर बादाम को शामिल करने का महत्व समझाना है।

आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया ने एक कैम्पेन के माध्यम से नेशनल आमंड डे मनाया। इसमें हर दिन 23 बादाम खाने की सलाह दी गई और इस नट्स के काफी सारे स्वास्थ्यकारी




फायदे बताए गए। रोजाना के भोजन में बादाम को शामिल करने के फायदों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस कैम्पेन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों और इंफ्लूएंसर्स के बीच साझेदारी भी शामिल है।

रोजाना एक मुट्ठी या 23 बादाम खाने से सेहत को विभिन्न फायदे होते हैं-

**डायबिटीज नियंत्रित रहता है** बादाम, प्रोटीन और डाइटरी फाइबर से भरपूर होते हैं, जिससे ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखने में मदद मिलती है। रिसर्च बताते हैं कि जिन लोगों को टाइप-2 डायबिटीज की समस्या है, उनमें ब्लड शुगर बेहतर तरीके से नियंत्रित रहता है और कार्बोहाइड्रेट युक्त फूड्स का प्रभाव कम हो जाता है, जिससे फास्टिंग इंसुलिन स्तर प्रभावित होता है।

त्वचा की सेहत- बादाम, हेल्दी फैट्स और विटामिन ई का स्रोत होते हैं, जिसमें एंटी-एंजिंग के गुण पाए गए हैं। इससे त्वचा की सेहत को फायदा पहुंचता है।

**सेहतमंद दिल** रोजाना एक मुट्ठी बादाम खाने से टोटल तथा एलडीएल दोनों तरह के कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने में मदद मिल सकती है, वहीं दिल की सेहत के लिए खतरा पैदा करने वाली सूजन भी कम होती है।

मांसपेशियों की रिकवरी- बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद की थकान तथा तनाव कम होता है, रिकवरी के दौरान मांसपेशियों को होने वाला नुकसान कम हो जाता है और लेग-बैक की ताकत बढ़ जाती है।

वजन नियंत्रित रहता है- मुट्ठीभर बादाम खाने से पेट भरे होने का एहसास होता है, जिससे पेट भरा-भरा महसूस होता है।

# पार्षद समद गुफरान से जैकेट पाकर खिल उठे सफाई कर्मचारियों के चेहरे

## महिला सफाई कर्मी ने कहा कि 35 सालों में किसी पार्षद में नहीं दिया ऐसा सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** जिनके कंधों पर सफाई की जिम्मेदारी होती है ऐसे जांबाज सफाई कर्मचारियों को वार्ड नंबर 62 माया बाजार के पार्षद समद गुफरान ने उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए आज उन्होंने अपने मियां बाजार स्थित आवास पर अपने वार्ड की उन तमाम सफाई कर्मचारी व सुपरवाइजर को घर पर बुलाकर उन्हें गरम जैकेट दिया जैकेट पाकर इन कर्मचारियों के चेहरे खुशी से खिल उठे वहीं सफाई कर्मचारी तारा ने कहा कि 35 सालों के इतिहास में अभी तक किसी भी पार्षद ने उन्हें इतना सम्मान नहीं दिया जितना वार्ड नंबर 62 के पार्षद समद गुफरान ने सफाई कर्मचारियों को देते रहते हैं यही वजह है कि उनके एक आवाज पर सफाई कर्मचारी दौड़ जाते हैं। पार्षद समद गुफरान ने कहा कि ने इस कड़ाके की ठंड में सफाई कर्मचारी सुबह से लेकर रात तक वॉर्ड की सफाई करते हैं ऐसे में हमारी भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि इन सफाई कर्मचारियों का ध्यान रखा जाए इन कर्मचारियों को आज हमने आपने आवास पर बुलाकर एक छोटा सा सम्मान दिया है यह सफाई कर्मचारी जाड़ा गर्मी बरसात हमेशा मेरी एक आवाज पर खड़े रहते हैं और वार्ड को साफ स्वच्छ सुंदर बनाने में अपना हमेशा योगदान देते रहते हैं ऐसे में हमारा भी फर्ज बनता है कि इन सफाई कर्मचारी को सम्मानित किया जाए जो स्वच्छता की अलख जगाने में अपना विशेष योगदान देते हैं। यह वॉर्ड नहीं मेरा परिवार है और परिवार के हर सदस्य को सम्मान देना मेरा फर्क है। इस अवसर पर सैयद शहाब शकील टीटी इनामुल हक दीवान राजेश त्रिपाठी अनुराग जायसवाल गुलाम सरवर अब्दुल रहीम मोहम्मद यूसुफ रियाज अहमद सादिक रसूल समेत अन्य उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म मामले में समझौता न करने पर पीड़िता को पीटा

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के हरैया निवासी दुष्कर्म के आरोपी द्वारा मुकदमा समझौता करने से इंकार करने पर उसने अपने परिजन से मिलकर बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के हरैया निवासी राधिका देवी पत्नी रमेश निषाद जिनके साथ तीन माह पूर्व जेठ घर में घुसकर दुष्कर्म किया था। जिसमे आरोपी जेल से छूटकर आया है। वह पीड़िता से मुकदमा समझौता करने का दबाव बना रहा था।

पीड़िता द्वारा इनकार करने पर 18 जनवरी को नौ बजे के करीब घर में घुसकर लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया।जिसमे सिर फट गया। और बेहोश हो गई। और जान से मारने की धमकी दिया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने राकेश,चंद्रा देवी, राहुल, सोनाली उर्फ रागिनी निवासी हरैया के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट,जान से मारने की धमकी देने,और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।

# सतत पाथेय प्रदान करेंगे महाराणा प्रताप के जीवन मूल्य: रणविजय सिंह

अवधनामा संवाददाता



**○ 'रामराज्य की संकल्पना रघुवंशी राम से महाराणा प्रताप तक' विषयक व्याख्यान**

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत आज हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर 'रामराज्य की संकल्पनाः रघुवंशी राम से महाराणा प्रताप तक' विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के पूर्व मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक रणविजय सिंह ने कहा कि इतिहास मात्र अतीत की घटनाओं की जानकारी नहीं, बल्कि ऐतिहासिक गौरव गाथाओं को अगली पीढ़ी तक सम्प्रेषित करने की प्रमुख विधा भी है।

अतीत की गौरव गाथाओ और वर्तमान की सृजनशीलता से ही सभ्यताओं का मार्ग प्रशस्त होता है। महाराणा प्रताप हम सभी के ऐसे नायक हैं, जिनके त्याग एवं तपस्या के मूल्य हम सभी को सतत पाथेय प्रदान करते रहेंगे। रणविजय सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने किसी भी परिस्थिति में अपने सिद्धांतो के साथ समझौता नहीं किया। साम्राज्यवादी विस्तार की मुगलों के संकल्पना रथ को रोकनें के लिए महाराणा प्रताप ने जो अथक प्रयास किया, वह उन्हें भारत का प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी होने का गौरव प्रदान करता है। महाराणा प्रताप ने कभी भी अपने स्वाभिमान के मार्ग से हट कर मुगलों द्वारा थोपी गई पराधीनता की कुप्रथाओं जैसे-झरोखा दर्शन, दबाव पूर्ण वैवाहिक सम्बन्ध आदि को कभी भी स्वीकार नहीं किया। अगर हमें इतिहास को ठीक से जानना है, तो प्रताप के संघर्ष से हमें सीख लेना होगा। बलिदान और शौर्य के मूल्य प्रताप में इतने प्रबल थे कि, शत्रु भी उनकी प्रशंसा किये बिना नहीं रह सकता था। महाराणा प्रताप की देशभक्ति एक अमिट लकीर है। यह इतिहास में विरले ही दिखाई देता है कि सामान्य जन ने अपने आप को प्रताप के स्वाभिमान के साथ जोड़ कर देखा और उनकी शौर्य गाथाओं को आगामी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित कर दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप राष्ट गौरव के प्रतीक हैं, उनका त्याग और बलिदान अविस्मरणीय है। महाराणा प्रताप यश, शौर्य और राष्ट्र स्वाभिमान के साक्षात प्रखर स्वरूप हैं। इतिहास के पन्नों में उनका नाम स्वर्णाक्षरो में अंकित रहेगा। उनका सम्पूर्ण जीवन इतिहास के उस अक्षयवट के समान है जो युवाओ को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। लेकिन साम्राज्यवादी एवं साम्यवादी मानसिकता के कारण भारतीय इतिहास में उन्हे वह स्थान नही मिला जो मिलना चाहिए। वर्तमान सरकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में अब इतिहास के ऐसे अमर सपूतों को यथोचित स्थान मिल रहा है। महाराणा प्रताप भारतीय संस्कृति के प्रतीक है, राष्ट्रीय स्वाभिमान पर मर-मिटने वालों के प्रतिमान हैं।

## रिटेल मैनेजमेंट पर विशेष व्याख्यान



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत केन्द्र पुरोनिधानित व्यवसायिक शिक्षा योजना अन्तर्गत नवीं कक्षा में एक विशेष व्याख्यान शुक्रवार को मुसाफिरखाना और अमेठी में आयोजित कराया गया। खुदरा व्यापार का व्याख्यान करते हुए डॉ आशीष त्रिपाठी ने बच्चों को इसके महत्व और जीवन में इसकी उपयोगिता को समझाया। व्यवसायिक शिक्षिका प्रीती ने छात्राओ को माल भ्रमण के लिये आश्वत किया। जीजीआईसी अमेठी की प्रधानाचार्या डा फूलकली गुप्ता ने व्याख्यान दे रहे डा. त्रिपाठी के मोटीवेशनल ब्याखान की सराहना की और कहा कि इससे छात्राओं की बुद्धि को वृहद रूप से निखारा जा सकेगा। लेक्चर के समय श्रीनाथ शुक्ल रामनाथ मिश्र, विजय कुमार शुक्ल आदि ने छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह विशेष व्याख्यान इंडस ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया।वहीं दूसरे व्याख्यान में छात्राओ को रणविजय सिंह द्वारा खुदरा व्यापार पर विशेष जानकारी दी गयी। रिटेल की व्यवसायिक शिक्षक त्रिलोचन ने भी बच्चों को से पढाये गये कोर्स से प्रश्न पूंछने के लिए प्रेरित किया गया। जीजीआई सी मुसाफिरखाना की प्रधानाचार्य श्रद्धांजलि ने भी व्याख्यान की सराहना की। कहा कि इससे छात्राओं का भविष्य उज्जवल होगा। वहीं पर मौजूद इंडस समन्वयक इमरान ने गेस्ट लेक्चर को सराहा। इस मौके पर शिक्षक राजेश मिश्र सहित तमाम छात्राएं मौजूद रही।

# नगर विकास मंत्री ने पडरौना नगर के धोबी घाट पोखरे का किया वर्चुअल शिलान्यास

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पडरौना नगर के स्वामी विवेकानंद वार्ड के अम्बे चौक के समीप स्थित धोबी घाट पोखरे के विकास कार्य का नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने वर्चुअल शिलान्यास किया। नपाध्यक्ष विनय जायसवाल के अगुवाई में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने अमृत 2 योजना के तहत पोखरे का शुभारंभ किये जाने पर क्षेत्रवासियों ने तालियाँ बजाकर स्वागत किया। वर्चुअल शिलान्यास के बाद पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ महाराज के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। पडरौना नगरपालिका के पोखरों का चयन होना हम सभी के लिए हर्ष का विषय है।

**○ जल संरक्षण के प्रति नगर पालिका गंभीर है : विनय जायसवाल**

उन्होंने घाटों के किनारे सीढ़ियों के विकास के लिए शासन द्वारा प्रथम किश्त जारी होने व टेंडर आदि प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि पोखरे के चारों तरफ सीढ़ियों के अलावा अत्याधुनिक लाइट, बैठने के लिए बेंच व किड्स पार्क का निर्माण कर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। जल संरक्षण के प्रति केंद्र व राज्य सरकार के विशेष ध्यान को बताते हुए उन्होंने कहा कि नगरपालिका प्रशासन जल संरक्षण के प्रति गम्भीर है। ऐसे जल निकायों का विकास कर न सिर्फ जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा बल्कि पर्यटन क्षेत्र में पडरौना आगे बढ़ेगा। चेयरमैन ने कहा कि बरसात पूर्व ही सीढ़ियों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्य किये जाने के लक्ष्य निर्धारित किया गया है ताकि बरसात मे किसी तरह की कोई दिक्कतों न हो। इस दौरान उनके साथ अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, ईओ सन्तराम सरोज, जेई रामबहादुर प्रसाद के अलावा निर्माण लिपिक राजकुमार यादव, महेंद्र चौधरी, अभय मारोदिया, सुनील गुप्ता, गोपाल लाटा, बृजेश शर्मा, सन्तोष चौहान, मनोज जायसवाल, नृपेंद्र पाण्डेय, राजेश जायसवाल, पंकज कुमार, रोहन विश्वकर्मा, गौतम गुप्ता, आकाश वर्मा, सचिन साहा, बालकृष्ण शर्मा, अमित तिवारी, आलोक विश्वकर्मा सहित नगरपालिका के अन्य कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सजी अमेठी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** श्रीधाम अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की हर संभव कोशिश अमेठी में भी की जा रही है। जन मानस पूरी तरह उत्साहित है नगर में चारों ओर तोरण द्वार बनाए गए हैं। पताका घर घर फहरा रही है सड़कों के किनारे ध्वज लगाकर आकर्षक साज सज्जा की गई है। ककवा रोड पर नवनिर्मित ओवर ब्रिज की भी सुंदर सजावट की गई है। पोल पर लाइट साउंड हॉर्न बंधे हैं जिनमे सुंदर संगीत और गीत बज रहे हैं। मंदिरों की भी आकर्षक साज सज्जा हुई है। भजन कीर्तन का दौर जारी है। हर व्यक्ति इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चाक चौबंद और सक्रिय है। वहीं 22 जनवरी को तरह तरह के आयोजन की भी तैयारियां की जा रही हैं।

## जोर शोर से चल रहा भाजपा का स्वच्छता अभियान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से 21 जनवरी तक चल रहे भाजपा के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कसया रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर परिसर की सफाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन की दिनचर्या है जहां सफाई रहती है वहां बीमारी नहीं आती इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं और सभी लोग यहां पूजा पाठ के लिए आते हैं इसलिए हमारा ये दायित्व है कि हर मंदिरों और देवालयों को हम साफ और स्वच्छ रखें साथ ही अपने घर और आस पास की जगहों को भी स्वच्छ रखना एक नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, राधेश्याम शुक्ला, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, गोविंद चौरसिया, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सही दिशा में सार्थक प्रयास के साथ जीवन में बढ़ाएं कदमः सुधा सिंह

**भेटुआ (अमेठी)।** क्षेत्र के भीमी स्थित पूरे तिहैत में पद्म श्री सम्मान प्राप्त सुधा सिंह की अगुवाई में श्री राम चरित मानस पाठ के साथ शुक्रवार को चौदहवें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। विगत चौदह वर्षों से लगातार हनुमान मंदिर पर हो रहे मानस पाठ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। खेल जगत में पद्म श्री अर्जुन पुरस्कार के साथ अनेकों पुरस्कार विजेता एवं वर्तमान में रेल कोच फैक्ट्री लालगंज में स्पोर्ट्स ऑफिसर पद पर तैनात पूरे तिहैत गांव की सुधा सिंह बीते लगभग चौदह सालो से लगातार हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के लोगों को आस्था विश्वास के साथ कर्तव्य पथ पर चलने की प्रेरणा दे रही है। दो दिनों के लिए गांव आई सुधा सिंह ने बताया कि पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी अनेकों अवसर विद्यमान हैं। बताया कि माता पिता के साथ समाज को भी बच्चों में उत्साह जगाने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए।

# भलुअनी के नकडिहा में पहुंची मोदी की गारंटी गाड़ी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भलुअनी विकास खंड के ग्राम नकडीहा में विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी पहुंचने पर क्षेत्र की जनता ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुद्रपुर विधानसभा के विधायक जयप्रकाश निषाद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक श्रेष्ठ भारत के निर्माण में इस यात्रा का महत्वपूर्ण योगदान है। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है कि कोई सरकार खुद जनता के दरवाजे तक पहुंच रही है तथा योजनाओं से वंचित लोगों को खोज खोज कर लाभान्वित कर रही है। सबका साथ और सबका विकास ही प्रधानमंत्री का सपना है जो साकार हो रहा है। भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में जय श्री राम का नारा गूंज रहा है पिछले 500 वर्षों की प्रतीक्षा फलीभूत होते हुए दिख रही है, यही मोदी की गारंटी है। सरकार की तमाम योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जीवन में खुशियां आई हैं। भाजपा की सरकार में महिलाओं का विशेष सम्मान बढ़ा है आज का नया भारत आत्मनिर्भर और विकसित भारत की तरफ लगातार अग्रसर हो रहा है। पूर्व जिला महामंत्री जितेंद्र पांडे ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के नेता कहते थे कि दिल्ली से 100 रुपया भेजा जाता है तो गांव तक आते आते 20 रुपया हो जाता है बाकी का पैसा बीच में ही भ्रष्टाचारियों द्वारा बंदरबांट कर लिया जाता था लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में किसान सम्मान निधि के रूप में दो हजार का दो हजार रुपया यानी शत प्रतिशत रकम सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रही है। जिला मंत्री महेश मणि ने कहा आज हर वर्ग मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है ये प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह ने किया।

# स्व. जियक्षा देवी की मनाई गई ग्यारहवीं पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता



स्व. जियक्षा देवी के चित्र माल्यार्पण करते

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय नगर पंचायत वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर में स्थित हनुमानगढ़ी फरदहा के प्रबंधक आशुतोष कुमार त्रिपाठी की माता स्वर्गीय जियक्षा देवी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनके पुण्यतिथि पर स्वर्गीय जियक्षा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

पुण्यतिथि पर ब्राह्मणों को अंग वस्त्र एवं नगदी देकर सम्मानित किया गया। भजन कीर्तन गायको द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। इसमें विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा कुशीनगर राणा प्रताप राव, संस्कृत विद्या प्रबोधिनी महाविद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य श्री प्रभुनाध पांडेय, संस्कृत विद्या प्रबोधिनी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रामनाथ पांडेय, डॉक्टर मनीष चंद उपाध्याय, माखन तिवारी, शिवनाथ पांडेय, संदीप मिश्रा, नीरज पांडेय, अरविंद शर्मा, प्रमोद कुमार तिवारी, रामगोपाल वर्मा, रामप्रवेश श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, हर्षित त्रिपाठी, कृष्ण मोहन मणि त्रिपाठी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## अयोध्या रामलला के आगमन पर रुद्र महायज्ञ प्रारंभ



**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद के तरकुलवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा भीसवा में अयोध्या में रामलाल की आगमन से पहले रुद्र महायज्ञ प्रारंभ हो चुका है। यज्ञ प्रारंभ होने से पहले कलश यात्रा बाबा बालक दास की अगुवाई में देवी घाट से प्रारंभ होकर नौतन हथियागढ़ होते हुए पिपराझाम होकर के यज्ञमंडप भीषवा धाम तक संपन्न हुआ।वहीं पर श्रद्धालुओं के द्वारा जय श्री राम के नारे के साथ हाथी और घोड़े से सुसज्जित कलश शोभायात्रा की चर्चाएं समस्त क्षेत्र में बनी हुई है। एक तरफ अयोध्या में रामलला के आगमन पर वर्तमान ग्राम प्रधान बाबा बालक दास व मठाधीश ने बताया कि यज्ञ 22 तारीख को जिस दिन राम लाल अयोध्या में विराजमान होंगे उसी दिन कुटी में यज्ञ का समापन होगा और समस्त क्षेत्रवासियों में प्रसाद वितरण व भोज कार्यक्रम भी होगा। उक्त अवसर पर मनीष गुप्ता समाज सेवी, पूर्व क्षेत्रि मंत्री डॉ जितेंद्र प्रताप राव, चुन्नू राव,ग्राम प्रधान शैलेश सिंह, बैरिस्टर, ग्राम सभा सचिव अजीत कुमार, दयानंद सिंह, अनेको श्रद्धालु उपस्थित थे।

# राजनैतिक दलों के साथ डीएम ने की बैठक मतदेय स्थलों के संशोधन की दी जानकारी




अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधान सभाओं के मतदेय स्थलों के नामो में किए गए संशोधन से सम्बंधित समस्त राजनीतिक दलों को अवगत कराने सम्बन्धी आवश्यक बैठक जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की गई। बैठक दौरान जनपद में अवस्थित समस्त विधान सभाओं के मतदेय स्थलों के नामों में अभियान चला कर किए गए संशोधन की जानकारी देते हुए संशोधित मतदेय स्थल सूची जो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपलब्ध कराई गई है उसे समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय दलों के जिलाध्यक्ष/मंत्री को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश सम्बन्धित को दिए गए। इस दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्राप्त हुए सभी प्रकार के फॉर्मो/फॉर्म 6, फॉर्म 7 सहित अन्य के सम्बन्ध में जानकारी मांगे जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 23 जनवरी 2024 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 जनवरी से मतदाता जागरूकता सम्बन्धी वैन जनपद में भ्रमण करेगी वैन में ईवीएम के साथ आमजन को जानकारी देने सहित मतदान हेतु जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने इस निमित्त सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा भी की गई।

## राम को झुठलाने वाले बहरूपियों से सावधान रहें

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत सदर सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी ने कसया रोड़ स्थित विद्या धर्म संजीवनी विद्यालय के प्रांगण में स्थित राम जानकी मन्दिर में साफ-सफाई किया। इस दौरान सांसद श्री त्रिपाठी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिये हुये आन्दोलन में अर्पण भी था तो तर्पण भी था, संघर्ष भी था तो संकल्प भी था। आज वो संकल्प पूरा होने जा रहा है। 22 जनवरी को वो ऐतिहासिक क्षण आने वाला है, जब हमारे भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजने जा रहे हैं। हमारे आराध्य के दर्शन टेंट में करने की दशकों पुरानी पीड़ा अब दूर होने जा रही है। अब प्रभु दिव्य और भव्य मन्दिर में विराजमान हो रहे है। इसलिये हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता देश के सभी तीर्थ स्थलों पर साफ-सफाई कर रहे है। भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्राण की पुनर्प्रतिष्ठा अब 22 को होने वाली है, इस दिन के लिये मेरा समस्त जनपदवासियों से आग्रह है कि अपने-अपने घर दीप अवश्य जलाये। उन बहरूपियों से सावधान रहें जो पहले राम झुठलायेंगे और फिर अपनायेंगे।

# साक्षात्कार के माध्यम से 103 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने अवगत कराया है कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला शुक्रवार को सरस्वती देवी महाविद्यालय, खड्डा बाजार में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं जिला सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक खड्डा विवेकानन्द पाण्डेय के द्वारा रोजगार मेला का शुभारम्भ किया गया है।

उन्होंने कहा कि ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला को रोजगार आपके द्वार व युवाओं के लिए अत्यन्त ही लाभप्रद बताते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कॉमना की तथा रोजगार मेला में चयनित अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। रोजगार मेला में अधिक से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किये तथा चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर अपने आकांक्षाओं को एक नई पंख दिये। रोजगार मेला में कुल 6 नियोक्ता कम्पनी क्रमशः नवोदित फाउण्डेशन, ब्राईट फ्यूचर एस0एन0 इन्स्टीयूट फार फिमेल, महिन्द्रा प्रा0लि0, ई-कार्ट, हिन्दुस्तान प्रा0लि0 ने प्रतिभाग किया है। उक्त रोजगार मेला में 322 अभ्यर्थियों ने विभिन्न नियोक्ता कम्पनीयों में साक्षात्कार दिये है। साक्षात्कार के माध्यम से कुल 103 अभ्यर्थीयों का रोजगार हेतु चयन किया गया है जिन्हे 10000 से 18000 तक सैलरी प्राप्त होगा। रोजगार मेला का संचालन डॉ0 दीपक मिश्रा, प्रधानाचार्य सरस्वती देवी महाविद्यालय खड्डा द्वारा किया गया। उक्त रोजगार मेला में नोडल प्रधानाचार्य दीपक कुमार यादव, नथुनी प्रसाद प्रजापति, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नौरंगिया (मेला प्रभारी) अमित मिश्रा प्रधानाचार्य सरस्वती निजी आईटीआई, पारस नाथ वर्मा वरिष्ठ कार्यदेशक, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह जिला कौशल प्रबन्धक, अभय श्रीवास्तव जिला कौशल प्रबन्धक विनय पाण्डेय डीपीएम, सेवायोजन विभाग से श्री जितेन्द्र जायसवाल एवं समस्त अधिकारीपूर्ण/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पत्रकार के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने पत्रकार धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, निवासी ग्राम व पोस्ट पिपरपाती, जनपद देवरिया की असामयिक मृत्यु पर उनकी पत्नी निकू मिश्र को उनके घर पर जाकर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के अंतर्गत राहत राशि स्वरूप पाँच लाख रूपये का चेक प्रदान किया। सदर विधायक एवं जिलाधिकारी ने शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री योगी पत्रकारों एवं उनके परिजनों के हर सुख-दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पांच लाख रुपये की राहत राशि प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त किया।

## विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आज द को विकास खण्ड परिसर भटनी, देवरिया में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया मेले का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख भटनी, श्री रमाशंकर यादव के कर कमलों द्वारा किया गया ब्लाक प्रमुख द्वारा युवाओ का उत्सावर्धन किया गया और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ से जुड़कर लाभ लेने हेतु युवाओ को प्रेरित किया गया तथा चयनित अभियार्थियो को नियुक्ति पत्र वितरित किए। रोजगार मेले में 217 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

# विधायक सीताराम वर्मा ने क्षेत्र वासियों की सुनी समस्याएं

**अवधनामा संवाददाता**

**लंभुआ, सुल्तानपुर।** विधायक लम्भुआ सीताराम वर्मा द्वारा सुबह 09-11 बजे अपने निवास अमहट मंडी मोड़ पर जनता दर्शन किया गया एवं सभी समस्याओ के निराकरण के लिए सम्बंधित विभाग को दूरभाष पर निर्देशित किया। उसके बाद विधायक द्वारा ग्राम पंचायत अलीपुर वि.ख. भदैयाँ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लिया गया। जहाँ पर भदैया ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा,सहायक विकास अधिकारी पंचायत, मण्डल अध्यक्ष राम मूर्ति वर्मा, मण्डल महामंत्री योगेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान श्री जय प्रकाश वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री एल के दूबे जी, पि.मो. जिला मंत्री भोला निषाद तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा भारी संख्या में ग्राम वासी आदि उपस्थित रहे। जनता जनार्दन को सम्बोधित करते हुए विधायक द्वारा कहा गया कि हमारे प्रधानमंत्री का यह संकल्प है की सबका साथ सबका विकास परन्तु जब तक इस देश के हर नागरिक का विकास नहीं हो जाता तब तक यह देश गौरव शाली एवं विकसित राष्ट्र नहीं हो सकता एवं जनता से आह्वान किया गया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठायें साथ ही स्वयं भी योजनाओं के प्रति अपने दायित्व एवं परिवार के भरण पोषण में परिवार के लिए शुद्ध दूध एवं सब्जी अत्यंत आवश्यक है गांव में रहने वाला हर व्यक्ति किसान एवं मजदूर होने के नाते कर सकता है। अतः वह अपने लिए शुद्ध दूध एवं सब्जी की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

संकल्प यात्रा कार्यक्रम के बाद विकासखण्ड लम्भुआ सभा कक्ष में आहुति समस्त आहुत बैठक समस्त भाजपा मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस को सम्बोधित किया। विधायक द्वारा अपने सम्बोधित में सभी ग्राम पंचायतो एवं देव स्थलों पर साफ सफाई साज सज्जा के लिए अनुरोध किया गया। सभी मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन करने तथा अयोध्या धाम में 22 जनवरी 2024 को संपन्न हो रहे श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखने एवं सुनने तथा प्रसाद वितरण कार्यक्रम की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शाम को भव्य दीपोत्सव मनाने का व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद विकासखंड लम्भुआ में जल जीवन मिशन के योजना के प्रचार प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर विधायक जी द्वारा रवाना किया गया। विधायक की द्वारा जनवरी नाथ धाम में सफाई किया गया तथा मंदिर परिसर में हो रहे रगाई पोताई साज सज्जा तथा अन्य कार्यों का निरिक्षण किया गया।विधायक जी द्वारा द्वारा 22 जनवरी 24 को 21000 दीप प्रज्वलित किया जाएगा तथा सभी विकासखंडों को 1100 दीप भिजवाया जा रहा है। उसके बाद पत्रकार बंधुओ के साथ प्रेस वार्ता की गयी उक्त बैठक आदि के विषय में बताया गया। उसके बाद बैतीखुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनता को सम्बोधित किया तथा हनुमान मंदिर परिसर में सफाई किया गया। अंत में साय 4:30 बजे ब्लॉक प्रमुख लम्भुआ श्री कुंवर बहादुर सिंह के पूज्य पिताजी की तेरहवीं में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# तुवन मन्दिर प्रांगण व मैदान में चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

- नगराध्यक्ष मनीष अग्रवाल को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर किया स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर राष्ट्र व्यापी धार्मिक स्थलों और तीर्थ क्षेत्रों पर चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में नगर में रहने बाले समस्त जनप्रतिनिधियों, जिला व क्षेत्र व नगर पदाधिकारियों श्रीतुवन मन्दिर प्रांगण एवं तुवन मैदान क्रीड़ा स्थल पर वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने तुवन मंदिर प्रांगण में सफाई लगा कर कूड़ा यथा स्थान इकट्ठा कर फिकवाने का काम किया। इसके अलावा तुवन मैदान क्रीड़ा स्थल में कई दर्जन कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से झाड़ू लगा कर सफाई करने का काम किया। इस अवसर पर कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी ने जानकारी दी कि बाईस जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मन्दिर में होने बाले भगवान श्री रामलला के पवित्र प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भारतीय जनता पार्टी का उच्च नेतृत्व राष्ट्रव्यापी तीर्थ एवं पवित्र स्थलों पर स्वच्छता अभियान चला रहा है। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी की दो हजार चौदह में मोदी की सरकार बनते ही पहला काम स्वच्छता मिशन का ही किया था। उन्होंने शहरवासियों से अपील की, कि बाईस तारीख को हम अपने घर और आस पास के साथ साथ पास के धार्मिक स्थलों पर भी स्वच्छता कार्यक्रम करें और रात में दीप भी जलायें। इस मौके पर पुनः नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर मनीष अग्रवाल का भी माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, पिछड़ा मोर्चा प्रान्तीय उपाध्यक्ष अनिल जैन अंचल, क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र गुरु, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, नगर प्रभारी दीपक वैद्य, संदीप सिंह बुन्देला, ध्रुव सिंह सिसोदिया, मोर्चा अध्यक्ष गण नीतेश संज्ञा, लक्ष्मी रावत, राजकुमारी बुन्देला, रुचि गुप्ता,रामेश्वरी सोनी, जगभान सिंह लोधी एड,अभिमन्यु लोधी, राहुल राजपूत, अरविंद सिंघई, नीलम सोनी, डा बालकिसन लोधी, हरेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, बन्टू सनातनी, वैभव गुप्ता,पृथ्वी सिंह, रामजी सिरौठिया, रुपेश साहू, अरस्तु उपाध्याय, नितिन ग्वाला, अनुराग शैलू, रवि साहू,दीपक सिंघई,आमिर खान,दीपक पाराशर, सचिन साहू आदि उपस्थित रहे।

# नेशनल हाई-वे पर लगेंगी सोलर ब्लिंकर



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद में घटित दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के सम्बन्ध में कलैक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विद्यालय यान समिति, सड़क सुरक्षा समिति एवं 23 जनवरी 2024 को मानव श्रृंखला के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक की गयी। जिसमें अध्यक्ष द्वारा एन.एच.ए.आई. को मार्गो पर सोलर ब्लिंकर लगवाने हेतु निर्देशित किया एवं जिला विद्यालय निरीक्षक व सहायक जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी को जनपद में संचालित स्कूली वाहनों की समय से फिटनेस कराने हेतु एवं 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को वाहन न चलाने हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सा विभाग को गुड सेमेरिटन योजना के प्रोत्साहन हेतु निर्देशित किया गया। मो0 कय्यूम सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सह सचिव जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति द्वारा पिछली बैठक की विभागवार अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी।

## आगामी कार्यक्रमों के मद्देनजर एसपी ने शहर में किया पैदल गश्त



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा आगामी भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस, जुमे की नवाज के दृष्टिगत कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मय पुलिस के साथ सदन साह से अभिलाषा पेट्रोल पम्प तक पैदल गश्त किया गया तथा व्यापारियों, आमजन मानस में सुरक्षा का भाव जागृत कर त्योहारों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया। एसपी द्वारा पैदल गस्त के दौरान व्यापारियों/ आमजन मानस से संवाद किया गया एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी तथा दुकानों पर स्वेच्छा से सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया कैमरे लगने से दिन व रात में होने वाले अपराध पर नजर रखी जा सकती है। जिससे अपराधियों के मन में भय का माहौल बना रहता है। किसी भी प्रकार की घटना के बारे में जानकारी प्राप्त होने पर डायल 112 व संबंधित थाने को सूचित करें जिससे अपराधियों के विरूद्ध समय से कार्यवाही की जा सकें। व्यापारियों व आमजन मानस में सुरक्षा का भाव जागृत कर त्योहारों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया। पैदल गस्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शशि भूषण, प्रभारी अभिसूचना ईकाई अंकित कुमार शुक्ला सहित अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# राशन कार्ड के सत्यापन को लेकर की गई समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह द्वारा बैठक में सर्वप्रथम माह फरवरी 2024 में नवीन ई-पॉस मशीनों व ई-वेइंग मशीन की स्थापना के दृष्गित मशीनों को सुरक्षित रखने तथा ई-वेइंग मशीनों की स्टैम्पिंग कराने हेतु सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह उक्त मशीनों का संरक्षण हेतु स्ट्रांग रूम की भांति स्थान की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा उचित दर विक्रेताओं की ट्रेनिंग हेतु कार्य-योजना तैयार करें। ई-वेइंग मशीनों की स्टैम्पिंग हेतु वरिष्ठ निरीक्षक बांट एवं माप विज्ञान को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि घटतौली की समस्या को समाप्त किए जाने हेतु इन वेइंग मशीन की स्थापना माह फरवरी 2024. से. सरकार द्वारा की जा रही है। राशनकार्डो के सत्यापन के सम्बन्ध में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि माह के अंत तक सभी ग्राम पंचायतों में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्डो का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त जो रिक्त ग्राम पंचायतें हैं, उनमें शीघ्र ही प्रस्ताव कराने हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं के प्रतिनिधि द्वारा यह बिन्दु उठाया गया कि ग्रामीण क्षेत्र की भांति नगर निगम क्षेत्र में भी मॉडल शॉप तैयार कराई जाए। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस बिन्दु पर भी कार्यवाही अतिशीघ्र सुनिश्चित कराई जाएगी। सिंगल स्टेज डिलीवरी से सम्बन्धित उचित दर विक्रेता व परिवहन ठेकेदारों के मध्य भी बैठक की गई जिसमें उचित दर विक्रेता के प्रतिनिधि द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई।

बैठक में अधोहस्ताक्षरी के अतिरिक्त सभी उप जिलाधिकारी गण, खण्ड विकास अधिकारी,जिला सतर्कता समिति के सदस्य, परिवहन ठेकेदार तथा उचित दर विक्रेता व उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बॉर्डर एरिया को एसपी ने किया चेक, दिये निर्देश

**ललितपुर।** गुरूवार की देर रात पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने आगामी भगवान श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा व राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के तहत अन्तर्राज्यीय म.प्र. सीमावर्ती चंदेरी बोर्डर थाना कोतवाली पर की जा रही सदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग का निरीक्षण किया गया तथा चेकिग में लगे समस्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जनपद के सभी बैरियर प्वाइंट पर दिन/रात्रि में निरन्तर चेकिंग की जायेगी। समस्त बैरियर प्वाइंटों पर रिकोर्ड रखने के लिये रजिस्टर बनाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# रेलवे स्टेशन को सजाकर किया गया भगवामय

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने 16 जनवरी को उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक सचिंदर मोहन शर्मा को 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन की साज- सज्जा कराने हेतु पत्र लिखा था। सांसद के पहल पर रेलवे प्रशासन ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से आ रहे महान साधु- संतो के अभूतपूर्व स्वागत को लेकर रेलवे स्टेशन को सजाने व चमकाने का काम पूरा कर लिया है। रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार को फूल व पूरे परिसर को भगवा कपड़े व फर्श पर मैंटिग से सजाया गया हैं।आने वाले साधू-संतो के ठहरने के लिए पुरुष प्रतीक्षालय को रेड कार्पेट लगाकर सुसज्जित किया गया है।वहीं अधिकारी विश्रामगृह की भी साज-सज्जा की गई है।स्टेशन परिसर में स्वागतकर्ता हेतु कुर्सी एवं एक नंबर प्लेटफार्म पर मैट लगाकर सुसज्जित किया गया है। बुधवार को देर शाम विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश, जिला प्रचारक आशीष, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार,भाजपा नेता रूपेश सिंह,मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी,प्रदीप यादव आदि ने रेलवे स्टेशन की तैयारी का निरीक्षण किया। देश के विभिन्न हिस्सों से रेलवे स्टेशन पहुंच रहे साधु संतों का यहां भव्य स्वागत किया जाना हैं।

# महिला से माफिया ने करा लिया फर्जी बैनामा

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** पूरा मामला थाना कटरा तहसील तिलहर का है जहां एक वृद्ध महिला से मगियाओ ने फर्जी अंगूठा लगवा कर महिला की जमीन अपने नाम कर ली महिला लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाने पर मजबूर है आवास और पेंशन का लालच देकर तहसील में जाकर उससे अंगूठा लगवा लिया कुछ दिन बाद पता चला तो उस महिला की जमीन किसी और के नाम हो चुकी है महिला मोहम्मदी बेगम उर्फ रानी का कहना है कि मुझे बहला फुसलाकर मेरी वृद्धा पेंशन और आवास बनवाने के लिए तहसील ले गए थे और कहा की गांव में रहो चलकर महिला काफी दिनों से गाजियाबाद में रह रही है लालच का झांसा देकर कागजों पर हमारे अंगूठे के निशान ले लाए महिला का मूल निवास थाना कटरा तहसील ऊखरी में है महिला मोहम्मदी बेगम अपनी जमीन को वापस लेने के लिए अधिकारियों के पास जाने लगी महिला का कहना है कि अगर हमारी कार्रवाई नहीं होती तो हम आत्मदाह करने पर मजबूर हो जाएंगे। वृद्ध महिला मोहम्मदी बेगम ने आरोप लगाया कि ग्राम उखरि थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर जिसमें इरफान खान पुत्र इकराम खान गांव के प्रधान भी हैं मुझे बला फैसला कर चल एवं कपट पूर्वक यह कहकर मेरी लड़की के घर कस्बा तिलहर ले गए की तुम्हारे गांव में एक आवाज दे दूंगा एवं विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन भी बनवा दूंगा तुम आराम से गांव में चल कर रहो अपने विश्वास में आकर तहसील में अंगूठे के निशान दे दिए उसके बाद पता चला कि उसकी जमीन का बैनामा हो चुका है दर्ज मुकदमे की विवेचना गैर जनपद की पुलिस से कराए जाने को लेकर खंडहर गांव की पीड़िता ने एसपी से की मुलाकात यूपी के शाहजहांपुर में जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव खंडहर की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने जलालाबाद कोतवाली में रामवीर पुत्र भगवत बड़े उर्फ वीरेंद्र पुत्र जोगिंदर जो की गुंडा व भू माफिया हैं। उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया था। लेकिन जलालाबाद पुलिस एवं खंडहर चौकी की पुलिस उपरोक्त दबंग से मिली हुई है दर्ज मुकदमे में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालकों के किए जाएंगे लाइसेंस निरस्तः डीएम




**अवधनामा संवाददाता**

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा माह जनवरी, 2024 की समीक्षा बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग एवं संभागीय परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि जनपद में स्थित मार्गो पर लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालकों पर लाइसेंस निरस्तीकरण, तेज गति से चलाने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे एवं राष्ट्रीय मार्गो पर ट्रैफिक लेन पर खड़े होने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करे जिससे कि अचानक होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि मार्गो के किनारे लगे हुए विद्युत पोलो पर रिफ्लेक्टिव टेप या रिफ्लेक्टिव कलर लगाना सुनिश्चित करे जिससे यात्रियों को रात्रि के समय पोल स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो जिससे मार्गो पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि मार्गो पर बने अवैध ढाबो पर गलत तरीके से खड़े वाहनों के चालको पर सख्त कार्यवाही की जाए एवं अवैध ढाबा संचालकों पर भी नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने एन.एच. ए.आई. और लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि मार्गो पर ब्लैक स्पॉट्स के अतिरिक्त ऐसे हॉट स्पॉट्स जहाँ भविष्य में घातक दुर्घटनाओं होने की संभावना हो उन्हें भी चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे, साथ ही निर्देशित किया कि मार्गो पर अवैध कट का चिन्हांकन कराते हुए उनको बन्द कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि आई.एस.आई./ बी.आई .एस. मानक वाले हेलमेट क्रय करने, हेलमेट का सही प्रकार से प्रयोग हेतु आमजनमानस को जागरूक करें। उन्होंने निर्देशित किया कि साईकिल एवं मैनुअल रिक्शा चालकों को रेट्रो रिफ्लेक्टिव स्टीकर लगाए जाने हेतु आमजनमानस को जागरूक करें, साथ ही मोटरयान चालान विनियम 2017 के बारे में उल्लिखित चालान विनियमो का प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करे।

## कार्यशाला में दूसरे दिन भी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोंच जालौन।** मुहल्ला नया पटेल नगर स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र पर तीन दिवसीय प्री प्राइमरी से सम्बंधित 52 सप्ताह के गतिविधि आधारित कलेण्डर मैनुअल पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की जा रही है जिसके दूसरे दिन ग्राम गोरा करनपुर प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक श्री वर्मा ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देते हुये कहा कि 52 सप्ताह के लिए तैयार समय-सारिणी के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जाएगा। पूर्व भाषा गणित एवं अन्य व्यवहारिक ज्ञान के लिए ज्ञान दिया गया उन्होंने ने आगे बोलते हुए कहा कि यह ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला है जिसमें कार्यकत्रियों को पूर्ण से आगे कार्य किस तरीके से केंद्र में बच्चों को विषयक अनुसार निपुण बनाना है उसे बताया गया है कलेंडर मैनुअल के अनुसार ही कार्य किया जाएगा। इस दौरान कंचन वैद्य साधना देवी ममता देवी माया देवी नीलम पार्वती कुशवाहा सुनीता शकुंतला उर्मिला वर्मा मीरा देवी रचना रेखा सीमा संगीता कमलेश कुमारी सहित सैकड़ों आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

# कड़ाके की सर्दी से गौशालाओं में अंतिम सांसें गिन रहीं गायें

**अवधनामा संवाददाता**

- ठंड से बीमार पड़ी तीन गायों की मौत, वीडियो वायरल
- ग्रामीणों ने कैमरे पर बयां की थी हक़ीक़त

**कोंच जालौन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद भी विकासखंड के अधिकारी गोशालाओं में रखीं गायों की देखभाल में भारी लापरवाही बरत रहे है। जिले में बनाई गई गोशालाओं में जानवरों को सर्दी से बचाने के लिए बेहतर इंतजाम नहीं हो सके हैं। कीचड़, गंदगी और अव्यवस्था के बीच गायें तड़प रही हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण शुक्रवार सुबह को ग्राम पंचायत ईंगुई खुर्द की गोशाला में देखने को मिला। जहां बदइंतजामी के चलते तीन गायों की ठंड से ठिठुर कर मर गयीं, जिसका वीडियो ग्रामीणों द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया है। ग्रामीणों ने एक बार फिर ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए गौशाला में दिन-प्रतिदिन हो रही गायों की मौत का जिम्मेदार मानते हुए कटघरे में खड़ा कर दिया है। विकासखंड कोंच के ग्राम पंचायत ईंगुई खुर्द के ग्रामीणों ने प्रधान व सचिव पर बड़ी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि लगातार बढ़ रही सर्दी और सर्दी से बचाव के इंतजाम नाकाफी होने के कारण ज्यादातर गौशाला में गायें बीमार पड़ रही हैं। उनका इलाज तक नहीं किया जा रहा है। जिससे गायें की दिन प्रतिदिन की मौत हो रही है। फिलहाल गौशाला में इस कड़ाके की सर्दी में जमीन पर विछाने के लिए कुछ नहीं डाला गया। ऐसे में गोवंश ठिठुर कर दम तोड़ रहे हैं। बता दें कि 2 दिन पूर्व में भी ग्रामीणों ने मृत गोवंशों के वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किए थे, वायरल वीडियो में खुले में पड़े मृत गोवंशों को कुत्ते नोंच-नोंच कर खाते हुए नज़र आ रहे है, यह उन जिम्मेदार अधिकारियों के लिए सवाल खड़े कर रहा है जो सिर्फ कागजों में गोवंश को बचाने का इंतजाम करते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** प्रदेश के मंत्री, मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व नानपारा के राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर व अन्य के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के निर्माणाधीन स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके पश्चात् स्मारक स्थल पर विकास परियोजना मन्दिर, घाट, महाराजा सुहेल देव की मूर्ति, भव्य द्वार, पार्किंग स्थल, बाउण्ड्रीवाल, हार्टिकल्चर एवं लैण्ड स्केपिंग, सभागार सहित अन्य निर्माण कार्यों का जायज़ा लेते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराएं। इस अवसर पर निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार निषाद, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा, सीओ सिटी राजीव कुमार सिसोदिया, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ जितेन्द्र, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## मरीमाता मन्दिर में आयोजित अखण्ड रामायण पाठ में सम्मिलित हुए प्रभारी मंत्री



**बहराइच।** जनपद भ्रमण पर आये प्रदेश के मा. मंत्री, मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद ने विधायक नानपारा राम निवास वर्मा के साथ अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित श्री राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में श्री मरीमाता मन्दिर पर आयोजित अखण्ड रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व मन्दिर परिसर पहुंचने पर प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने अन्य अतिथियों के साथ पूजा अर्चना की तथा मन्दिर परिसर में आयोजित अखण्ड रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री ने विधायक नानपारा, निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार निषाद तथा अन्य के साथ श्रमदान कर मन्दिर परिसर की साफ-सफाई की। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा व महसी के राकेश कुमार मौर्या, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, तहसीलदार महसी पीयूष श्रीवास्तव, ईओ प्रमिता सिंह सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दीवानी न्यायालय में 22 जनवरी को रहेगा अवकाश

**बहराइच।** जनपद न्यायाधीश बहराइच द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश के अनुसार दीवानी न्यायालय में 22 जनवरी 2024 को स्थानीय अवकाश रहेगा। जारी आदेश में इस बात की जानकारी दी गयी है कि 11 अक्टूबर 2024 को दुर्गा नवमी के एवज में पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर दीवानी न्यायालय में 22 जनवरी 2024 को स्थानीय अवकाश रहेगा।

## कांग्रेस नेता खालिद खान ने बाबा नूर शहीद लेदर क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर किया उद्घाटन-



**बल्दीराय,सुलतानपुर।** क्षेत्र के ग्राम सभा नन्दौली में 15 जनवरी से एक विशाल लेदर टूर्नामेंट बाबा नूर शाहिद के नाम से आयोजन हुआ है इस ग्राउंड पर आज कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता खालिद खान उपाध्यक्ष, बाबरपुर (दिल्ली) उपस्थित हुए और अपने सहयोगियों के साथ ग्राउंड पर फीता काटकर उत्साह बढ़ाया आए हुए मेहमान का खिलाड़ियों ने स्वागत किया खालिद खान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय लिया और कहा कि आप लोग खेल को खेल की भावना से खेलें मेहनत का प्रदर्शन करें जिससे आप सब की प्रतिभाएं बाहर निकाल कर आए और मेरा यहां पर उपस्थित सभी लोगों से निवेदन है की यह टूर्नामेंट पूरी ईमानदारी से खेला जाए और जो खिलाड़ी जितना अच्छा प्रदर्शन करें उसे उसी अनुसार सम्मानित किया जाए और इस टूर्नामेंट में मैं हर से सहयोगी हूं और सदैव सहयोगी रहूंगा बाबा नूर शाहिद खेल मैदान पर मुख्य अतिथि खालिद खान के साथ मोहम्मद कैफ, कमर उल्लाह उर्फ मोनू बीडीसी, सफीक अहमद लल्लन अहमद के साथ दोनों टीम के खिलाड़ी व सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।

## बुराई से दूर रहकर सत्मार्ग पर चलें बंदीः राज्यमंत्री

**ललितपुर।** कारागार एवं होमगार्ड विभाग स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने बन्दियों की समस्याओं को सुना तथा उनके निस्तारण हेतु कारागार अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने बन्दियों से वार्ता कर कहा कि आपके समाज विरोधी क्रिया कलापों से न केवल आपकी छवि धूमिल होती है बल्कि आपके सम्पूर्ण परिवार एवं नाते रिश्तेदारों की छवि भी धूमिल होती है और उन्हें मानसिक एवं सामाजिक रुप से लज्जित होना पड़ता है, इसलिए बुराईयों से दूर रहकर सत्मार्ग पर चलें। उन्होंने कहा कि जो युवा अपनी गलती की वजह से जेल में हैं, उन्हें अपराध से दूर कर अच्छे कार्यों की ओर अग्रसर करना हमारा दायित्व है, इस प्रकार के कार्यक्रमों से जेल में निरुध कैदियों में सुधार हो रहा है, उन्हें सकारात्मक प्रेरणा मिल रही है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-BCN-MX-124-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-ZBD-MX-107-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-UCR-MX-95-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-RDL-MX-90-23-3 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-GNG-MX-85-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | Parking-LKO-ABP-MX-91-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 13:20 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 211/2024

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर समीक्षा बैठक

**मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर की गयी समीक्षा बैठक में अनुपस्थित खण्ड विकास अधिकारी मौदहा का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश**

- बैठक में अनुपस्थित खण्ड विकास अधिकारी मौदहा का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश
- उपकृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी से खराब प्रगति के कारण स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक से अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी मौदहा का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए तथा कृषि विभाग में खराब प्रगति पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्यो/योजनाओं की प्रगति की रैंकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड योजना सरकार व आम जनता के विश्वास को बनाये रखने के लिये लांच किया गया हैं। इसमें सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैंकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें । जनपद की किसी भी पैरामीटर में रैंक प्रभावित न होने पाए इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने खराब प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विभागों यथा कृषि विभाग, ग्राम विकास विभाग,उद्योग विभाग, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, पर्यटन पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, पशुपालन, प्रोजेक्ट अलंकार, पीडब्ल्यूडी आदि की समीक्षा करते हुई प्रगति में सुधार करने के निर्देश दे। उन्होंने कहा की प्रगति में सुधार न पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहें।

# सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव, हादसे में मौत की आशंका

अवधनामा संवाददाता

**राठ हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव निवासी एक वृद्ध का हमीरपुर मार्ग पर श्यामला देवी गेट के पास शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची राठ कोतवाली पुलिस ने शव को सीएचसी पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। राठ कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव निवासी नंदकिशोर अहिरवार उर्फ नंदू 52 वर्ष पुत्र सरजू अहिरवार के दो पुत्र आनंद और धर्म सिंह हैं। नंदू के दोनों के पुत्र दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। नन्दकिशोर उर्फ नंदू औंता गांव में अकेला रहता था। नंदकिशोर उर्फ नंदू के भतीजे नारायन दास पुत्र काशीराम ने बताया कि उनके चाचा के पास कुछ साल पहले जमीन का पट्टा था। चाचा ने पट्टा बेच दिया था। बताया कि पट्टे के जमीन पर लगे कुछ पेड़ कटवाने के बाद नंदू गांव के कुछ लोगों के साथ पेड़ों की लकड़ियों को बेचने के लिए राठ आया था। लकड़ी बेचने के बाद उसके साथी वापस गांव लौट गए और नंदू राठ में काम होने की बात कहते हुए गांव नहीं पहुंचा। जिसके बाद हमीरपुर रोड स्थित श्यामला देवी गेट के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसके चाचा नन्दकिशोर उर्फ नन्दू जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया कि आज दिन में राहगीरों ने राठ कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस नंदू के शव को लेकर सीएचसी पहुंची जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पहचान कराने के बाद जब उसके परिजनों को खबर लगी तो वह सीएचसी पहुंचे। मृतक के भतीजे नारायन दास ने राठ कोतवाली में अज्ञात वाहन द्वारा उसके चाचा को टक्कर मारने और मौत हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## चाकू से युवक ने खुद का गला रेता, भर्ती

**बांदा।** तीन वर्ष से परदेस में रहकर काम करने वाला युवक वहां बीमार हो गया। खबर पाकर पिता वहां पहुंचे और युवक को घर लेकर आ गए। घर में शुक्रवार की सुबह युवक ने चाकू से खुद का गला रेत लिया। परिजनों ने देखा तो लहूलुहान हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के लोधौरा मोहल्ला निवासी सिराज 20 पुत्र छुट्टू तीन वर्ष से सूरत में रहकर काम करता था। वहां काम करने के दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई। परिजनों को सूचना मिली तो पिता छुट्टू सूरत पहुंचा और सिराज को घर वापस ले आया। वहां पर उसका घरेलू उपचार करने के साथ ही झाड़फूंक कराई गई। लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार की सुबह सिराज कमरे के अंदर गया और वहां पर चाकू से खुद का गला रेत लिया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का पार्टी नेताओं ने किया जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** बुंदेलखंड के हमीरपुर जनपद में सैकड़ों गाड़ियों का काफिला लेकर पहुंचे पूर्व मंत्री व जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बाबू सिंह के साथ चल रही हजारों की भीड़ का जगह जगह स्वागत किया गया। ये यात्रा जालौन जनपद से शुरू हुई फिर हमीरपुर पहुंची जहां से भरुआ सुमेरपुर होते हुए कुंडौरा, विबार, मुस्करा होते हुए राठ पहुंची। बाबू सिंह कुशवाहा के साथ चल रहे सैंकड़ों वाहनों के काफ़िले से एक अलग संदेश जाता हुआ दिख रहा है। कहीं न कहीं बाबू सिंह कुशवाहा के समर्थन मे उमड़ रही भीड़ आगामी 2024 के चुनावों मे कुशवाहा के समर्थन मे एक बड़ा संदेश देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब, कांशीराम, ज्योतिबा फुले के विचारों पर जन अधिकार पार्टी कों लेकर चल रहे हैं। बाबू सिंह कुशवाहा ने बताया कि 18 जनवरी से उन्होंने बुंदेलखंड के जालौन जनपद से जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के नारे के साथ भागीदारी यात्रा का शुभारंभ किया है। ये बुंदेलखंड के सभी सातों जनपदों मे जाकर लोगों मे जागरूकता लाने का काम करेगी साथ ही उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड होने के बावजूद उनके साथ भागीदारी यात्रा मे खासी भीड़ उमड़ रही है। जिससे ये साफ संदेश जा रहा है कि उन्हे खासा समर्थन मिल रहा है। उनके साथ चल रही भीड़ के बारे मे जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये उनके समर्थक हैं जो उनके साथ स्वेच्छा से चल रहे हैं।

## शराब के नशे में छात्र ने फांसी लगाई, जान बची

**बांदा।** शराब के नशे में छात्र ने गुरुवार की शाम को इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट लिखी। इसके बाद उसने खेत में बने कमरे में रस्सी से गले में फंदा कस लिया। गनीमत रही कि भाई ने पोस्ट देखती और परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गया। फंदा काटकर छात्र को नीचे उतारा, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के जौहरपुर गांव निवासी सूरज 17 पुत्र बब्बू शहर के बिजलीखेड़ा मोहल्ले में स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 10 का छात्र है। वह मकर संक्रांति पर्व पर अपने गांव आया हुआ था। गुरुवार की शाम को वह अपने खेत स्थित कमरे में था। तभी उसने इंस्ट्र्ग्राम पर पोस्ट लिखी कि मै सुसाइड करने जा रहा हूं, मम्मी, पापा गुड बाय। इसके बाद छात्र ने रस्सी से फांसी लगा ली। इसी दौरान भाई विकास ने पोस्ट देखती तो परिजनों को बताने के बाद वह मौके पर पहुंचा।

# मौदहा में लेखपालों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा के लेखपालों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि शासनादेश के अनुसार तमाम जिम्मेदारी पूर्ण कार्य करने के बावजूद लेखपालों की उच्चाधिकरियों द्वारा समीक्षा बैठकों में हतोत्साहित किया जा रहा है। लेखपालों ने कहा है कि प्रत्येक लेखपाल को एक समय में एक गांव ही प्रदान किया जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित गाटों से अधिक गाटे प्रदान न किये जाएं। रविवार व सार्वजनिक अवकाश के दिन लेखपालों को सर्वे हेतु बाध्य न किया जाए। एग्रीस्टैग के संचालन में आई जी आर एस, तहसील दिवस व अन्य प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण तथा रियल टाइम खतौनी के कार्य हेतु बाध्य न किया जाए । प्रार्थना पत्रों को निस्तारण राजस्व निरीक्षक से कराया जाए। खरीफ की फसल की पड़ताल का एग्रीस्टैंक का मानदेय जिला में प्राप्त हो चुका है। इसके बावजूद तहसील मौदहा में इसका भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसका भुगतान अतिशीघ्र कराया जाए अन्यथा संस्था सर्वे का कार्य बन्द करने के लिए बाध्य होगी। क्रॉप कटिंग का मानदेय दिनांक 24/03/2023 से तहसील स्तर पर लम्बित है जिसका भुगतान अतिशीघ्र कराया जाए। सर्विस बुक से मिलान करके फीड किया जा प्रमाणित छायाप्रति भी लेखपालों को उपलब्ध कराई जाए। विशेष परिस्थिति में लेखपाल के अवकाश को स्वीकार किया जाए।

## खिलाड़ियों का अभिनंदन समारोह आयोजित

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रेणुकूट में में यूटिलिटीज विभाग की तरफ से ऑडिटोरियम में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विभाग की तरफ से विभिन्न खेलों में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ अधिकारियों- पर्यावरण विभाग के प्रमुख- मुकेश मित्तल, प्रोजेक्ट्स विभाग के प्रमुख- बीपी शर्मा, स्टोर हेड- संजीव गुप्ता, ब्वॉयलर एंड को-जेनरेशन विभाग के प्रमुख- कैलाश प्रधान, विवेकानंद, लैब प्रमुख- सुनील मिश्रा, एचआर विभाग के राजेश इंदौलिया, आरती सोनावणे समेत अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई व राम धुन पर एक मनमोहक प्रस्तुति का भी आयोजन किया गया। विभिन्न नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों के साथ ही शुभम, रोहित, विभव द्वारा अनपढ़ बीवी नामक लघु नाटिका का भी प्रस्तुतिकरण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक के गुप्तांग में मारा, मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** खेल खेल में उपजे विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक के गाल में काटने के साथ ही गुप्तांग में मार दिया।जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा डेरा निवासी शनि पुत्र छिददन ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह बालीवाल खेल रहा था।तभी गांव का शादाब पुत्र सोनी आया और खेलने को लेकर विवाद करने लगा और गाली गलौज करते हुए मेरे गाल में काट लिया और गुप्तांग पर भी मार दिया जिससे गंभीर चोटें आई हैं।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

### मौदहा में वीडियो काल द्वारा महिला से अश्लीलता

**हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपने ही गांव के युवक पर वीडियो कॉल द्वारा अश्लीलता करने एवं विरोध करने पर आरोपी द्वारा जान माल की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने कोतवाली मौदहा में तहरीर देकर बताया है कि गांव का ही शबीब उर्फ बउआ पुत्र अज्ञात उसे वीडियो कॉल कर अश्लील हरकतें करते हुए अपना गुप्तांग दिखता है और पीड़िता से भी अपने गुप्तांग दिखाने के लिए का दबाव बनाता है। पीड़िता ने जब आरोपी की इस हरकत का विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बकरीदिया इस्लामिया स्कूल चोपन में जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन



**चोपन /सोनभद्र।** गुरुवार की देर शांय स्थानीय नगर के अवकाश नगर स्थित बकरिदिया इस्लामिया स्कूल के सहन में ख्वाजा गरीब नवाज के 812 वें उर्स ए मुबारक पर जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ औलमा व इकराम ने शिरकत की। खुशुशे खिताब हजरते अल्लामा मौलाना शगीर साहब किबला ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की बयानात की आगाजे जलसा मदरसे के बच्चों ने किया जलसे का संचालन मस्जिद के पेश इमाम सद्दाम हुसैन किबला व मौलाना गुलाम रब्बानी क़िब्ला ने गरीब नवाज की शान में मनकबत के अशआर पेश किया । वही अंत में मुस्लिम बन्धुओं ने मुल्क में अमन ,चैन व शांति के लिए दुआएं मांगी गई इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद,सेक्रेटरी महफूज़ आरिफ, हाजी ग्यासुद्दीन , नजमुद्दीन ईदरीशी, सलीम खान,सरफुद्दीन, चिराग अली, सुहेब अहमद,मुबारक भाई, बरकत अली ,समसुद्दीन , सहित सैकड़ों की संख्या मे मुस्लिम बन्धु मौजूद रहे ।

### सदर विधायक ने लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र




**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने सदर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत डिंगवाही और ग्राम पंचायत कतरावल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता जी, मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला सदस्य जिला पंचायत सदाशिव अनुरागी ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहित गुप्ता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र राजपूत मंडल महामंत्री अमरमणि तिवारी मंडल उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष बाबू यादव ग्राम प्रधान डिंगवाही राम औतार वर्मा ग्राम प्रधान कतरावल विद्यानंद गणेश राजपूत प्रधान महुआ बेटेलाल श्रीवास, मनमोहन राजपूत सहित ग्राम वासी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# सोते समय आग से जलकर वृद्धा की जिंदा जलकर मौत

अवधनामा संवाददाता

- बिसंडा थाना क्षेत्र के अजीतपारा गांव में हुई घटना

**बांदा।** बेटियों की शादी हो जाने के बाद घर में अकेले रह रही वृद्धा गुरुवार की रात को आग जलाने के बाद बिस्तर लगाकर सो गई। आग ने बिस्तर के बाद वृद्धा के कपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वृद्धा की जिंदा जलकर मौके पर ही मौत हो गई। सुबह पड़ोसियों ने घर के अंदर से धुआं उठता देखा तो मौके पर पहुंचे, वहां पर वृद्धा जलकर मरी पड़ी हुई थी। पड़ोसियों ने मृतका की बेटियों को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कागजी कार्रवाई की है।

बिसंडा थाना क्षेत्र के अजीतपारा गांव निवासी रजुलिया 65 पत्नी स्व. रजुवा ने गुरुवार की रात को कमरे के अंदर आग जलाई, फिर बिस्तर लगाकर सो गई। आग ने बिस्तर के बाद रजुलिया के कपड़ों को भी अपने चपेट में ले लिया। इससे वृद्धा की जिंदा जलकर मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों ने वृद्धा के घर के अंदर से धुआं उठता देखा। मौके पर पहुंचकर देखा तो वृद्धा मृत पड़ी हुई थी। पड़ोसियों ने मृतका की बेटियों को सूचना दी। थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पारिवारिक भतीजे जगदीश प्रसाद ने बताया कि रजुलिया की तीन बेटियां हैं, उनकी शादी हो चुकी है। वृद्धा अपने घर में अकेले रहती थी।

# प्रगति बनी मिस इंडिया क्वीन ऑफ हार्ट्स सीजन-6 की विजेता

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) परिवार की प्रगति सिंह ने हाल ही में नोएडा में आयोजित मिस इंडिया क्वीन ऑफ हार्ट्स सीजन-6 प्रतियोगिता के खिताब को जीता है। सिंगरौली में पली-बढ़ी प्रगति के पिता श्री सुधीर कुमार नेगी एनसीएल के ब्लॉक-बी क्षेत्र के कर्मी है एवं माता जी श्री भारती नेगी ग्रहणी हैं । मूल रूप से प्रगति का परिवार उत्तराखंड के पौढ़ी गढ़वाल का रहने वाला है।

प्रगति ने सिंगरौली के क्राइस्ट ज्योति से शुरुआती शिक्षा प्राप्त की है। उन्होने भोपाल के ओरिएंटल कोलेज ऑफ टेक्नालजी से इंजीनिरिंग की पढ़ाई की है। वर्तमान में वे मशहूर आईटी कंपनी केपजेमनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में पदस्थ हैं। प्रगति बताती हैं कि उनके माता-पिता ने उन्हे स्वतंत्र रूप से जीवन में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना सिखाया है। यह सिद्धान्त उनके जीवन को निरंतर मार्गदर्शन देता है। वे बताती है कि बचपन से ही हमेशा राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने का सपना रखती थी।

पूरे भारत से स्क्रीनिंग के पश्चात अलग-अलग प्रांतो से 17 प्रतियोगियों को इस विशिष्ट श्रेणी के लिए एमआईक्यूएच फाइनलिस्ट 2024 के रूप में चुना गया था द्य आत्म विश्वास से लबरेज प्रगति युवा लड़कियों को यह संदेश देती हैं कि अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए वें कड़ी मेहनत करें और कभी हार न मानें, हमेशा अपने सपनों का पीछा करें जब तक कि उन्हें हासिल न कर लें।

गौरतलब है कि शुरू से ही पढ़ाई के अलावा खेल, गायन, नृत्य प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न गतिविधियों के प्रति रुझान रखने वाली प्रगति एनसीएल द्वारा मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आयोजित होने वाली आरोहण शिविर में सक्रिय रूप से भाग लेती रही हैं।


# सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक ट्रक यार्ड पर आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि और कार्यखाना प्रबंधक संदीप हेवरेकर जी द्वारा सभी को कार्यखाना एवं सड़क सुरक्षा नियम के बारे में जानकारी अवगत कराई और सभी से इसका पालन करने का अनुरोध किया। सेफ्टी हेड राजाराम चौधरी जी ने सड़क सुरक्षा के बारे में अपने अनुभव सभी के साथ में साझा किया एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए सभी को प्रतिबद्ध किया से जिससे सड़क पर होने वाली दुर्घटना में कमी लाया जा सके। एआरटीओ सोनभद्र धनवीर यादव जी एवं आरआई आलोक यादव जी द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला गया और नियमानुसार वाहन चलाने का अनुरोध किया गया। प्लांट लॉजिस्टिक्स हेड थलराज सिंह जी ने सड़क सुरक्षा सप्ताह का महत्व और उद्देश्य समझाया और साथ में सड़क सुरक्षा सप्ताह के 6 दिवसीय कार्यक्रम में क्या-क्या किया जाएगा जिसमें ड्राइवर भाइयों की हेल्थ चेकअप, वाहन निरीक्षण, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक आदि बताते हुए सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया।इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथि विश्वनाथ प्रताप सिंह चोपन थाना अध्यक्ष एवं राजेश सिंह डाला चौकी इंचार्ज पंकज पोद्दार, प्रशांत त्रिपाठी ,नितिन तालुकदार,अमित मिश्रा, विनीत तोमर एवं सभी ट्रांसपोर्ट एवं वाहन चालक उपस्थित रहे।

# अभिषेक चौबे हुए भारतीय युवा कांग्रेस पूर्वी जोन उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।**भारतीय युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सूरज वर्मा ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस के हुए चुनाव में भारतीय युवा कांग्रेस पूर्वी जोन उत्तर प्रदेश के रिजल्ट आने के पश्चात प्रदेश की कमेटी जिला कमेटियों का रिजल्ट जो दिनांक 14.1.2024 को आ गया था जिसमें पूर्वी जोन के अध्यक्ष पद पर अपने जोन में तीन लोगों का नाम चल रहा था जिसमें विशाल सिंह, अभिषेक चौबे व प्रदीप ठाकुरई ये तीन लोग अध्यक्ष की रेस में थे, बृहस्पतिवार को पत्र के माध्यम से जानकारी मिली की अपने जनपद सोनभद्र के साथी अभिषेक चौबे जी महासचिव भारतीय युवा कांग्रेस को, युवा कांग्रेस उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन का उपाध्यक्ष बनाया गया, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बड़े भाई श्रीनिवासन बीवी जी द्वारा अभिषेक चौबे जी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, अभिषेक चौबे जी को युवा कांग्रेस का पूर्वी जोन का उपाध्यक्ष बनने पर जनपद सोनभद्र के सभी युवा साथियो के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है, अभिषेक चौबे जी के युवा कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनने पर हम सभी लोग मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे और जनपद के नौजवान बेरोजगार युवाओं की आवाजों को उठाने का काम करेंगे,हम सभी युवा कांग्रेस के साथियों द्वारा युवाओं बेरोजगार लोगो का हक की लड़ाई लड़ने का काम करेंगे।

## युवती समेत दो लोगों ने खाया जहर, भर्ती

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के महुआ गांव निवासी रेखा 35 पत्नी सुरेश ने अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार की रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। हालत खराब होने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एक अन्य घटना में नगर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी मुकेश 27 पुत्र रामकृपाल ने गुरुवार की रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। उसको भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# फिर एक बार मोदी सरकार दीवाल पर चिन्ह पेंट कर लगाए नारे

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा सोनभद्र द्वारा घोरावल विधानसभा के बूथ सं0- 424 पुसौली पर राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड व भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने अबकी बार मोदी सरकार स्लोगन लिखकर दीवाल लेखन का शुभारंम्भ किया।

राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में समाज का हर वर्ग लाभान्वित हुआ है, मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है 2014 से लेकर अब तक तमाम योजनाओं के माध्यम से विकास की किरण अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। भौतिक विकास से लेकर आध्यात्मिक धरोहरों तक के विकास व पुनरोद्धार का कार्य तेजी से चल रहा है जिसका उदाहरण देश भर मे बन रही सड़के विश्वविद्यालय, चिकित्सा विश्वविद्यालय सहित अनेको विकास परियोजनाएं है साथ ही साथ भगवान राम का भव्य मंदिर अयोध्या मे बनकर तैयार है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को मोदी जी कर कमलों द्वारा होनी सुनिश्चित है। हम सभी पुनः मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कहा कि जनपद के प्रत्येक बूथ तक दीवाल लेखन का कार्य किया जाना है, जनप्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख जिला पदाधिकारी व मण्डल प्रभारी मण्डल अध्यक्ष व बूथ तक के पदाधिकारियों को अपने द्वारा दीवाल लेखन का कार्य करना है, और मोदी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा हर गांव नही अपितु हर परिवार के प्रत्येक व्यक्ति तक कि जा रही है जनता भी मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साहित है। विन्ध्य कारीडोर मां विन्ध्यवासिनी कारीडोर सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों को नई पहचान देकर मोदी जी ने देश को विश्व पटल पर स्थापित किया है। निश्चित ही इस देश को मोदी जी जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है और हम सभी पुनः 2024 लोकसभा चुनाव मे भाजपा का परचम लहराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश चौबे, संतोष शुक्ला, सुनिल सिंह, अजय मिश्रा, विशाल पाण्डेय, अनूप तिवारी, विनय श्रीवास्तव, विनित तिवारी, बीएन गुप्ता, बृजेश श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, मनीष अग्रहरी, कैलास तिवारी, अतुल पाण्डेय, अजय पाण्डेय घमडी प्रभाशंकर मिश्रा सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस की रूप-रेखा निर्धारित

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी,2024 को जनपद में भव्य तरीके से मनाये जाने हेतु कार्यक्रमों की रूप-रेखा निर्धारित की गयी है, उन्होंने बताया कि 26 जनवरी,2024 को प्रातः 08.15 बजे लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह के सामने नेहरू पार्क शहीद स्मारक पर माल्यार्पण का कार्यक्रम किया जायेगा, जिसके संयोजक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज सोनभद्र होंगें, प्रातः 08.30 बजे समस्त सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण,राष्ट्रगान तथा संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण समस्त कार्यालयाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा, प्रातः 09.15 बजे क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन विशिष्ट स्टेडियम तियरा में किया जायेगा, क्रास कन्ट्री रेस को उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा, जिसके संयोजक युवा कल्याण अधिकारी, क्रीड़ा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी होंगें, प्रातः 09.30 बजे पुलिस लाईन सोनभद्र मे कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, प्रातः 10.00 बजे समस्त शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज का रोहण किया जायेगा, प्रातः 10.30 बजे शिक्षण संस्थाओं में खेल-कूद, साईकिल रेस आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, मध्यान्ह 12.00 बजे जिला चिकित्सालय सोनभद्र में मरीजों को फल का वितरण किया जायेगा, इस कार्यक्रम के संयोजक मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक होगें, अपरान्ह 01.00 बजे ग्राम परासी दूबे में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 महादेव चैबे के स्मारक पर माल्यार्पण किया जायेगा, उक्त कार्यक्रम के संयोजक उप जिलाधिकरी सदर, जिला उद्यान अधिकारी, खान अधिकारी, चन्द्र कान्त शर्मा एडवोकेट होगें, इसके साथ ही सभी नगरीय निकायों, मलीन बस्तियों में साफ-सफाई भी कराया जायेगा, स्वर्ण जयन्ती चैक चैराहे पर लाउडस्पीकर के माध्यम राष्ट्रीय गीतों का प्रसारण किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/शहीदों से जुड़े स्थानों पर साफ-सफाई आदि की व्यवस्था जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा करायी जायेगी।



# अलौकिक, अद्वितीय अयोध्या

## समग्र विकास

₹31 हजार करोड़ की
विकास परियोजनाओं से संवर रही अयोध्या

₹1,919 करोड़ से जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 4 खंडों का दोहरीकरण

₹1,463 करोड़ से महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम

₹241 करोड़ से अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

₹845 करोड़ से राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक) का निर्माण

₹246 करोड़ से राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या का निर्माण

₹75 करोड़ से बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण

₹68 करोड़ से भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्री राम जन्मभूमि तक) का निर्माण

चौरासी, चौदह एवं पंच कोसी परिक्रमा पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण


महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम


अयोध्या धाम जंक्शन


महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल


सूर्य कुण्ड द्वार

₹67 करोड़ से महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी)

₹65 करोड़ से धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक) का निर्माण

₹45 करोड़ से एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार से टेढ़ी बाजार होते हुए श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन रोड का निर्माण

₹41 करोड़ से श्रीराम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि तक) का निर्माण

₹37 करोड़ से कलेक्ट्रेट परिसर में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन पार्किंग का निर्माण

₹34 करोड़ से पुलिस कर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण

₹20 करोड़ से अयोध्या-सुलतानपुर एनएच-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क का निर्माण

₹17 करोड़ से सोहावल क्षेत्र के पिखरौली ग्रामसभा में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना

₹17 करोड़ से अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश